Sharma Hardware
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 340 | गुवाहाटी | रविवार, 9 जुलाई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की तीन दिवसीय बैठक संपन्न पेज 3
तेलंगाना के लोगों के लिए घातक हैं कांग्रेस-बीआरएस : मोदी पेज 4
कार्यकर्ताओं को सियासी गुर सिखा कर तेलंगाना गए मोदी पेज 5
जनता जानती है सीएम गहलोत के राहत के पिटारे की असलियत : मंत्री शेखावत पेज 8

## यदि आप पानी चाहते हैं, तो पाइप फटने के लिए रहें तैयार : सीएम



**गुवाहाटी।** शहर में जिस समय बार-बार पानी की पाइपलाइन फटने से लोगों के दर्द का कोई अंत नहीं दिख रहा है, उसी समय राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि ऐसी घटनाओं में कुछ भी नया नहीं है और कोई भी इसे रोक नहीं सकता है। यह बयान स्पष्ट रूप से शनिवार को शहर में दो महीने के भीतर हुई पानी की पाइप फटने की 10वीं घटना के बाद आया है। शहर में पानी की कई पाइपलाइन फटने की घटनाओं पर ध्यान देते हुए सीएम शर्मा इसकी तुलना देश के बाकी हिस्सों से की। उन्होंने कहा कि दिल्ली, केरल और देश के अन्य कुछ और हिस्सों में पानी की पाइपलाइन फटती है। उन घटनाओं को सीएम ने असम की तुलना में अधिक भयावह बताया। उन्होंने कहा कि एससीएडीए (पर्यवेक्षी नियंत्रण और सूचना खरीद) का उपयोग करके इस मुद्दे को हल करने के लिए एक तार्किक रणनीति सरकार द्वारा बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि एससीएडीए तकनीशियनों को पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि जल वितरण प्रणाली में मापदंडों की सही समय पर निगरानी और नियंत्रण किया जाए। उन्होंने आगे बताया कि केरल में पानी की पाइपलाइन फटने के लगभग 22,000 मामले हैं। इसी तरह, दिल्ली में भी पानी की पाइपलाइन फटने की घटनाएं होती रहती हैं, इसे कोई नहीं रोक सकता, लेकिन, इस पर काबू पाने के लिए एक वैज्ञानिक तरीका है, जिसे *स्काडा* कहा जाता है। स्काडा एक नियंत्रण प्रणाली है, जिसमें कंप्यूटर, नेटवर्क डेटा संचार और मशीनों और प्रक्रियाओं के उच्च-स्तरीय पर्यवेक्षण के लिए ग्राफिकल यूजर इंटरफेस भी होते है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यदि किसी भी प्रकार की पाइपलाइन फटने की घटना होती है, तो एससीएडीए तकनीशियनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे घटनाओं की निगरानी कर रहे हैं ताकि कोई मानव हताहत न हो। सीएम शर्मा ने यह भी उल्लेख किया कि अगर गुवाहाटी में लोग जल आपूर्ति सुविधाओं का उपयोग करना चाहते हैं तो उन्हें ऐसी घटनाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि जब मैं छोटा बच्चा था तब से मैंने गुवाहाटी शहर में ऐसी कई घटनाएं देखी हैं; पानी की पाइपलाइन फटने से कोई नहीं रोक सकता. लेकिन क्षति सबसे -शेष पृष्ठ दो पर

## पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में भारी हिंसा, 16 लोगों की हत्या

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शनिवार को मतदान के दौरान राज्यभर में 100 से अधिक स्थानों पर हुई हिंसा में कम से कम 16 लोग मारे गए। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। जान गंवाने वाले 16 लोगों में से तृणमूल कांग्रेस के 09, सीपीएम के 02, आईएसएफ के 01, भाजपा के दो और कांग्रेस के दो लोग शामिल हैं। हालांकि राज्य चुनाव आयोग ने सिर्फ तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। सुबह 07 बजे मतदान शुरू होते ही मुर्शिदाबाद जिले में तीन लोगों की हत्या की खबर आई। उसके बाद मालदा में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता की हत्या हुई। कूचबिहार के दिनहटा में भाजपा कार्यकर्ता को मौत के घाट उतारा गया जबकि नदिया, बर्दवान, उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना में भी हत्या की घटनाएं सामने



आती रहीं। हालांकि राज्य के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा मतदान शुरू होने के तीन घंटे बाद दफ्तर पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले राज्य चुनाव आयोग के दफ्तर में एक दर्जन से अधिक लैंडलाइन लगातार बजते रहे, लेकिन शिकायतें नहीं सुनी गईं। उसके -शेष पृष्ठ दो पर

### केंद्रीय गृहमंत्री ने फोन कर जाना राज्य का हाल

**कोलकाता।** पंचायत चुनाव में हुई हिंसा के बाद शनिवार की शाम करीब 7.15 बजे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से बात की। जानकारी के मुताबिक, इस दौरान गृहमंत्री ने पूरे दिन के घटनाक्रम के बारे में जानकारी हासिल की। सुकांत मजूमदार ने उन्हें पूरे दिन के घटनाक्रम के बारे में बताया कि किस तरह से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोगों ने राज्य में -शेष पृष्ठ दो पर

## मवेशी से टकराया वंदे भारत एक्सप्रेस, हुआ भारी नुकसान



**नलबाड़ी।** असम के नलबाड़ी रेलवे स्टेशन के पास शनिवार शाम एक मवेशी से टकराने के बाद दक्षिण की ओर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भारी क्षति हुई। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण की ओर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलवे स्टेशन के पास एक मवेशी से टकरा गई थी, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन को भारी नुकसान हुआ। एक्सप्रेस का अगला हिस्सा ट्रेन से उतर गया। उल्लेखनीय है कि जिस ट्रेन को व्यापक क्षति हुई है, वह पूर्वोत्तर भारत की पहली वंदे भारत -शेष पृष्ठ दो पर

## कांगला किले के पास हुई आगजनी सुरक्षाबलों से हथियार छीनने लगी भीड़



**इंफाल।** 150-200 लोगों की भीड़ ने इंफाल के कांगला किले के पास दो वाहनों में आग लगा दी और पुलिस से हथियार छीनने की भी कोशिश की। इसके बाद हालात पर काबू पाने के लिए सुरक्षाबलों को भीड़ पर गोली चलानी पड़ी। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सुरक्षाकर्मियों की दो टुकड़ियां और सेना तथा असम राइफल्स की एक-एक टुकड़ी ने हिंसा को समाप्त करने के लिए शुक्रवार रात को सोंगडो गांव के सामान्य क्षेत्र में चली गईं। सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त सीमा सुरक्षा बल के जवानों को शामिल करने से बिष्णुपुर बाजार क्षेत्र में हस्तक्षेप हुआ। सूत्रों ने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्बाञ्चल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## एक्शन में स्पीकर : शिंदे के 40 और ठाकरे गुट के 14 एमएलए को नोटिस जारी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में जारी सियासी उटापटक के बीच विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर अब एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 40 विधायकों और उद्धव ठाकरे गुट के 14 विधायकों को नोटिस जारी कर उनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर जवाब मांगा है। विधायकों को जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। यह घटनाक्रम विधानसभा अध्यक्ष नारवेकर को चुनाव आयोग से शिवसेना के संविधान की एक प्रति मिलने के एक दिन बाद आया है, जिसमें यह जानकारी दी गई थी कि सीएम शिंदे सहित 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई जल्द ही शुरू होगी। 11 मई को शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। अदालत ने कहा कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार को बहाल नहीं कर सकती, क्योंकि शिंदे के विद्रोह के मद्देनजर शिवसेना नेता ने शक्ति परीक्षण का सामना किए बिना इस्तीफा देने का फैसला किया। नोटिस मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे सहित कुल 54 विधायकों को -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्यपाल ने पंचायत सम्मेलन 2023 चरण-टू का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी (हि.स.)।** राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में असम विधानसभा द्वारा आयोजित पंचायत सम्मेलन-2023 चरण-टू का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत की जमीनी स्तर की प्रशासनिक प्रणाली के स्तंभों के रूप में पंचायती राज संस्थाएं, हमारे लोकतांत्रिक ढांचे में अत्यधिक महत्व रखती हैं। मुझे उम्मीद है कि यह सम्मेलन छह जिलों अर्थात कामरूप (मेट्रो), कामरूप (ग्रामीण), नगांव, मोरीगांव, दरंग और नलबाड़ी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने मुद्दों को उठाने और उन पर चर्चा करके सहमत समाधान खोजने के लिए एक मंच प्रस्तुत करेगा। राज्यपाल कटारिया ने आगे कहा कि भारत गांवों का देश है और देश की आधी से ज्यादा आबादी ग्रामीण इलाकों में रहती है। इसलिए, हमारे गांवों के लिए आगे बढ़ना और राष्ट्रीय विकास का उत्प्रेरक बनना महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की भी वकालत की, जहां ग्रामीण क्षेत्रों के संसाधनों का उपयोग गांवों से संबंधित मानव संसाधनों के विकास के लिए उनके इष्टतम स्तर तक किया जा सके। उन्होंने गांवों में रोजगार सृजन की जरूरत भी दोहराई ताकि कोई भी बेरोजगार न रहे। उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित करने पर भी जोर दिया और इन लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए गांवों के त्वरित विकास के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना चाहिए। महिला सशक्तिकरण के महत्व -शेष पृष्ठ दो पर



door graphy Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## जल्द ही नए लुक में नजर आएगा वंदे भारत एक्सप्रेस



**नई दिल्ली।** देश में अब तक अलग-अलग रूट्स पर 25 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस को सफलतापूर्वक चलाया गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गोवा समेत कई राज्यों को अब तक देश की सेमी हाइस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिल चुकी है। इस बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का नया लुक सामने आ गया है। जल्द ही पटरियों पर एक अलग लुक और कलर के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस पटरियों पर दौड़ती नजर आएगी। सोशल मीडिया पर वंदे भारत एक्सप्रेस की कुछ तस्वीरें नई तस्वीरें -शेष पृष्ठ दो पर

## अमरनाथ यात्रा : बालटाल के पंचतरणी में फंसे 8000 यात्री

**लुधियाना।** कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के कारण अमरनाथ यात्रा लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही नए जत्थे को भी रवाना करने से रोक दिया गया। खराब मौसम के कारण दोनों ही मार्गों-पहलगाम और बालटाल पर लगातार दूसरे दिन यात्रा स्थगित रही। शनिवार सुबह किसी भी श्रद्धालु को अमरनाथ गुफा की ओर जाने की इजाजत नहीं दी गई। जानकारी के मुताबिक, कल से निकले करीब 8 हजार यात्रियों को बालटाल के पंचतरणी रास्ते में ही रोक दिया गया। वहीं यह भी खबर मिली है कि लैंडस्लाइड के चलते अमरनाथ गुफा के पास बनी एक कुली भी नश्ट हो गई जिससे आवाजाही में -शेष पृष्ठ दो पर



## डीआरडीओ साइंटिस्ट ने पाक भेजी हाईटेक मिसाइलों की जानकारी



**नई दिल्ली।** डीआरडीओ का वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर जारा दासगुप्ता नाम का इस्तेमाल करने वाली पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की ओर आकर्षित हो गया था और उसने खुफिया रक्षा परियोजनाओं के अलावा भारतीय मिसाइल प्रणालियों के बारे में उससे बातचीत की थी। यह आरोप कुरुलकर के खिलाफ दायर चार्जशीट में हैं। महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पिछले सप्ताह यहां एक अदालत में कुरुलकर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। वह पुणे में रक्षा अनुसंधान -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*शक्तिशाली शत्रु को कमजोर समझकर ही उस पर आक्रमण करें।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## यूसीसी लागू करना धारा 370 निरस्त करने जैसा आसान नहीं : आजाद

**श्रीनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की योजना को लेकर केंद्र सरकार को आगाह करते हुए शनिवार को कहा कि इसका सभी धर्मों पर असर पड़ेगा। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि यूसीसी को लागू करना अनुच्छेद-370 को निरस्त करने जितना आसान नहीं होगा। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष आजाद ने कहा कि यूसीसी को लागू करने का सवाल ही नहीं है। यह अनुच्छेद-370-शेष पृष्ठ दो पर

### पीएम ने बीकानेर से किया चुनावी शंखनाद, बोले-

## कांग्रेस लूट की दुकान, झूठ का बाजार है



**बीकानेर (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीकानेर के नौरंगदेसर से चुनावी शंखनाद का आगाज कर दिया। विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए वे बोले कि कांग्रेस का एक ही मतलब है, लूट की दुकान और झूठ का बाजार। यहां आई भीड़ का उत्साह बताता है कि राजस्थान में मौसम का पारा नहीं जनता का पारा भी कांग्रेस के खिलाफ चढ़ चुका है। जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता बदलते वक्त नहीं लगता। विकास के मामले में पिछले चार वर्षों में हालात उलट है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि दूसरे की कमजोरियों पर नहीं अपने परिश्रम पर भरोसा रखना है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार का जाना बहुत जल्द तय होगा। भाजपा की सरकार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे, मुझे भरोसा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की झूठ की राजनीति का शिकार सबसे ज्यादा राजस्थान का किसान हुआ है। पिछले चुनावों में किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया था। कांग्रेस के नेताओं ने दस दिन में कर्जा माफ करने की कसम खाई थी। दस दिन, 10 महीने और आज 4 साल में भी कर्जा माफ हुआ क्या? -शेष पृष्ठ दो पर

## छह हजार किलो लोहे से बना पुल चोरी, चार गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस ने शहर के एक पश्चिमी उपनगर में एक नाले के ऊपर बने 6,000 किलोग्राम के लोहे के पुल को चुराने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बांगुर नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मलाड (पश्चिम) में 90 फुट लंबी धातु की संरचना को यूटीलिटी कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने बिजली के विशाल तारों को गुजारने के लिए रखा था। उन्होंने बताया कि नाले पर स्थायी पुल बनने के बाद अस्थायी ढांचे को कुछ महीने पहले इलाके में दूसरी जगह ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि अस्थायी पुल 26 जून को लापता पाया गया जिसके बाद बिजली कंपनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि पुल को आखिरी बार 6 जून को देखा गया था। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# बिहार में 100 से अधिक जुआ, गेमिंग अवैध ऋण ऐप पर लगेगा बैन

**पटना।** बिहार पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) का रुख कर 100 से अधिक जुआ/गेमिंग और ऋण देने वाले ऐप पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है, जो कथित तौर पर धन शोधन में शामिल हैं और देश में वित्तीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) नैयर हसनैन खान ने शनिवार को बताया कि ईओयू ने हाल में एमईआईटीवाई से संपर्क कर 100 से अधिक ऐसे ऐप पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। खान ने कहा कि ये ऐप सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा-69 का उल्लंघन कर रहे हैं, क्योंकि इनमें ऐसी सामग्री होती है, जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए नुकसानदेह है। ऋण देने वाले ऐसे ऐप के जरिए बहुत कम रकम उधार लेने वाले लोगों से जबरन वसूली और उत्पीड़न की कई शिकायतें मिली हैं। आईटी अधिनियम की धारा-69ए सरकार को राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता, राष्ट्र की सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था के हित की रक्षा के लिए किसी भी ऑनलाइन सामग्री तक पहुंच को प्रतिबंधित करने का अधिकार देती है। एडीजी ने कहा कि हाल में अरवल, फुलवारी शरीफ (पटना), औरंगाबाद और जमुई में इन ऐप और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की गईं। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है और ऐसे डिजिटल ऋण, गेमिंग और जुआ ऐप पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश की वित्तीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। हम ऑनलाइन ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। लोगों को भी ऐसे ऐप की गतिविधियों को लेकर सतर्क रहना चाहिए। एडीजी ने कहा कि ईओयू ऐसे ऐप के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा कर रहा है और




जनता से अनुरोध करता है कि वह इंटरनेट और प्लेस्टोर पर उपलब्ध अपंजीकृत या अवैध ऋण ऐप से कोई ऋण न ले। उन्होंने कहा कि ये ऐप ऋण अग्रिम रूप से देने के बहाने ग्राहकों के फोन से सभी जानकारी तक पहुंच बना लेते हैं या हैक भी करते हैं। इसका इस्तेमाल आरोपी कंपनी द्वारा अन्य वित्तीय अपराधों को अंजाम देने के लिए किया जा सकता है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट से जेपी नड्डा को राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा के खिलाफ दर्ज आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले की जांच पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्न की एकल पीठ ने नड्डा की उनके खिलाफ दायर मुकदमे को रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई की और शुक्रवार को जांच पर रोक लगाते हुए एक अंतरिम आदेश दिया। अदालत ने याचिका पर सुनवाई 21 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। नड्डा ने सात मई 2023 को विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान विजयनगर जिले में हरपनहल्ली शहर के आईबी सर्किल में भाजपा की एक चुनावी रैली की थी। रैली में नड्डा ने कथित तौर पर कहा था कि अगर भाजपा चुनाव हार जाती है तो मतदाता केंद्र सरकार द्वारा लायी गयी योजनाओं से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर राज्य में कांग्रेस सत्ता में आती है तो किसान सम्मान निधि समेत केंद्र की कई परियोजनाएं बंद हो जाएगी। निर्वाचन सतर्कता प्रभाग के अधिकारियों ने हरपनहल्ली पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी कि भाषण मतदाताओं को प्रलोभन देने और उन्हें धमकाने के लहजे में दिया गया था। उसने यह भी कहा कि नड्डा का भाषण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। नड्डा ने मामले की जांच रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।

## ग्राहक के बैंक खाते से 32.80 लाख रुपए गायब

**करीमगंज (हिंस)।** बैंकों में ग्राहकों का धन कितना सुरक्षित है, इसका अंदाजा करीमगंज के इंडस बैंक में हुई इस घटना से लग सकता है। आरोप है कि इस बैंक में कई लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। एक ग्राहक के खाते से करीब 32.80 लाख रुपए गायब कर दिए गए हैं। शिकायत के अनुसार बैंक के ग्राहक अब्दुल मलिक द्वारा बैंक के खाते में जमा किए गए 32.80 लाख रुपए की हेराफेरी की गई है। इस घटना में बैंक के कर्मचारी पर शामिल होने का आरोप लगा है। ग्राहक ने करीमगंज पुलिस स्टेशन में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार किए जाने की सूचना नहीं है।

## त्रिपुरा में करीब दो करोड़ रुपए मूल्य का गांजा बरामद

**अगरतला (हिंस)।** त्रिपुरा के अंबासा थाने की पुलिस और असम राइफल्स ने एक बार फिर नशा मुक्त त्रिपुरा बनाने में सफलता हासिल की है। एसडीपीओ सुमन मजूमदार ने बताया कि अंबासा के बेटबागान नाका प्वाइंट पर एक कंटेनर की तलाशी लेने पर 36 पैकेटों में कुल 498 किग्रा गांजा बरामद किया गया। लॉरी ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अगरतला सेक्टर के महानिरीक्षक असम राइफल्स (पूर्व) के तहत असम राइफल्स की राधानगर बटालियन और त्रिपुरा के धलाई जिले के अंबासा पुलिस स्टेशन की पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में लगभग 2 करोड़ रुपए मूल्य की 498 किग्रा गांजा जब्त किया। पुलिस अधिकारी मजूमदार ने बताया कि अंबासा थाने की पुलिस ने आज सुबह अंबासा बेटबागान के नाका प्वाइंट पर एक कंटेनर वाहन (एमएच-12आरएन-8984) को संदिग्ध रूप से हिरासत में लिया। वाहन की तलाशी लेने पर 36 पैकेट गांजा बरामद हुआ। एसडीपीओ सुमन मजूमदार ने कहा कि पुलिस 36 पैकेटों में कुल 498 किलोग्राम गांजा जब्त करने में सफल रही है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार ड्राइवर से पूछताछ के बाद पता चला कि उसने अगरतला बाइपास से वाहन में गांजा लोड किया था। आज सुबह ड्राइवर को कंटेनर में रखे गांजे को असम के सिलचर ले जाना था। एसडीपीओ ने कहा कि जब्त गांजा के साथ आरोपितों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए धलाई जिले के अंबासा पुलिस स्टेशन की हिरासत में ले जाया गया है।

## पाकिस्तान में गैस सिलेंडर में विस्फोट, सात की मौत

**लाहौर (हि.स.)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले की भलवाल तहसील में सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के पास शनिवार सुबह एक वाहन का गैस सिलेंडर फटने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी रेस्क्यू 1122 नियंत्रण कक्ष ने दी। रेस्क्यू 1122 नियंत्रण कक्ष का कहना है कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 14 घायलों में सात की हालत गंभीर है। उन्हें भलवाल तहसील मुख्यालय के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। मृतकों में सिर्फ दो की पहचान हो सकी है। बताया गया है कि यह वाहन गारा ब्रदर्स ट्रांसपोर्ट का है। यह हादसा उसके तरलीकृत पेट्रोलियम गैस सिलेंडर में अचानक गैस रिसाव के कारण आग लगने से हुआ।

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *यदि आप पानी ...*

महत्वपूर्ण कारक है। रिसाव के बाद एससीएडीए तकनीशियनों द्वारा पानी की आपूर्ति रोकने में विफलता के कारण मानव जीवन और संपत्ति दोनों को गंभीर क्षति हुई, खरघुली घटना को *क्षति* के रूप में संदर्भित किया जा सकता है। ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) को अक्सर राज्य में पाइपलाइन लीक की रिपोर्ट मिलती रहती है, हालांकि जरूरत पड़ने पर वे हमेशा उन्हें रोकने में सक्षम भी होते हैं। सीएम शर्मा ने कहा खारघुली में पानी की पाइपलाइन फटने की घटना में हम इसे नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रहे।

### *पश्चिम बंगाल के ...*

बाद जब आए तो शांतिपूर्वक और सुरक्षित मतदान सुनिश्चित करने में आयोग की विफलता की जिम्मेदारी लेने के बजाय इसका ठीकरा कभी राज्य पुलिस पर तो कभी केंद्रीय बलों पर फोड़ते रहे। 16 लोगों की मौत के बावजूद चुनाव आयुक्त सिन्हा ने आधिकारिक तौर पर केवल तीन लोगों की मौत की पुष्टि की। हिंसा की घटनाओं के लिए केंद्रीय बलों को जिम्मेदार ठहराते हुए राजीव सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए हमने केंद्रीय गृह मंत्रालय को 25 जून को ही पत्र दे दिया था। कायदे से 27 जून को केंद्रीय बलों की तैनाती हो जानी चाहिए थी, लेकिन उसमें काफी देर हुई। अगर केंद्रीय बलों के जवान समय पर आ गए होते तो हिंसा की इन घटनाओं को रोका जा सकता था। राज्य में मतदान के दौरान जो वीडियो सामने आए हैं उसमें 100 से अधिक जगहों पर बमबारी, गोलीबारी और लाठी डंडे से हमले हुए हैं। इससे जुड़े सवाल पर राजीव सिन्हा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना राज्य सरकार का काम है। जहां भी घटना हुई है वहां निश्चित तौर पर पुलिस ने कार्रवाई की है और जहां बाकी रह गया है वहां नियमानुसार मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोपहर एक बजे तक महज 36.37 फीसदी वोटिंग हो पाई थी। जो वीडियो चुनाव के दौरान सामने आए उसमें कहीं आपराधिक तत्व बैलेट बॉक्स को लेकर भाग रहे थे तो कही पर पुलिस वाले नाले के अंदर से बैलट बॉक्स को निकालते नजर आए, कहीं तालाब के अंदर से बैलट बॉक्स निकाला गया तो कहीं मतदान केंद्र के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे बाहर से तो दिख रहे हैं लेकिन अंदर से उन्हें चालू ही नहीं किया गया है। कई जगह पर तो कैमरे को ढंक दिया गया था। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय बलों के कोऑर्डिनेटर बीएसएफ के आईजी एसएस गुलेरिया को पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की और कहा कि हाई कोर्ट ने सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्देश दिया था, जिसका अनुपालन नहीं हुआ। यह न्यायालय की अवमानना है। उन्होंने राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा को भी ममता का सुपारी किलर करार दिया और कहा कि उन्होंने जितनी अवैध संपत्ति एकत्रित की है उसकी सूची उनके पास है। इसका हिसाब किताब करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि मतदान के बाद वह चुनाव आयोग के दफ्तर में जाकर ताला लगाएंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जिस तरह से राज्य में हिंसा की घटनाएं हुई हैं वह दिल दहलाने वाली हैं। भाजपा की सेंट्रल पुलिस ने ममता बनर्जी की पुलिस के साथ मिलकर लोकतंत्र का गला घोंटा है। माकपा नेता मोहम्मद सलीम ने कहा कि जगह-जगह हमले और हिंसा की घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल में चुनाव नहीं हुआ है बल्कि प्रहसन किया गया है। राज्य में चुनाव शुरू होते ही हिंसा की घटनाओं की सूचना मिलने के बाद राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस भी राजभवन से निकले और बैरकपुर होते हुए मुर्शिदाबाद और अन्य क्षेत्रों में गए। उन्होंने पीड़ित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जो भी हो रहा है वह चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से हिंसा की घटनाओं में कार्रवाई का आदेश दिया। इधर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा, माकपा और कांग्रेस समेत राज्यपाल पर हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मंत्री शशि पांजा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राज्यभर में 61 हजार से अधिक मतदान केंद्रों में से केवल 7 से 8 मतदान केंद्र पर भारी और करीब 60 केंद्रों पर थोड़ी बहुत हिंसा हुई है। बाकी सब जगह शांतिपूर्वक चुनाव हुए हैं। शशि पांजा ने कहा कि सबसे अधिक तृणमूल के लोग मारे गए हैं। जाहिर सी बात है हिंसा भड़काई गई थी। उन्होंने केंद्रीय बलों पर भी लोगों को धमकाने का आरोप लगाया। उनके साथ बैठकर मीडिया से बात कर रहे पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि कुछ लोग खून की होली खेलने जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ लोग तृणमूल पर हमले के लिए लोगों को उकसा रहे हैं। यह सबकुछ जानबूझकर किया गया है ताकि इस तरह का संदेश दिया जा सके कि बंगाल में चुनाव नहीं होते बल्कि हिंसा होती है। आखिर केंद्रीय बलों की तैनाती का क्या मतलब था?

### *एक्शन में स्पीकर : शिंदे ...*

जारी किया गया है। हालांकि नोटिस शिवसेना (यूबीटी) विधायक रुतुजा लाटके को नहीं जारी किया गया है जो पिछले साल शिवसेना में टूट के बाद विधायक चुनी गई थीं। शिवसेना विधायक एवं प्रवक्ता संजय शिरसाट ने कहा कि उन्हें विधानसभा से अब तक कोई नो नहीं मिला है। इसके साथ ही यह दावा किया गया है कि शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भी आदित्य ठाकरे सहित उद्धव गुट के 14 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर की है। इस सप्ताह की शुरुआत में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने उच्चतम न्यायालय का रुख कर उससे विधानसभा अध्यक्ष को अयोग्यता याचिकाओं पर शीघ्र सुनवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। नार्वेकर पर हमला करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के नेता अरविंद सावंत ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने पिछले दो महीने में (अयोग्यता याचिकाओं पर) कुछ नहीं किया, इसी वजह से हमने उच्चतम न्यायालय का रुख किया, जिसके कारण ही उन्होंने ये नोटिस जारी किया है और सात दिन के भीतर जवाब मांगा है।

### *राज्यपाल ने पंचायत ...*

को रेखांकित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ उनकी ऊर्जा का उपयोग विकास में करना जरूरी है। पंचायती राज संस्थाओं के कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का भी उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन लोगों के उत्थान के लिए, जन प्रतिनिधियों को प्रेरित, सशक्त और नई प्रेरणा देगा तथा जमीनी स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करेगा। असम विधानसभा के अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी ने सम्मेलन में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए पंचायती राज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह पंचायत सम्मेलन राज्य में लोगों के कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण को मजबूत करने की एक पहल है। दैमारी ने कहा कि सम्मेलन में उठाए गए और चर्चा किए गए मुद्दों से व्यवस्था को सशक्त बनाने और लोगों को बेहतर तरीके से सेवा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि असम विधानसभा सम्मेलन में हितधारकों द्वारा उठाए गए सुझावों, मुद्दों आदि को शामिल करते हुए एक रिपोर्ट तैयार करेगी। संस्थानों में आवश्यक संशोधन के लिए रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। सम्मेलन में वन मंत्री चंद्र मोहन पटवारी, स्वास्थ्य मंत्री केशब महंत, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. नुमल मोमिन, पीआरआई सदस्यों के साथ-साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### *जल्द ही नए ...*

सामने आई हैं। रेल मंत्री अश्विनी वेष्णव ने अपने अकाउंट पर वंदे भारत एक्सप्रेस की नई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है नई वंदे भारत एक्सप्रेस एक अलग रंग में नजर आ रही है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस मौजूदा ट्रेन से अलग नजर आने वाली है। नई ट्रेन भगवा और ग्रे रंग के बॉर्डर में आएगी। जानकारी के मुताबिक, जल्द ही इसकी पहली रैक रॉल आउट होने वाली है। देश के अलग-अलग रूटों पर चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस चल रही हैं। जो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अभी रूटों पर दौड़ रहीं हैं। वह सफेद रंग की हैं और नीले रंग का बॉर्डर दिया गया है। ट्रेन के इंजन पर सफेद रंग के साथ नीले रंग का बॉर्डर दिया गया है। जोकि लोगों को बहुत आकर्षित करता है। लोगों में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को देखने और उसके साथ सेल्फी लेने की होड़ लगी रहती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि देश में जल्द ही स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी आएगी। उन्होंने बताया कि पांच घंटे से ज्यादा और 400 किमी से ज्यादा दूरी वाले स्टेशनों के लिए स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा। स्लीपर कोच जुड़ने से रेलवे के रेवेन्यू में भी इजाफा होगा और पैसेंजर को कम समय में अपने स्टेशन पर पहुंचाया जाएगा। इस दौरान ट्रेन की स्पीड 130 किमी। प्रति घंटे से ज्यादा की रहेगी। दरअसल, वंदे भारत ट्रेन में फिलहाल चेयर सिटिंग है। स्लीपर वंदे भारत चलाने के लिए भारतीय रेलवे ने एक सर्वे किया जिसमें देखा गया कि वो लंबे रूट पर यात्रियों को ज्यादा सुविधा दे सकता है। ये सर्वे उन रूट्स पर किया गया जिसमें यात्रियों की संख्या ज्यादा है और कमाई के हिसाब से भी वो रूट्स इम्पोर्टेन्ट हैं। रेलवे फिलहाल इस तैयारी में है कि लंबे रूट्स पर अगर वंदे भारत ट्रेन चलाई जाती है तो कितना फायदा होने वाला है। आपको बता दें, फिलहाल में ट्रेन की मैन्युफैक्चरिंग महाराष्ट्र, हरियाणा, राय बरेली और चेन्नई में चल रही है। इसके अलावा भारत में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सफलता के बाद, मोदी सरकार जल्द ही सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का मिनी संस्करण पेश कर सकती है। भारतीय रेलवे जल्द ही इस मिनी वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाने की योजना बना रहा है, जिसमें केवल आठ कोच होंगे, जो वंदे भारत एक्सप्रेस के आधे हैं। शुरुआत में रेलवे दिल्ली से कानपुर और वाराणसी से दिल्ली के बीच स्लीपर वंदे भारत ट्रेन चलाने का प्लान कर रहा है। रेलवे की मॉनिटरिंग कमेटी इस पूरे मामले पर रिपोर्ट भी तैयार कर रही है। रेलवे वंदे भारत के साथ-साथ शताब्दी ट्रेन में भी चेयर कार में बदलाव करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए उन रूट्स को फाइनल किया जाएगा जिन पर पैसेंजर्स ज्यादा है।

### *अमरनाथ यात्रा : बालटाल...*

बाधा पड़ी हालांकि सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्ग में लगाए गए टैंट में रखा गया है। वहीं हैलिकॉप्टर सेवा भी बधित हो गई है। इससे पहले, कश्मीर में कई जगहों पर बारिश होने के कारण शुक्रवार को भी दोनों ही मार्गों पर अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई थी और श्रद्धालुओं को बालटाल एवं नूनवान आधार शिविरों में रोक दिया गया था। इलाके में भारी बारिश के बाद यात्रा के बालटाल मार्ग पर भूस्खलन हुआ था। हालांकि, इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित होने के बाद पहलगाम आधार शिविर में भीड़ से बचने के लिए शुक्रवार को 4,600 तीर्थयात्रियों के एक जत्थे को रामबन जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चंदेरकोट में रोका गया था। अधिकारियों के मुताबिक, सभी तीर्थयात्री सुरक्षित हैं और रास्ते में पड़ने वाले पड़ावों पर शरण लिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि मौसम में सुधार के बाद यात्रा फिर से शुरू की जाएगी।

### *डीआरडीओ साइंटिस्ट ...*

और विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला का निदेशक था। उसे तीन मई को शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था और अब वह न्यायिक हिरासत में है। चार्जशीट के मुताबिक, कुरुलकर और जारा दासगुप्ता व्हाट्सऐप के जरिए संपर्क में रहने के साथ-साथ वॉयस और वीडियो कॉल के जरिए भी बातचीत किया करते थे। एटीएस ने चार्जशीट में कहा कि दासगुप्ता ने दावा किया था कि वह ब्रिटेन में रहती है और सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और उसने कुरुलकर को अश्लील संदेश और वीडियो भेजकर उससे दोस्ती की। जांच के दौरान उसका आईपी एड्रेस पाकिस्तान का पाया गया। चार्जशीट के मुताबिक, पाकिस्तानी एजेंट ने ब्रह्मोस लॉन्चर, ड्रोन, यूसीवी, अग्नि मिसाइल लॉन्चर और मिलिट्री ब्रिजिंग सिस्टम समेत अन्य के बारे में खुफिया और संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की। उसमें कहा गया है कि कुरुलकर उसके प्रति आकर्षित हो गया था और उसने डीआरडीओ की खुफिया और संवेदनशील जानकारी को अपने निजी फोन में लिया और फिर कथित तौर पर जारा के साथ साझा किया। एटीएस के मुताबिक, दोनों जून 2022 से दिसंबर 2022 तक संपर्क में थे। कुरुलकर की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने के बाद डीआरडीओ द्वारा आंतरिक जांच शुरू करने से ठीक पहले उसने फरवरी 2023 में जारा का नंबर ब्लॉक कर दिया था। इसके बाद उसे एक अज्ञात भारतीय नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला कि आपने मेरा नंबर क्यों ब्लॉक कर दिया। चार्जशीट के मुताबिक, बातचीत के रिकॉर्ड से पता चला है कि कुरुलकर ने पाकिस्तानी एजेंट के साथ अपना निजी और आधिकारिक कार्यक्रम और स्थान साझा किए जबकि उसे पता था कि उसे ऐसा किसी के साथ नहीं करना है।

### *कांग्रेस लूट की ...*

यहां हर कोई एक-दूसरे की टांग खींच रहा है। अपने-अपने झूठ को मजबूत बनाने के लिए खुलेआम सौदेबाजी हो रही है। एक गुट के विधायकों को लूट की खुली छूट मिली हुई है। उन्होंने कहा कि भष्टाचार की नूरा कुश्ती बहुत हुई अब लोकतंत्र के अखाड़े में जनता जनार्दन फैसला करेगी। अब राजस्थान को परिवाद नहीं विकासवाद चाहिए। मोदी ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक की पूरी इंडस्ट्री खुल गई है। यानी यहां युवाओं के भविष्य से खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की लूट ने शिक्षा संस्थानों को भी नहीं बख्शा। यहां के शिक्षक सीएम के सामने आकर कह रहे हैं कि तबादले के लिए खुले में घूस चल रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मोदी बोले कि हम दिल्ली से योजनाओं का पैसा भेजते हैं, यहां कांग्रेस का पंजा झपट्टा मार देता है। कांग्रेस सरकार ने बीते चार साल में राजस्थान का बहुत नुकसान किया है और ये बात कांग्रेस के नेता भी अच्छी तरह जानते हैं। मुझे पता चला है कि कुछ मंत्री-विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली करके अपने खुद के घरों में शिफ्ट होने लगे हैं। अपनी हार पर इतना भरोसा सिर्फ कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। दीया बुझने से पहले लपलपाता है। उन्होंने कहा कि बीकानेर वो जगह है जिसका नाम देश में कहीं भी सुनें मुंह में पानी आ जाता है। मुझे यहां की धरती पर सावन के महीने में आने का सौभाग्य मिला है, इंद्रदेव का आशीर्वाद बना हुआ है। यहां के रसगुल्ले की मिठास, नमकीन भुजिया का स्वाद पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। मुझे सावन के महीने में आने का सौभाग्य मिला है। इंद्रदेव का आशीर्वाद हम पर बना हुआ है। बीकानेर तो छोटीकाशी के रूप में भी जाना जाता है। यहां काशी की ही तरह गौरवशाली अतीत भी है और अध्यात्म भी। यह पावन धरा मां करणी की धरती है। सांख्य दर्शन के प्रणेता भगवान कपिल की तपोभूमि है। रामदेवरा के बाबा रामदेवजी, जसनाथजी, वीर तेजाजी, जम्भेश्वरजी के भक्तों की धरती है। यहां पूनरासर बाबा का आशीर्वाद प्रत्यक्ष मिलता है। इन सभी देवों-संतों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो सत्ता में रहती है तो खा-खाकर देश को खोखला कर देती है, सत्ता से बाहर होती है तो देश को गाली दे-देकर बदनाम करती है। भारत की प्रगति पर इन्हें तकलीफ है, इनके नेता विदेश में जाकर गाली देते हैं। देश की सेना को भी नीचा दिखाने के लिए बहुत कुछ बोला है। वीरों की धरती राजस्थान से सेना में बहुत जवान जाते हैं। हमारी सेना के जवान इतने सालों से वन रैंक वन पेंशन की मांग कर रहे थे। सालों तक कांग्रेस की सरकार ने उसकी उपेक्षा की। सेना के काम में भी ये लोग झूठ से बाज नहीं आए। हमारी सरकार ने वन रैंक वन पेंशन लागू किया। मोदी ने कहा कि सीएम गहलोत अपने बेटे का भविष्य बचाने में लगे हुए हैं। प्रदेश के बेटे-बेटियों से कोई मतलब नहीं हैं। कई मंत्री इसे लेकर उन पर खार खाए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एवं बीकानेर के सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए *नौरंगदेसर* में नौ-रंग भरने से तुलना की। उन्होंने बताया कि पहला रंग-ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का। दूसरा- सोलर ऊर्जा का रंग, तीसरा-ग्रीन एनर्जी कोरिडोर का रंग, चौथा- रेलवे विकास का रंग, पांचवां-ईएसआईसी हॉस्पिटल से श्रमहित का रंग, छठा- धरती कहे पुकार के..नाटक में प्राकृतिक खेती का रंग, सातवां-गैस पाइपलाइन का रंग, आठवां-ग्रामीण विकास का रंग और नौवां-जल-जीवन मिशन का रंग। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

### *छह हजार किलो ...*

अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण पुलिस ने आसपास के इलाकों में लगे निगरानी कैमरों की फुटेज खंगाली और 11 जून को पुल की दिशा में एक बड़ा वाहन चलता हुआ पाया। इसके बाद पुलिस ने वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से उसका पता लगाया। अधिकारी ने कहा कि वाहन में गैस काटने वाली मशीनें थीं, जिनका इस्तेमाल पुल को तोड़ने और 6,000 किलोग्राम वजनी लोहा चुराने के लिए किया गया था। आगे की जांच के बाद पुलिस उस कंपनी के एक कर्मचारी तक पहुंची जिसे पुल बनाने का ठेका दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कर्मचारी और उसके तीन सहयोगियों को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से चुराई गई सामग्री बरामद कर ली गई है।

### *यूसीसी लागू करना...*

को निरस्त करने जितना आसान नहीं है। सभी धर्म इसमें शामिल हैं। सिर्फ मुसलमान ही नहीं, बल्कि सिख, ईसाई, आदिवासी, जैन और पारसी, इन सभी लोगों को नाराज करना किसी भी सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं सरकार को सलाह देता हूं कि वह यह कदम उठाने के बारे में सोचे भी नहीं।

### *मवेशी से टकराया...*

एक्सप्रेस है जो गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ती है, जिसे इस साल मई में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाई थी। एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज असम समेत पूरे नॉर्थ ईस्ट की रेल कनेक्टिविटी के लिए बहुत बड़ा दिन है। यह वंदे भारत एक्सप्रेस यहां रहने वाले लोगों का जीवन आसान बनाएगी और इससे राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम चल रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट को पहला मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल रहा है। पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाला यह तीसरा वंदे भारत है और असम में लगभग 425 किमी ट्रैक पर विद्युतीकरण का काम है। और मेघालय पूरा हो गया है।

### *कांगला किले के ...*

150-200 लोगों की भीड़ ने शुक्रवार रात कांगला किले के पास महाबली रोड पर दो वाहनों में आग लगा दी। भीड़ ने पुलिस से हथियार छीनने की भी कोशिश की, जिससे उन्हें भीड़ पर गोली चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बाद में सेना की टुकड़ियों को बुलाया गया और देर रात तक भीड़ को तितर-बितर कर दिया गया। इस बीच, 100-200 लोगों की एक और भीड़ महल परिसर में रात के दौरान संभावित हिंसा के लिए एकत्र हुई। सूत्रों ने बताया कि सेना और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने देर रात 12.30 बजे तक भीड़ को तितर-बितर कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, आधी रात तक इंफाल पूर्वी जिले के यिंगांगपोकपी के पास रुक-रुक कर गोलीबारी की खबरें आ रही थीं। फिलहाल, स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गुरुवार और शुक्रवार की आधी रात को बिष्णुपुर जिले के कांगवई इलाके में दो समुदायों के बीच जातीय झड़प में मणिपुर पुलिस के एक कमांडो और एक किशोर सहित चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जिन इलाकों में दोनों समुदायों के लोग आसपास रहते हैं, वहां तनाव बढ़ने से रोकने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा बनाए गए बफर जोन के बावजूद रात के दौरान गोलीबारी हुई। 3 मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 120 से अधिक लोगों की जान चली गई है और 3,000 से अधिक घायल हुए हैं। जब मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* आयोजित किया गया था। लगभग 40,000 केंद्रीय सुरक्षाकर्मी मणिपुर पुलिस के अलावा, हिंसा को नियंत्रित करने और राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए तैनात किया गया है।

### *केंद्रीय गृहमंत्री ने ...*

आंतक फैलाया। किस तरह से आगजनी और बमबाजी से लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश की। इससे पहले, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस ओर ध्यान आकर्षित किया। मजूमदार ने पत्र में लिखा कि बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान 15 राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। ये इसलिए हुईं क्योंकि चुनाव एक बार में ही किया गया। पूरा तंत्र दर्शक बना रहा और सत्तारूढ़ पार्टी के गुड्डे उधम मचाते रहे। हाईकोर्ट के निर्देशों का भी सही तरह से पालना नहीं हुई। उन्होंने लोकतंत्र को बचाने के लिए इसकी केंद्रीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक हिंसा दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, बाकुरा हुगली, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा और पूर्वी बर्धमान में हुई।

## स्ववेंद भाष्य




**पंचम मंडल** **प्रथम अध्याय**

**(विविध योग)**

**सम्प्रदाय मत भेद से, बन गये योग अनेक।**
**योग सनातन एक है, अन्तर गुरु गम टेक॥ 11॥**

**शब्दार्थ :** (सम्प्रदाय) भेष, पंथ (मत) विचार (टेक) आधार, अवलंब।

**भाष्य :** संप्रदायों के मतभेद से अनेक प्रकार के योग बन गए, किंतु सनातन योग एक है जिसके द्वारा सद्गुरु के ज्ञान-आधार से अंतर में गमन हो लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

**पुरुष नित्य गुरु नित्य है, नित्य योग गम ज्ञान।**
**सृष्टि प्रवाह अनादि है, महिमा योग महान॥ 12॥**

**शब्दार्थ :** (पुरुष) परम पुरुष (ज्ञान गम) ज्ञानमार्ग।

**भाष्य :** पुरुष नित्य है, सद्गुरु भी नित्य है और योग भी नित्य है, जिसके द्वारा गमन कर पूर्ण ज्ञान प्राप्त होता है। यह नित्य ब्रह्मविद्या का ज्ञान सृष्टि-प्रवाह में नित्य अनादि गुरु द्वारा चलने से अनादि है। इस ब्रह्मविद्या चेतन योग की महती महिमा है।

## तीन दिवसीय ट्रायथलॉन कार्यक्रम संपन्न

**गुवाहाटी ( हिंस )।** आयरनमैन 70.3 गोवा चैंपियनशिप-2023 के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का प्रतिनिधित्व करने के लिए जोनल स्तर (पूर्व और उत्तर-पूर्व) टीम के चयन के लिए तीन दिवसीय ट्रायथलॉन कार्यक्रम शनिवार को गुवाहाटी स्थित प्रथम बटालियन एनडीआरएफ में संपन्न हो गया है। आपदा या आपदा जैसी स्थितियों के दौरान अपनी निरंतर सेवाएं प्रदान करने और आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के खेल और साहसिक गतिविधियों में भी लगातार भाग लेता रहा है। इसी क्रम में, द आयरनमैन 70.3 गोवा चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन करने हेतु प्रथम बटालियन एनडीआरएफ द्वारा 6 से 8 जुलाई तक गुवाहाटी में साइकिलिंग (90 किमी), तैराकी (1.9 किमी) और दौड़ (21.1 किमी) ट्रायथलॉन- 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की तीन दिवसीय बैठक संपन्न



**गुवाहाटी ( हिंस )।** वशिष्ठ स्थित असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अध्यक्ष भवेश कलिता और सांगठनिक महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा की मौजूदगी में आज तीन संगठनात्मक बैठकें हुईं। भवेश कलिता की अध्यक्षता में हुई प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के साथ-साथ महा जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की गई। बैठक के बाद, भाजपा ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की बैठक में 39 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारी और साथी सदस्यों के साथ बैठक की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि चूंकि सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और आदर्शों के वाहक हैं, इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान है कि वे देश निर्माण के हित में नि:स्वार्थ मन से काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया गया है। इस तरह हम 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक सीटें दिलाने में सफल रहेंगे। उनके साथ ही प्रदेश के सभी जिला और मंडलों के पदाधिकारी टिफिन मीटिंग के आधार पर गहन चर्चा के लिए बैठक करने के लिए सुझाव दिए। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी से सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने और केंद्र और राज्य सरकार द्वारा उठाई गई कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। बैठक के बाद प्रदेश भाजपा के आठ मोर्चों के पदाधिकारियों की विशेष बैठक होगी। प्रदेश भाजपा महासचिव दीपलुरंजन शर्मा, पुलक गोहाईं, पल्लव लोचन दास और प्रदेश पदाधिकारी आज दिन भर चली बैठक में मौजूद थे।

## गांजा तस्कर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

**गोलाघाट ( हिंस )।** गांजा तस्करों को पकड़ने गई पुलिस की एक टीम पर हुए हमले में गोलाघाट थाने कि ओसी सयनिका बरकटकी जख्मी हो गई। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात पुलिस की एक टीम गोलाघाट में गांजा तस्करों को पकड़ने के लिए पहुंची। अचानक पुलिस की टीम पर पीछे से तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हमलावरों को पकड़ लिया। हालांकि, इस हमले में टीम का नेतृत्व कर रही थाना प्रभारी सयनिका बरकटकी जख्मी हो गईं। पुलिस ने हमलावर प्रताप सैकिया तथा धनंजय सैकिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों ही लोगों को थाने में ले जाकर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बरपेटा ( हिंस )।** बरपेटा जिलांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर दस माइल में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना के दौरान दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। गुवाहाटी जाने वाली बस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर दस माइल इलाके में डाइवर्जन पर खड़ी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अबेद अली और मोनवर अली के रूप में हुई है। मृतक अबेद अली चेंगलिया गांव और मोनवर अली खैराबाड़ी के बोगरिया पारा गांव के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बरपेटा रोड में दस माइल इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग को पार करने के लिए डाइवर्जन पर खड़ी बाइक को गुवाहाटी जाने वाली पैसेंजर अल्ट्रा बस (एएस-14एसी-0315) ने को टक्कर मार दी। इसके चलते दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

## रंगिया : भारी मात्रा में सजीव गोलियां बरामद, एक गिरफ्तार



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया में भारी मात्रा में सजीव गोलियां बरामद हुई है। रंगिया स्टेशन में शुक्रवार को डाउन अवध असम एक्सप्रेस की नियमित तलाशी के दौरान रेलवे पुलिस ने रेल से बंदूक की 600 सजीव गोलियां बरामद की है। साथ ही तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए उक्त तस्कर द्वारा यह गोलियां नगालैंड से बिहार की ओर ले जाई जा रही थी, जो कि रेल के डिब्बे में सीट के नीचे एक थैले में छिपाकर रखी हुई थी। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम कैलाश शर्मा बताया गया है। जो बिहार के खगड़िया जिले का रहने वाला है। पुलिस द्वारा व्यक्ति से सघन पूछताछ की जा रही है।

# तटबंध का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री पीयूष



**लखीमपुर ( हिंस )।** बाढ़ प्रभावित लखीमपुर जिला के नाउबैसा में मरम्मत कराए गए तटबंध का निरीक्षण करने पहुंचे राज्य के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका आज पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नाउबैसा बाढ़ मुक्त हो गया है। ज्ञात हो कि मंत्री पीयूष हजारिका बाढ़ प्रभावित नाउबैसा बाढ़ आने के एक महीने बाद पहुंचे हैं। इस एक महीने में शिंगरा में टूटे हुए तटबंध के मरम्मत का काम भी पूरा हो गया है। नाउबैसा को फिलहाल बाढ़ से निजात मिल गई है। मंत्री ने तटबंध का निरीक्षण किया और ठेकेदार के काम पर संतोष व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने विभाग को टूटे हुए तटबंध के हिस्से को और ऊंचा करने का भी निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने के तटबंध दो क्षेत्रों में दो स्लुइस गेट बनाने और दो क्षेत्रों में नदी का मार्ग बदलने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि जल संसाधन विभाग में पूंजी की कोई कमी नहीं है। बजाली पहुमारा और सर्थेबाड़ी के टूटे तटबंध का भी अतिशीध्र निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सरकार ने अच्छा काम किया है इसलिए इस बार राज्य में बाढ़ का प्रकोप कम है। हालांकि, लोगों का आरोप है कि एनएचपीसी सुबनसिरी के डाउन स्ट्रीम के लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं, नाउबैसा में 11 से अधिक राजस्व गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, लंबे समय से लोग परेशान हैं। निरीक्षण के दौरान सांसद प्रदान बरुवा, विधायक नबा कुमार दोलै, जिला उपायुक्त, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता, जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## सिर्फ मिलावटी तेल बेचने की तैयारी में एफएसएसएआई : भाकिसं

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय किसान संघ (भाकिसं) ने एफएसएसएआई द्वारा मिलावटी तेल को बेचने की मंजूरी देने की तैयारी के खिलाफ केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे से शिकायत की है। भाकिसं के असम प्रांत महामंत्री रूपम गोगोई ने बताया कि लंबी लड़ाई के बाद हाल ही में मिलावटी तेल से मुक्त कराकर शुद्ध सरसों तेल बेचने की अनुमति एफएसएसएआई ने दी थी। लेकिन, फिर से एफएसएसएआई ने मिलावटी तेलों को चलाने के अभियान में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि एफएसएसएआई विभिन्न प्रकार के अटपटे तर्क देकर तेल में मिलावट का रास्ता खोलने पर लगा हुआ है। मंत्री को लिखे गए पत्र में इससे संबंधित 12 बिंदुओं पर सवाल उठाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री को पत्र में लिखा गया है कि यदि एफएसएसएआई इसी प्रकार मिलावटी खाद्य सामग्रियों को बेचने की अनुमति देता रहा तो एफएसएसएआई के साथ-साथ खाद्य मंत्रालय की विश्वसनीयता भी कटघरे में आ जाएगी। पत्र में विस्तारपूर्वक तमाम स्थिति को रेखांकित किया गया है।

## पूर्व शिक्षा मंत्री की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**रंगिया ( विभास )।** असम के पूर्व शिक्षा मंत्री तथा रंगिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक थानेश्वर बोडों की तबीयत बिगड़ने के कारण कल उन्हें कल रंगिया स्थित स्वस्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उन्हें आईसीयू में रखा गया। वहीं उनकी शारीरिक कठोरता दूर करने और उनके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए अस्पताल के आईसीयू में योग चिकित्सा भी प्रदान की गई। मालूम हो कि थानेश्वर बोड़ो पिछले कई सालों से रक्तचाप, पक्षाघात, मधुमेह आदि कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। शुक्रवार को दोपहर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। यह खबर मिलने के साथ अस्पताल में उनके आत्मीय और चाहने वालों की भीड़ लग गई। उल्लेखनीय है कि थानेश्वर बोड़ो रंगिया विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक और असम सरकार के दो बार मंत्री रह चुके है। श्री बोड़ो 1985 से 1990 तक असम सरकार के मंत्री, 1991 से 1996 तक विधायक और 1996 से 2001 तक शिक्षा मंत्री के पद पर रहे है। आज असम सरकार के मंत्री जयंत मल्ल बरुवा, केशव महंत, अतुल बोरा और विधायक दिगंत कलिता उनकी तबीयत की खबर लेने स्वस्ति अस्पताल पहुंचे और मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश पर उनकी उन्नत चिकित्सा के लिए गुवाहाटी भेजा गया है।

## शातिर ड्रग्स तस्कर सहीदुर रहमान गिरफ्तार

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** शातिर ड्रग्स तस्कर सहीदुर रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आज बताया कि बीती रात पर्वतझोरा पुलिस के राजू गोगोई के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान आलमगंज 6वें खंड गांव से शातिर ड्रग्स तस्कर सहीदुर रहमान को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि आलमगंज प्रथम खंड के माजीपारा गांव के स्थानीय लोगों ने 6 जुलाई को सहीदुर रहमान की पत्नी सिलीमा खातून को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर गौरीपुर पुलिस के हवाले कर दिया था। पत्नी सिलीमा खातून की गिरफ्तारी के बावजूद उसका पति सहीदुर रहमान गोपनीय तरीके से ड्रग्स का कारोबार चला रहा था। पुलिस की गिरफ्त से अब तक बचा हुआ था। आखिरकार वह गिरफ्तार हुआ। बताया जाता है कि गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स तस्कर सहीदुर रहमान को गौरीपुर पुलिस को सौंप दिया गया। जहां पुलिस इस संदर्भ में पहले से ही दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेटर ने अमूल दूध एवं आहार वितरित किए

**गुवहाटा ( विभास )।** लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी ग्रेटर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन प्रमोद हरलालका के नेतृत्व में लायन बी पी खेमका एवं लायन रवि खेमका के सौजन्य से काला पहाड़ स्थित *सेंट ज्युडस इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर* में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए 84 लीटर अमूल ताजा दूध वितरित किया गया। तत्पश्चात बी बरुवा कैंसर इंस्टिट्यूट में जरूरतमंदों के बीच आहार वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्लब के नवनिर्वाचित सचिव लायन विकास जैन एवं नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष लायन शीतल कुमार खेमका सहित लायन सुरेश गग्गड़, लायन गौरव सुरेका, लायन विशाल चांडक, लायन नीरू काबरा, लायन रूपा गग्गड़, लायन मेघा खेमका,लायन आशा बुड़ाकिया, लायन विजय शर्मा सहित क्लब के काफी सदस्यों ने भाग लिया। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लायन रतन खाखोलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम की संयोजक लायन बबीता चौधरी का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम की सफलता के लिए क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन प्रमोद हरलालका ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# राउंड टेबल इंडिया ने किया 10 कक्षाओं का निर्माण

### सांसद सैकिया ने किया क्लास रूम ब्लॉक का उद्घाटन

**गुवाहाटी ( विभास )।** शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में अभूतपूर्व कार्य कर रही गैर-सरकारी संस्था राउंड टेबल इंडिया (आरटीआई) के अंतर्गत गुवाहाटी मेट्रो राउंड टेबल (जीएमआरसी -320) ने पी एंड जी के सहयोग से 10 कक्षाओं का निर्माण कराया। कामरूप ग्रामीण जिले के दोराकाहारा स्थित शंकरदेव शिशु निकेतन विद्यालय में नवनिर्मित क्लास रूम ब्लॉक का उद्घाटन रविवार को किया गया। मंगलदै के सांसद दिलीप सैकिया, कमलपुर के विधायक दिगंत कलिता, राउंड टेबल इंडिया के एरिया 14 अध्यक्ष वैभव जालान, एरिया सचिव निलेश सिंघानिया, राष्ट्रीय परियोजना संयोजक मनोज भंसाली, गुवाहाटी मेट्रो राउंड टेबल 320 के अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के अलावा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। नए क्लास रूम ब्लॉक में राउंड टेबल इंडिया की फ्रीडम थ्रू एजुकेशन पहल के तहत कुल 10 कक्षाएं हैं, जिनमें संस्था की ओर से बेंच और ब्लैक बोर्ड सहित अन्य जरूरत की सभी वस्तुएं उपलब्ध कराई गई हैं। नवनिर्मित कक्षाओं में दोराकाहारा तथा आसपास के इलाकों के रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 340 से अधिक बच्चें लाभान्वित होंगे। राउंड टेबल इंडिया अपनी राष्ट्रीय परियोजना *फ्रीडम थ्रू एजुकेशन* के माध्यम से विभिन्न वंचित स्कूलों में कक्षा ब्लॉक निर्माण कर ग्रामीण इलाके के बच्चों को शिक्षित करने में जुटा हुआ है। इसके अलावा देशभर में राउंड टेबल इंडिया द्वारा कई सामुदायिक सेवा परियोजनाएं एक साथ कार्यान्वित कीजा रही हैं। राउंड टेबल इंडिया देशभर के स्कूलों में क्लास रूम, शौचालय बनाने और पीने के पानी की सुविधा, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, खेल के मैदान आदि जैसी अन्य सुविधाएं प्रदान करने में जुटा है, जिसका लाभ समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को मिल रहा है। 1997 के बाद से राउंड टेबल इंडिया ने 3347 परियोजनाओं में 7890 से अधिक कक्षाओं का निर्माण किया है, जिससे पूरे भारत में 8.67 मिलियन बच्चे लाभान्वित हुए हैं।



## पंकज मालू अभामायुमं के राष्ट्रीय संयोजक घोषित

**होजाई ( निसं )।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय कैलिपर, नेत्र दान एवम वित्त विभाग के संयोजक युवा पंकज मालू को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के अंगदान एवम् देह दान विभाग के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में नियुक्ति राष्ट्र अध्यक्ष युवा सुरेन्द्र भट्टर ने की। पंकज मालू सिलचर टाइटंस शाखा के संस्थापक अध्यक्ष रह चुके हैं। आज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर इसकी घोषणा की। राष्ट्रीय संयोजक पर नियुक्ति होने पर पंकज मालू ने सुरेंद्र भट्टर के साथ पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान, संपूर्ण सिलचर समाज को उन्हे इस अवसर तक आगे लाने के लिए धन्यवाद दिया। इस घोषणा से संपूर्ण पूर्वोत्तर खास कर सिलचर मारवाड़ी समाज बहुत हर्षित हैं। ये जानकारी पूप्रमायुमं के जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई हैं।

## रंगिया : तीन दिवसीय योग शिविर सोल्लास संपन्न



**रंगिया ( विभास )।** रंगिया महकमा प्रशासन द्वारा आयोजित 3 दिवसीय योग शिविर का शनिवार को समापन किया गया। अग्रणी स्वेच्छासेवी संस्था साधना के सहयोग से महकमे के विभिन्न स्कूलों आयोजित इस शिविर में तीन हजार से भी अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। समापन समारोह में रंगिया के महकमाधिपति दिपन बर्मन, रंगिया स्वस्ति हस्पताल के संचालक डॉ. हितेंद्र कलिता, योगाचार्य ज्योतिष कलिता सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे और योग प्रशिक्षण के महत्व के बारे में सभी को अवगत कराया। दूसरी ओर महकमाधिपति ने प्रशिक्षण के क्षेत्र में विशेष दायित्व पालन करने के लिए योगाचार्य ज्योतिष कलिता सहित साधना योग महाविद्यालय के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

# गुवाहाटी इलेक्ट्रिक मर्चेंट्स एसोसिएशन ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



नगर के प्रमुख व्यवसायिक संस्था गुवाहाटी इलेक्ट्रिक मर्चेंट्स एसोसिएशन ने गत कई वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी अपने संस्था के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। जिन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त किए। इन मेधावी छात्रों में जयंत श्यामसूखा, कृषा केजरीवाल, चिराग दुग्गड़, तन्मय दुग्गड़ और देवांशी पटवारी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम उपाध्यक्ष प्रमोद मोर ने किया। छात्रों का सम्मान अध्यक्ष नवल किशोर सारड़ा, सचिव साकेत राज पुगालिया, कोषाध्यक्ष नवीन सेठीया, सह कोषाध्यक्ष अभिषेक कागलीवाल, सलाहकार राजकुमार धनुका, निवर्तमान अध्यक्ष लक्ष्मीपत दुग्गड़, और कार्यकारिणी सदस्य रोहित सुराणा, सौरभ बोथरा और सौरव जैन ने किया। पुरे कार्यक्रम को आयोजित करने में सोशल एंड हेल्थ कमिटी के सलाहकार अशोक सेठिया के मर्जीदर्शन मे संयोजक दीपक अग्रवाल और उनकी टीम के सदस्य संजय काबरा और अतुल चोरड़िया का महत्वपूर्ण योगदान रहा सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र के साथ साथ उपहार और पुस्तक भेट किए गए, और उसके बाद सभी ने जलपन ग्रहण किया। इस आशय की जानकारी सह सचिव अभिषेक केजरीवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## ओएनजीसी के पाइपलाइन से तेल का रिसाव

**शिवसागर ( हिंस )।** ओएनजीसी के पाइप लाइन से कच्चे तेल का रिसाव होने की जानकारी सामने आई है। कच्चा तेल शिवसागर जिले के खंरागढ़ में रिस रहा है। खंरागढ़ चौराहे के पास पाइपलाइन लीक होने से निकलने वाला कच्चा तेल पूरे इलाके में फैल रहा है। बीती रात से ही इस क्षेत्र के निवासी कच्चे तेल के रिसाव को लेकर चिंतित हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तेल का रिसाव पाइपलाइन कमजोर होने के कारण हो रहा है। स्थानीय लोगों ने इस वर्ष अबतक कम से कम 20 बार क्षेत्र में कच्चे तेल के पाइप फटने संबंधी शिकायतें की है। हालांकि, इस बार सूचना मिलने के साथ ही घटनास्थल पर पहुंचे ओएनजीसी के लोगों ने पाइप को ठीक कर दिया।

# श्री गौहाटी गौशाला के ट्रस्टी बने प्रदीप भुवालका



**गुवाहाटी ( विभास )।** समाज की प्रतिष्ठित संस्थाओं में से एक श्री गौहाटी गौशाला ट्रस्ट बोर्ड की बैठक शनिवार की शाम आठगांव गौशाला प्रांगण में आयोजित की गई। गौशाला के पूर्व ट्रस्टी माणिकचंद जालान के रिक्त हुए स्थान पर नए ट्रस्टी के चयन हेतु आज की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता गौशाला ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन कैलाशचंद लोहिया ने की। इस दौरान गौशाला के ट्रस्टी इंचार्ज अशोक धानुका, कोषाध्यक्ष प्रदीप भड़ेच, रामपाल सिकरिया, लोकनाथ मोर, दीनदयाल सिवोटिया, रमेश गोयनका, शरद जैन, विजय जसरासरिया व मनोज अग्रवाल मौजूद थे। इस बैठक में नए ट्रस्टी के रूप में कर्मठ एवं सक्रिय समाज सेवी प्रदीप भुवालका को सर्वसम्मति से चुना गया। गौशला के मानद मंत्री के रूप में श्री भुवालका अपनी सेवाएं पहले से ही दे रहे हैं। वे करीब डेढ़ दशक से गौशाला से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा वर्ष 2004 से मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा, 2010 से मारवाड़ी हॉस्पिटल्स, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, गुवाहाटी मोटरपार्ट्स ट्रेडर्स एसोसिएशन, असम बैद्यनाथ कांवड़िया सेवा समिति, लायंस क्लब आदि संस्थाओं से श्री भुवालका सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और पूरी निष्ठा व इमानदारी के साथ विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोरोना महामारी के समय पहले लॉकडाउन के दौरान बेलतला में फंसे ट्रक चालकों व खलासियों के लिए तीन समय का भोजन उपलब्ध कराना, कोविड परिवारों को नि:शुल्क सात्विक भोजन उपलब्ध कराना, छह महीनों तक चले कोविड वैक्सीनेशन शिविर आदि में श्री भुवालका ने अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दी है। इसके लिए उन्हें अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन व पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से कोरोना योद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

# तेलंगाना के लोगों के लिए घातक हैं कांग्रेस-बीआरएस : मोदी

**वारंगल/नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार में संलिप्तता के लिए "परिवारवादी राजनीतिक दलों" पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस, दोनों ही तेलंगाना के लोगों के लिए घातक हैं। इन दोनों से ही तेलंगाना के लोगों को बच कर रहना है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के वारंगल में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोला। मोदी ने तेलंगाना सरकार पर भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और राज्य के आर्थिक विकास में बाधा डालने सहित कई गलत काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की सरकार ने केवल 4 काम किये हैं पहला, सुबह-शाम मोदी और केंद्र सरकार को गाली देना। दूसरा, एक परिवार को ही सत्ता का केंद्र बनाना और खुद को तेलंगाना का मालिक साबित करना। तीसरा, तेलंगाना के आर्थिक विकास को चौपट करना और चौथा तेलंगाना को भ्रष्टाचार में डुबो देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि केसीआर सरकार यानी सबसे भ्रष्ट सरकार। बल्कि अब तो दिल्ली तक इनके भ्रष्टाचार के तार फैल गए हैं। हम पहले दो राज्यों या दो देशों की सरकारों के बीच विकास से जुड़े समझौतों की खबरें सुनते थे लेकिन ये पहली बार हुआ है, जब दो राजनीतिक दलों और दो राज्य सरकारों के बीच भ्रष्टाचार की डील के आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी कांग्रेस का भ्रष्टाचार पूरे देश ने देखा है। परिवारवादी बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरा तेलंगाना देख रहा है। कांग्रेस हो या बीआरएस, दोनों ही तेलंगाना के लोगों के लिए घातक हैं। इन दोनों



से ही तेलंगाना के लोगों को बच कर रहना है। तेलंगाना में भ्रष्टाचार का जो खुला खेल चल रहा है, इसका सबसे बड़ा नुकसान, यहां के युवाओं को उठाना पड़ा है।

तेलंगाना स्टेट पब्लिक सर्विस कमीशन स्कैम के बारे में कौन नहीं जानता? यहां की सरकार ने सरकारी नौकरियों को अपने नेताओं की तिजोरी भरने का माध्यम बना लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में वारंगल में आए हैं। ये क्षेत्र जनसंघ के जमाने से ही हमारी विचारधारा का मजबूत किला है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य तेलंगाना विकसित बने और तेलंगाना भारत को विकसित बनाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि वारंगल की धरती जनसंघ के समय से ही हमारी विचारधारा का "मजबूत किला" रही है। आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में खड़ी है और इसे साकार करने में तेलंगाना के लोगों ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में पूरी दुनिया में देश का गौरव बढ़ा है, भारत को लेकर आकर्षण बढ़ा है। इसका भी फायदा तेलंगाना को हुआ है। यहां पहले के मुकाबले अब ज्यादा निवेश आ रहा है और इसका फायदा तेलंगाना के युवाओं को हो रहा है, उन्हें नौकरी मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल कुछ लोग चुनाव से पहले, जनता को गुमराह करने के लिए झूठी गारंटी लेकर आ रहे हैं लेकिन भाजपा चुनाव जीतने के लिए झूठी बातें या झूठे गारंटी कार्ड नहीं बांटती। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार ने तेलंगाना के लोगों से बहुत सारे खोखले वादे किए जो पूरे नहीं हुए। यह भाजपा की केंद्र सरकार है, जिसने सीधे ग्राम को 12,000 करोड़ रुपये से अधिक देना सुनिश्चित किया है। तेलंगाना की पंचायतें यहां ज्यादातर काम केंद्रीय फंड से करवा रही हैं। तेलंगाना की हजारों पंचायतें मुश्किलों का सामना कर रही हैं, इसलिए अब उन्होंने यहां की परिवारवादी सरकार को गिराने का फैसला कर लिया है।

# फॉरेस्ट रेंजर साक्षात्कार में युवतियों की छाती मापने का फैसला वापस ले सरकार : सुरजेवाला

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्य सभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने प्रदेश सरकार द्वारा फॉरेस्ट रेंजर पोस्ट के लिए हरियाणा की बेटियों की छातियां मापने के आदेश को क्रूरतापूर्ण व बचकाना करार देते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की है। सुरजेवाला ने शनिवार को हरियाणा सरकार द्वारा जारी किया गया नोटिस मीडिया को जारी करते हुए कहा कि फॉरेस्ट रेंजर व डिप्टी फॉरेस्ट रेंजर पोस्ट के लिए उम्मीवार युवतियों/महिलाओं की छातियां मापी जाएंगी। इस नोटिस में शर्त रखी गई है कि महिलाओं/युवतियों की अनएक्सपेंडेड चेस्ट 74 सेंटीमीटर, एक्सपेंडेड चेस्ट 79 सेंटीमीटर होनी चाहिए। यह कार्य अपने आप में अपमानजनक, संवेदनहीन व संस्कारहीन है तथा हरियाणा की बेटियों का अपमान है।



सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में महिला पुलिस कांस्टेबल व महिला एसआई पुलिस की भर्ती में भी उम्मीदवार युवतियों की छाती नहीं मापी जाती। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री एवं हरियाणा सरकार नहीं जानती है कि सेंट्रल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन में भी महिलाओं की छाती मापने का कोई मापदंड नहीं है। फिर हरियाणा की बेटियों को अपमानित करने के लिए फॉरेस्ट रेंजर व डिप्टी रेंजर की भर्ती में यह शर्त क्यों लागू की गई है। सुरजेवाला ने कहा कि सरकार इस अधिसूचना पर माफी मांगते हुए इसे तुरंत वापस ले और लड़कियों को इस परीक्षण से छूट दी जाए।

# चुनावी हिंसा को लेकर भाजपा ने ममता सरकार को घेरा, कहा- राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का केंद्र बना बंगाल

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए मतदान जारी है। मतदान के दौरान कई इलाकों से हिंसा की खबरें भी आ रही हैं। इसको लेकर भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार को घेरा। भाजपा ने कहा कि राज्य अब राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। पंचायत चुनाव में हिंसा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जो आज पश्चिम बंगाल में हो रहा है, वैसा कभी 90 के दशक में बिहार में होता था। सत्ता का दुरुपयोग कर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा चुनावों में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की जा रही है।



सत्ता पाने के लिए वहां हिंसा का दौरा जारी है। स्थितियां वहां बद से बदतर होती जा रही हैं। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल दुनियाभर में कला और संस्कृति के लिए जाना जाता था, लेकिन अब राज्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस हिंसा, भ्रष्टाचार और अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है।

# भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना, कहा- आप के भ्रष्ट आचरण की सूची लंबी

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। भाजपा के प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के स्वयंभू 'कट्टर ईमानदार' आए दिन अपने नए रंग दिखा रहे हैं। शराब घोटाले से लेकर बिजली घोटाले तक, आप के भ्रष्ट आचरण की सूची लंबी है। शनिवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली सरकार में किसी भी उचित प्राधिकारी की अनुमति के बिना कोई नियुक्ति नहीं हो सकती है। इसके बावजूद केजरीवाल ने अपने चहेते लोगों को उपकृत किया, उन्हें अपने स्वार्थी उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नियुक्त किया, अपना खजाना भरने के साथ-साथ उनकी तिजोरियां भी भरीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने





लगभग 437 नियुक्तियां रद्द कीं। जो पहली लिस्ट सार्वजनिक रूप से सामने आई तो वो 116 लोगों की थी। उन 116 लोगों की जब जानकारी इकट्ठा करनी शुरू की तो आधी रात तक सबके सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट हो गए।

ऐसे कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जो तनख्वाह सरकार से पा रहे हैं लेकिन काम अरविंद केजरीवाल के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वो पार्टी है, जिसने शपथ पत्र पर लिखा था कि हम मकान, वाहन और सुरक्षा नहीं लेंगे। आज वो सरकारी खजाने का लगातार दुरुपयोग कर रहे हैं। अब उनका एक नए प्रकार का किरदार दिख रहा है, जिसमें अपनी पार्टी के कार्यकताओं को सरकारी तनख्वाह पर नियुक्त करना और उनसे सरकारी पद पर रहते हुए पार्टी का काम करवाना शामिल है। पहले शराब के कारोबार में उनका किरदार दिखा, फिर बिजली के व्यापार में और उसके बाद अदालत के अंदर एवं भ्रष्टाचारियों के साथ सरोकार में भी उनका किरदार दिखा।

# नेशनल हाईवे के 85000 पुलों पर लगेंगे हूटर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने पुलों की संख्या लगभग 85000 है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने सभी पुलों पर एक विशेष सुरक्षा डिवाइस लगाने का निर्णय लिया है। इस डिवाइस के लग जाने के बाद किसी भी किस्म का खतरा होने पर, यह डिवाइस मास्टर कंट्रोल रूम को सूचना देगी। उसके बाद लोगों को सचेत करने के लिए पुल पर हूटर बजना शुरू हो जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के पुलों पर जो डिवाइस लगाई जाना है। उसकी एक डिवाइस की कीमत लगभग 40000 रुपये है। अधिकारियों का कहना है,



कि देश में इस समय डेढ़ लाख से अधिक पुलों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है। हर पुल को आईडेंटिटी नंबर अलाट किया जाएगा। एकीकृत डाटा इंडियन ब्रिज मैनेजमेंट सिस्टम के पास होगा। इसके अनुसार ही पुलों का मेंटेनेंस और अन्य कामों को बेहतर ढंग से निर्णय और प्रबंधन किया जा सकेगा।

# 21 खालिस्तानियों के नाम मोस्टवांटेड की लिस्ट में दर्ज, एनआईए करेगा कार्रवाई

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने विदेश में बैठे खालिस्तानी आतंकियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में कनाडा, अमेरिका और पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के नाम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार एनआईए ने करीब 21 खालिस्तानियों के नाम मोस्टवांटेड की लिस्ट में दर्ज किए हैं। जांच एजेंसी की वेबसाइट पर इन खालिस्तानियों के नाम फोटो के साथ डाले गए हैं। इस लिस्ट में लखबीर सिंह लंडा, मनदीप सिंह, सतनाम सिंह, अमरीक सिंह समेत कनाडा, अमेरिका और पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकी शामिल किए गए है। एनआईए सूत्रों के मुताबिक, विदेशों में बैठे खालिस्तानियों पर चुन चुन कर कार्रवाई होगी। इसके लिए एनआईए





की 5 सदस्यीय टीम जल्द ही 17 जुलाई के बाद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जाएगी, जहां काउंसलेट में हुए हमले की जांच करेगी। खुफिया सूत्रों के मुताबिक एनआई, इंटेलीजेंस ब्यूरो और राज्यों की पुलिस के साथ सुरक्षा एजेंसियों ने एक डॉजियर तैयार किया है। इसमें हाल ही में ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा के दूतावास में हुए हमले के मामले में एनआईए ने खालिस्तान समर्थक आतंकियों की पूरी लिस्ट तैयार की है।

# दिल्ली-एनसीआर के कई इलाके जलमग्न, तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश होने से यहां के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। यहां पर मानसून की दस्तक के बाद से लगातार पानी गिर रहा है। जानकारी के अनुसार यहां शनिवार सुबह से शुरू हुई झमाझम बारिश से राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाके का मौसम खुशनुमा हो गया है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पर झमाझम बारिश के कारण दिल्ली के कई इलाकों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को खासी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी करते हुए बताया कि शनिवार और रविवार को तेज हवा के साथ जोरदार वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार और रविवार को तेज वर्षा का अलर्ट जारी करते हुए बताया था कि अनेक स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। आने वाले दो दिनों में भी यहां के कुछ इलाकों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यहां पर बरसात के साथ तेज हवा चलने का भी अनुमान है, जिसकी गति 25 से 35 किलोमीटर प्रति



घंटा तक रह सकती है। हालांकि रविवार को भी मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली व एनसीआर में दोनों ही दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि शनिवार एवं रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 32 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। वहीं, सोमवार से इसमें कुछ बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। एक दिन पहले की बात करें तो शुक्रवार को भी दिल्ली में बादलों की आवाजाही बनी रही। कई जगह हल्की वर्षा भी रिकॉर्ड की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 35.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हवा में नमी का स्तर 93 से 70 प्रतिशत रहा। हवा की गति 8 से 12 किमी के लगभग थी। यहां पर जुलाई में औसत से ज्यादा बारिश हुई है। गौरतलब है कि मानसून की दस्तक के साथ ही दिल्ली में शुरू हुआ वर्षा का दौर लगातार जारी है। यहां हर रोज कभी तेज तो कभी हल्की बरसात हो रही है। यही वजह है कि जुलाई के पहले सप्ताह में ही राजधानी में वर्षा का आंकड़ा सामान्य से अधिक हो चुका है। अभी तक औसत वर्षा 32.4 मिमी है, जबकि सात प्रतिशत अधिक 39.6 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह पालम में 35 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। लोधी रोड, रिज और आयानगर में यह क्रमशः 14, 28 व नौ प्रतिशत कम चल रही है।

# विधानसभा में कांग्रेस 'बाहुबल' की जगह 'बुद्धिबल' का प्रयोग करें: गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 11 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। पांच दिवसीय विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रही है। कांग्रेस की तैयारी पर प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि विधानसभा में कांग्रेस 'बाहुबल' की जगह 'बुद्धिबल' का प्रयोग करे, तो सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। गृहमंत्री डॉ मिश्रा ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ह्रहर बार कांग्रेस ने घेरने की तैयारी की है और कैसा घेरा है ये सबने देखा है। विधानसभा का फ्लोर सारगर्भित और सार्थक चर्चा के लिए होता है। वहां बाहुबल की नहीं बुद्धिबल की जरुरत होती है। वो जिस विषय पर चाहें चर्चा करें। सरकार हर



विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन हो हल्ला न करें। हो हल्ला करके सदन का समय बर्बाद होता जनता की गाढ़ी कमाई से ये सदन चलता है।

वो आएं और संवाद करें, संवाद के लिए ही विधानसभा का फ्लोर मिलता है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हए गृहमंत्री ने कहा कि सत्यमेव जयते! गांधी परिवार जब-जब खुद को खतरे में पाता है, तब लोकतंत्र और संविधान को खतरे में बताता है। वहीं कांग्रेस की वचन पत्र समिति की बैठक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस को बार-बार वचन पत्र समिति की बैठक करने की जगह उनके 2018 के वचन पत्र के ही कवर पेज और तारीख बदल देना चाहिए।

# बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन किया बरामद



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पाकिस्तानी नशा तस्कर और घुसपैठिए लगातार ड्रोन के जरिए भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं लेकिन बीएसएफ जवान लगातार इन कोशिशों को नाकाम कर रहे हैं। ताजा मामले में बीएसएफ जवानों को तरनतारन जिले के राजोके गांव से एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद करने में सफलता मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक यह पाकिस्तानी ड्रोन बीती रात करीब 9:05 बजे भारतीय सीमा में दाखिल हुआ। बीएसएफ जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनी तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। उसके कुछ देर बाद बीएसएफ जवानों ने ड्रोन बरामद कर लिया। आशंका है कि ड्रोन में कोई पैकेट आदि जुड़ा हो सकता है, जिसके कारण अभी भी क्षेत्र में सर्च आपरेशन जारी है।

# प.बंगाल के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा तीन घंटे बाद पहुंचे दफ्तर

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में कड़ी सुरक्षा के बीच पंचायत चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से शुरू मतदान पर 'हिंसा के बादल' समय चढ़ने के साथ और घने हो रहे हैं। आगजनी, गोलीबारी, बमबारी और लूटपाट के बीच अब तक मुर्शिदाबाद, मालदा, कूचबिहार और दक्षिण 24 परगना में पांच लोगों की हत्या की चुकी है। 24 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राज्य चुनाव आयोग के दफ्तर में स्थापित कंट्रोल रूम में सुबह से फोन पर घंटियां घनघनाती रहीं। किसी ने भी फोन नहीं उठाया। ...और राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा तीन घंटे बाद दफ्तर पहुंचे। कूचबिहार में तो मतदान केंद्र को आग के हवाले कर दिया गया है। भाजपा पोलिंग एजेंट को बम से उड़ाया जा चुका है। एक पुलिसकर्मी और पीठासीन अधिकारी गंभीर रूप से घायल हैं। आयोग के दफ्तर पर



सुबह से पत्रकारों का जमघट है। सिन्हा के पहुंचने से पहले किसी भी अधिकारी ने मुंह नहीं खोला। कंट्रोल रूम में करीब एक दर्जन से अधिक लैंडलाइन फोन पर घंटी लगातार बज रही है। राज्य चुनाव आयोग के दफ्तर में शिकायतों का पिटारा जमा हो चुका है। आयोग के सचिव नीलांजन शांडिल्य और अन्य कर्मचारी जरूर सुबह दफ्तर पहुंच गए पर आयुक्त तीन घंटे बाद आए है।

# राहुल गांधी ने सोनीपत में की धान की रोपाई

## हुड्डा के गृहक्षेत्र में दो घंटे ट्रैक्टर चलाकर तैयार किया खेत

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार की सुबह दिल्ली से शिमला जाते समय सोनीपत में रूके और करीब दो घंटे तक ट्रैक्टर चलाकर खेत तैयार किया। राहुल ने किसानों तथा खेतीहर मजदूरों से बातचीत करके धान की पैदा होने वाली किस्मों के बारे में भी जानकारी ली। यह दूसरा मौका है जब राहुल गांधी दिल्ली जाते समय हरियाणा में रूके हैं। इससे पहले वह करनाल से एक ट्रक में सवार होकर कुरूक्षेत्र व अंबाला होते हुए शिमला गए थे। राहुल गांधी शनिवार को अल सुबह दिल्ली से सड़क के रास्ते शिमला के लिए रवाना हुए। इसी दौरान सुबह पांच बजे सोनीपत पुलिस ने उन्हें सिंघु बार्डर से रिसीव किया। इसके बाद तय कार्यक्रम अनुसार राहुल गांधी सोनीपत से गोहाना पहुंचे। गोहाना जाते समय ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार करते हुए राहुल गांधी बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मदीना में पहुंचे। राहुल गांधी का काफिला जिस खेत में रूका वह संजय नामक किसान का खेत था। यहां उन्होंने खेतों में काम कर





रहे किसानों के साथ मुलाकात की। राहुल गांधी के इस दौरे के बारे में जिला प्रशासन तथा स्थानीय नेताओं को कोई सूचना नहीं थी। मदीना पहुंचते ही राहुल गांधी ने खेतों में जाकर किसानों से धान की किस्मों, इस क्षेत्र में होने वाली पैदावार तथा प्रति एकड़ झाड़ तथा पानी के बारे में जानकारी ली। इसके बाद राहुल गांधी ने खुद ट्रैक्टर का स्टेयरिंग संभाला और करीब दो घंटे तक खेतों में ट्रैक्टर चलाकर खेत तैयार किया। राहुल गांधी के गांव मदीना में आगमन को लेकर जैसे ही पुलिस को पता चला तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बरोदा विधानसभा से कांग्रेस विधायक इंदुराज को भी राहुल गांधी के दौरे की कोई खबर नहीं थी। जिसके चलते वह काफी देरी से मदीना पहुंचे लेकिन खेतों से बाहर खड़े होकर राहुल गांधी का इंतजार करते रहे और राहुल गांधी किसानों के साथ काम करने में जुटे रहे। हरियाणा पुलिस के सीआईडी विंग के अनुसार राहुल गांधी का पहले दिल्ली से वाया पानीपत होते हुए शिमला जाने का कार्यक्रम था लेकिन आज सुबह इसमें बदलाव करके वाया सोनीपत गोहाना किया गया।

# राकांपा टूटी नहीं है, चुनाव आयोग से हमने किया नाम और चिन्ह का दावा : पटेल

**मुंबई (ईएमएस)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि पार्टी टूटी नहीं है, हमने चुनाव आयोग से नाम और चिन्ह को लेकर दावा किया है। पटेल ने कहा कि 30 जून को विधायक दल और संगठनात्मक इकाइयों ने अजित पवार को सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पटेल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने 40 से अधिक विधायकों के हलफनामों के साथ भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को एक अर्जी सौंपी है, जिसमें अजित पवार की नियुक्ति के बारे में सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने पार्टी के नाम और चिह्न पर दावा किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बृहस्पतिवार को दिल्ली में शरद पवार द्वारा आयोजित राकांपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आधिकारिक नहीं थी। राकांपा के वरिष्ठ नेता पटेल ने कहा कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण था। उन्होंने पिछली बैठक का हवाला देते हुए कहा कि तीस जून को देवगिरी (मुंबई में अजित पवार का आधिकारिक आवास) पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें विधायक, पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने



सर्वसम्मति से अजित पवार को अपना नेता नियुक्त किया। नियुक्ति के तुरंत बाद अजित पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को बताया कि प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि अजित पवार को राकांपा विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया, अनिल पटेल विधानसभा में पार्टी सचेतक बने रहेंगे और विधान परिषद सभापति को सूचित किया गया कि अमोल मिटकरी को परिषद में सचेतक नियुक्त किया गया है। पटेल ने कहा कि मूल राजनीतिक दल का निर्धारण कौन करेगा? यह भारत के निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में है, जबकि विधायकों को लेकर कार्रवाई विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में है। पटेल ने तो यहां तक कहा कि पार्टी के संविधान के अनुसार जयंत पाटिल पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष नहीं हैं और बागी नेताओं को अयोग्य ठहराने के अनुरोध के साथ महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को दी गई उनकी याचिका अमान्य है। उन्होंने कहा कि शरद पवार समूह द्वारा अजित पवार गुट के नेताओं को निष्कासित या अयोग्य ठहराने के फैसले अवैध हैं और ये लागू नहीं होते हैं। उधर पटेल के बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, शरद पवार खेमे से जुड़े राकांपा प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि यदि पार्टी संगठन की संरचना दोषपूर्ण थी, तो कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति और राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अजित पवार की नियुक्ति भी अमान्य है।

# आरआरटीएस के दुहाई डिपो में हुआ सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन

**– पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित डिपो बन जाएगा, सालाना कम होगा 615 टन कार्बन उत्सर्जन**



**गाजियाबाद, (हि.स.)।** एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने शनिवार को दुहाई स्थित आरआरटीएस डिपो में स्थापित एक अत्याधुनिक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। यह नवीकरणीय ऊर्जा और सस्टेनेबल प्रक्रियाएं अपनाने की एनसीआरटीसी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इस नव-उद्घाटित सोलर पावर प्लांट की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी 585 के डब्लूपी है, जिसके लिए वर्कशॉप सहित डिपो की कई अन्य बिल्डिंग्स पर सौर पैनल इंस्टॉल किए गए हैं। इसके 25 वर्षों के अनुमानित जीवनकाल के दौरान यह अनुमान है कि यह सोलर पावर प्लांट प्रति वर्ष लगभग 6,66,000 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न करेगा। इस प्लांट से अनुमानित तौर पर सालाना 615 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है, जिससे इसके कुल जीवनकाल में कार्बन उत्सर्जन में लगभग 15,375 टन की उल्लेखनीय कमी आएगी। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस सोलर प्लांट के माध्यम से उत्पादित सौर ऊर्जा की मॉनिटरिंग और ऑप्टिमाइजेशन एक अत्याधुनिक क्लाउड-आधारित एप्लिकेशन द्वारा किया जाएगा। जो निरंतर और नियमित तौर पर आउटपुट को ट्रैक करेगा। यह उन्नत तकनीक सौर ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर की पारदर्शिता, दक्षता और निर्बाध प्रबंधन सुनिश्चित करती है। इस सोलर प्लांट द्वारा जिस मात्रा में सौर ऊर्जा उत्पादित होगी, वह न केवल डिपो की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरी तरह से पूरा करने में सक्षम होगी, बल्कि उसके बाद भी अतिरिक्त उपलब्ध होगी, जिसका उपयोग अन्य आरआरटीएस परिचालनों में भी किया जा सकेगा। राष्ट्रीय सौर मिशन और स्वच्छ तथा हरित ऊर्जा स्रोतों को आरआरटीएस भारत सरकार और चार राज्य सरकारों, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भीड़भाड़ कम करने, वाहनों की भीड़ और वायु प्रदूषण को कम करने और संतुलित और सतत विकास को सक्षम बनाने के लिए एक दीर्घकालिक रणनीतिक हस्तक्षेप है। अपने परिचालन के बाद, यह पूरे एनसीआर के लिए परिवहन की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करेगा।

# कार्यकर्ताओं को सियासी गुर सिखा कर तेलंगाना गए मोदी

**–पार्षदों से उनका दायित्व पूछा और उन्हें कर्तव्यनिष्ठ का पाठ भी पढ़ाया, मिशन 2024 की तैयारी में जुटने का आह्वान**

**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह बरेका खेल मैदान से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से तेलंगाना के वारंगल के लिए रवाना हो गए। दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने शुक्रवार शाम हरहुआ वाजिदपुर में विशाल जनसभा को सम्बोधित करने के पहले अपने संसदीय क्षेत्र काशी सहित पूरे पूर्वांचल को 12110 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें 10 हजार 720 करोड़ की 19 परियोजनाओं का लोकार्पण व 1389 करोड़ की 10 प्रोजेक्ट का शिलान्यास शामिल है। जनसभा के बाद प्रधानमंत्री ने देर शाम बरेका गेस्ट हाउस में पार्षद, पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की टिफिन बैठक में शिरकत की। प्रधानमंत्री ने एक सामान्य कार्यकर्ता के भाव से आत्मीय माहौल में लगभग एक घंटे तक पार्टी कार्यकताओं के साथ साथ संवाद कर टिफिन भी किया। टिफिन में प्रधानमंत्री ने खिचड़ी और नेनुआ की सब्जी खाई। इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ टेबल पर मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नलिन नयन मिश्र, महानगर मंत्री अनुपम गुप्ता और पार्षद कुसुम पटेल बैठी थीं। मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ शर्मा के अनुसार सभी कार्यकर्ता अपना-अपना टिफिन लेकर आए थे। प्रधानमंत्री के टिफिन में रोटी, मिक्स सब्जी, खिचड़ी और नेनुआ की सब्जी थी। उन्होंने केवल खिचड़ी और नेनुआ की सब्जी खाई। पार्षद सिद्धनाथ शर्मा के अनुसार वह प्रधानमंत्री के बगल में ही बैठे थे। प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा कि अब तक कितनी बैठक हो चुकी है तो मैंने उनको बताया कि अभी दो बैठकें ही हुई हैं। इसके बाद दूसरा सवाल पूछा कि आप लोगों को कितना मानदेय मिलता है तो मैंने कहा कि मैं अभी नया-नया हूं लेकिन मुझे पता चला है कि शायद 1500 रुपये मानदेय मिलते हैं। इस पर प्रधानमंत्री मुस्कराए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं से संवाद किया। सबका हाल जाना और मिशन 2024 की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्षदों से उनका दायित्व पूछा और उन्हें कर्तव्यनिष्ठ का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि जो काम कभी कांग्रेस व सपा करती थी, उसे भूलकर नहीं करना। परिवारवाद, जातिवाद व भ्रष्टाचार से उठकर अलग पहचान बनाएं। राजनीति में आए हैं तो निस्वार्थ भाव से सेवा करें। उन्होंने कहा कि नेता, कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दें। प्रधानमंत्री ने कहा, जिस बूथ पर कम वोट मिला वहां जरूर सम्पर्क करें।




मतदान के लिए उन्हें धन्यवाद दें। उनकी समस्याएं व शिकायतों को नोट करें और समाधान में जुटे जाएं। उन्होंने हाथ उठवाकर जाना कि कितने पार्षद पहली बार निर्वाचित हुए हैं। कौन कितनी बार से पार्षद हैं। प्रधानमंत्री ने पूछा कि आपने कौन सा ऐसा कार्य किया जिससे स्वयं संतुष्टि महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि जीत का अभिमान न करें। हर शनिवार व रविवार को सुबह 7 से 10 बजे वार्ड में निकलें और जनसमस्याओं को नोट करें। नगर निगम के दफ्तर रोज जाएं और समस्याओं का निराकरण कराएं। माह में कम से कम एक बार टिफिन बैठक जरूर करें। टिफिन बैठक का आयोजन केंद्र सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों के प्रचार के लिए भाजपा महानगर कमेटी की ओर से महाजनसम्पर्क अभियान के तहत किया गया था। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। संचालन काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने किया। सहभोज में 63 पार्षदों के अलावा महापौर, महानगर के सभी पदाधिकारी व सभी मंडल के अध्यक्ष व तीन विधायक, दो मंत्री मौजूद रहे।

**हर टेबल तक गए प्रधानमंत्री –** खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री मंच को छोड़कर पार्षदों के बीच टिफिन करने पहुंच गये। भोजन के बाद उन्होंने सभी पार्षदों, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के टेबल तक जाकर हालचाल लिया। कार्यकताओं को शांत देखकर कहा आपस में चर्चा करें। भोजन पर आये हैं। हंसी-विनोद भी होना चाहिए। बैठक के लिए सभी पार्षद अपना टिफिन लेकर पहुंचे थे। ज्यादातर पार्षदों के टिफिन में मोटे अनाज के व्यंजन थे। प्रधानमंत्री ने बरेका सभागार में 'सरकार से बड़ा संगठन' का संदेश दिया। टिफिन बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे।

# सुभासपा महासचिव अरविंद राजभर व उनके काफिले पर हमला, बाल-बाल बची जान

**–मामले में पुलिस जांच कर हमलावरों की तलाश में जुटी**



**कुशीनगर, (हि.स.)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के महासचिव अरविंद राजभर और उनके काफिले पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने अपनी कार पर ईंट-पत्थर फेंकने और आग लगाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा में बड़ी चूक बताया है। वहीं पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कही है। दरअसल सुभासपा महासचिव अरविंद राजभर शुक्रवार को कुशीनगर दौरे पर थे। देर शाम वह पडरौना के चिरहियवा गांव में विश्वनाथ राजभर की हत्या की सूचना पर उनके परिवार से मिलने गए थे। आरोप है कि वापस लौटते समय उनकी कार और काफिले पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने ईंट-पत्थर फेंककर गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनकी कार को घेर कर आग लगाने की कोशिश की। इस बीच किसी तरह मशक्कत करते हुए लगभग 40 मिनट बाद वे सुरक्षित निकल सके। इस हमले को लेकर सुभासपा महासचिव अरविन्द राजभर ने ट्वीट कर कहा कि प्रशासन की लापरवाही के वजह से एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। हमारी गाड़ी एवं काफिले की एक गाड़ी को आगे से दबंगों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मामले में घटना की पुलिस जांच कर रही है। पता चला है कि विश्वनाथ राजभर की हत्या करने वाला व्यक्ति, जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर है उसके द्वारा यह कृत्य किया गया है और भीड़ में संदिग्ध लोगों को भेजकर अप्रिय घटना कराने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने प्रशासन पर अवगत कराने के बाद भी सुरक्षा न मिलने का आरोप लगाया है। इस हमले में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि एक दल के नेता के काफिले पर पथराव की घटना प्रकाश में आई है। प्रकरण में जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# आयकर विभाग की कार्रवाई से जेएसवी ग्रुप मालिकों के छूटे पसीने

**लखनऊ, (हि.स.)।** प्लाईवुड के डोर बनाने से लेकर जमीनों की डील कराने तक उद्यमी जयशंकर वर्मा की कम्पनियों की पहचान है। बीते दो दिनों से उनकी कम्पनी जेएसवी ग्रुप के लखनऊ स्थित पांच और बाराबंकी स्थित दो कार्यालयों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। दो दिनों तक चली कार्रवाई के बाद जेएसवी ग्रुप के मालिकों के पसीने छूट गये। जयशंकर वर्मा और उनके पुत्रों पंकज व जतिन का नाम उद्यमिता के क्षेत्र में बीते कुछ वर्षों से खासा चर्चा में रहा है। कम्पनियों की सक्रियता में पुत्रों का योगदान और विश्वसनीय कर्मचारियों की भूमिका ने जेएसवी ग्रुप को बड़ी कम्पनी बना दिया। बीते कुछ समय पूर्व हुई नोटबंदी के दौरान कम्पनी ने लखनऊ से बाराबंकी तक विश्वासपात्रों के माध्यम से जाल बिछाकर कालेधन को सफेद कर डाला। किसानों को पुराने नोट देकर जमीनों की खरीद हुई। बीते माह अप्रैल में आयकर विभाग की लखनऊ टीम गोरखपुर में छापेमारी करने पहुंची थी, तभी पुराने नोट के बदले जमीन की खरीद की जानकारी टीम को हुई थी। इसके बाद बीते गुरुवार को आयकर की टीम ने जेएसवी ग्रुप पर छापेमारी की और दो दिनों तक लखनऊ व बाराबंकी में जांच पड़ताल कर सबूत जुटाये। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग ने जेएसवी ग्रुप से टैक्स चोरी और जुमार्ना की 70 करोड़ की राशि वसूलने की तैयारी कर ली है। इसमें जुमार्ना और टैक्स चोरी की अलग-अलग राशि की वसूली होगी, जो कुल 70 करोड़ रुपये है।

# कानपुर में घर-घर जल पहुंचाने के लिए अब तक 425 योजनाएं मंजूर




**कानपुर, (हि.स.)।** केन्द्र की मोदी और योगी सरकार नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत प्रत्येक गांव के अंतिम घर तक जल पहुंचाने के लिए कानपुर महानगर के ग्रामीणों के घर-घर जल पहुंचाने के लिए अब तक 425 योजना की मंजूरी मिल चुकी है। कुल 276 नलकूपों की बोरिंग की जाएगी। यह जानकारी शनिवार को उप्र जल निगम कानपुर ग्रामीण मुख्य अभियंता ई.आर.बी.राम ने दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों सहित सभी ग्रामीणों के घर नल से जल पहुंचाने के लिए कुल 276 नलकूपों की बोरिंग की जानी है। केन्द्र सरकार ने विद्युत बचत योजना के तहत कानपुर महानगर के ग्रामीण क्षेत्रों में 113 सोलर युक्त नलकूप लगाने के लिए योजना तैयार की है। सोलर युक्त नलकूपों की स्थापना के लिए उपयुक्त जमीन और बोरिंग का स्थान भी चिह्नित करने के लिए सभी ब्लॉकों के बीडीओ और उपजिलाधिकारियों तथा विद्युत विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। मुख्य अभियंता ने बताया कि कानपुर नगर के ग्रामीण क्षेत्र में जहां इस योजना के लिए कार्य कराया जाना है। 604 ग्राम पंचायत और उतने ही राजस्व गांव हैं। अब भी कई योजनाओं की मंजूरी मिलना शेष है। मुख्य अभियंता ने बताया कि कानपुर नगर के ग्रामीण क्षेत्र में दो कंपनियां काम कर रही हैं, जिसमें एक बीएस-ाआईपीपीएल और दूसरी विन्ध्या टेलीकाम लिमिटेड को कार्य करने की जिम्मेदारी है। योजना कार्य पूरा हो जाने के बाद उसकी देखरेख एवं संचालन की जिम्मेदारी पंचायत विभाग को दी जाएगी। हालांकि कार्यदायी संस्था दस वर्ष तक उसकी देखरेख करेगी। ई.आर.बी.राम ने बताया कि कानपुर नगर के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अब तक तीन हजार सात सौ 42 किलो मीटर का कार्य अप्रूव हो चुका है। हालांकि वर्तमान में एक हजार सात सौ 27 किलो मीटर लाइन बिछाई जा चुकी है। इस तरह कानपुर के कुल दस ब्लाकों में पाइप लाइन का कार्य जारी है। मुख्य अभियंता ने बताया कि यह योजना केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं भी आ रही है। उन्हें दूर करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के जिम्मेदार अधिकारियों का सहयोग लेकर दूर भी किया जा रहा है। हालांकि घर-घर नल योजना को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सराहना भी की जा रही है।

# पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और उसके प्रेमी सचिन को गौतमबुद्धनगर कोर्ट ने दी जमानत

**– सीमा ने कोर्ट में कहा– अब वह कभी पाकिस्तान नहीं जाना चाहती, यहीं रहेगी**





**गौतमबुद्धनगर, (हि.स.)।** प्रेमी से मिलने के लिए अपने चार बच्चों के साथ उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा आई पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और रबूपुरा के रहने वाले सचिन मीणा को शनिवार को यहां की एक अदालत ने सशर्त जमानत दे दी। इसके बाद सीमा अपने प्रेमी और बच्चों के साथ घर पहुंची। वह पाकिस्तान से आकर ग्रेटर नोएडा में जिस पते पर रह रही थी वहीं रहेगी और दोनों देश छोड़कर नहीं जाएंगे। गौतमबुद्धनगर की एक अदालत में सीमा के वकील ने दलील दी कि पाकिस्तान से ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा आकर रहने वाली सीमा हैदर और उसके प्रेमी सचिन मीणा ने नेपाल स्थित काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में शादी कर चुके हैं। अब वो अपने बच्चों को लेकर पति सचिन के साथ रहना चाहती है। सीमा ने भी न्यायाधीश से अपील की कि वह अब भारत में ही रहेगी और कभी पाकिस्तान नहीं जाना चाहती। इसके बाद अदालत ने सीमा उसके पति सचिन और ससुर नेत्रपाल को सशर्त जमानत दे दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब तक मामले की सुनवाई चल रही है तब तक सचिन और सीमा अपने घर का पता नहीं बदलेंगे। देश छोड़कर नहीं जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के कराची निवासी सीमा हैदर को पबजी गेम खेलते हुए नोएडा के रबूपुरा निवासी सचिन मीणा से प्रेम हुआ था। इसके बाद दोनों ने एक साथ रहने की ठान ली। सीमा अपने चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते अवैध तरीके से 13 मई को भारत आई। ग्रेटर नोएडा के रबुपुरामें किराए का मकान लेकर प्रेमी सचिन पाकिस्तानी प्रेमिका और उसके चार बच्चों के साथ रह रहा था। दोनों पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे। जब पुलिस को इस बात की भनक लगी तो सचिन और सीमा बच्चों समेत घर छोड़कर भाग गए। काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने सीमा हैदर, सचिन और सचिन के पिता नेत्रपाल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। आरोपितों के अधिवक्ता ने अदालत में तीनों की जमानत के लिए अर्जी दाखिल की। इसमें दलील दी गयी कि सचिन और सीमा एक दूसरे से प्रेम करते हैं। उन्होंने एक दूसरे के साथ जीने-मरने की कस्में खाई हैं। सचिन और सीमा ने काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में शादी कर ली थी। शादी के बाद ही सीमा ने नेपाल से भारत की सीमा में प्रवेश किया है। कोर्ट ने दलील सुनने के बाद सशर्त जमानत दे दी है।

# कोयला कारोबारी पर फायरिंग मामले में पुलिस के हाथ खाली, अमन साहू के गुर्गे ने दी चेतावनी

**रांची, (हि. स.)।** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी रंजीत कुमार गुप्ता उर्फ छोटू गुप्ता पर हुई फायरिंग मामले में अब तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। इस वजह से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालांकि, पुलिस मामले के खुलासे के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। रंजीत की पत्नी अंजु गुप्ता के बयान पर एफआईआर दर्ज किया गया है। घायल कारोबारी रंजीत कुमार गुप्ता मुरी के हिंडाल्को जाने वाले थे और वहां दोपहर को मीटिंग थी। इसी बीच घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। मामले में बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों को आरोपित बनाया गया है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि मामले की जांच जारी है लेकिन अब तक पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। फिलहाल किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस यह कोशिश कर रही है कि मामले का खुलासा जल्द से जल्द हो। इसके लिए छापेमारी की जा रही है। उधर, अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया फेसबुक पर पोस्ट किया है कि रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे गुप्ता को ईश्वर ने बचा लिया। हमने उसे मार दिया था।

अब नयी जिंदगी मिली है तो उसे चेतावनी है कि जुबान पर लगाम रखे और बॉस या मेरे बारे में अनर्गल बयानबाजी नहीं करे वरना रांची नहीं लंदन में भी रहेगा तो ठोक देंगे। साथ ही लिखा है कि उन्हें भी चेतावनी है जो बॉडीगार्ड लेने के लिए और अपना स्टेटस सिम्बल मेंटेन रखने के लिए बॉस के नाम पर और मेरे नाम पर फर्जी केस करते हैं। मयंक सिंह ने लिखा है कि मैंने पहले भी कहा था और अभी भी कह रहा हूं, जहां तक मेरा कॉल जाता है, वहां तक मेरी गोली भी जाती है, चाहे वो कितना भी पावरफुल हो। हर उस आदमी को बता देना चाहता हूं कि जिन्हें मेरा कॉल गया है, उन्हें देर सबेर मेरी गोली मिलेगी। मयंक सिंह ने पोस्ट में आगे लिखा है कि झूठा हवा बनाते हैं कि फलाना सांसद का आदमी हूं। फलाना मंत्री तक मेरी पहुंच है। फलाना अधिकारी से मेरा उठना बैठना है।

# हाई कोर्ट में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार समेत तीन की याचिका पर 20 जुलाई को सुनवाई



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित तीन आरोपितों की क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई 20 जुलाई को होगी। मामले में याचिकाकतो की ओर से कोर्ट से समय की आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने याचिकाकतो के आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई 20 जुलाई निर्धारित की। दरअसल, दवा घोटाला मामले में आरोपित डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटिशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। याचिकाकतो की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकतो की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है। दवा एवं अन्य की खरीद के लिए उन्होंने केवल स्वीकृति प्रदान की थी। पैसे का कोई लेन-देन का मामला नहीं बनता है।

# पलामू में टीपीसी उग्रवादी संतोष भुइयां गिरफ्तार



**पलामू, (हि.स.)।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत अनगड़ा जंगल में सुरक्षाबलों और तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमेटी (टीपीसी) के बीच मुठभेड़ के बाद फरार उग्रवादी संतोष भुइयां को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टीपीसी कमांडर संतोष भुइयां पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र स्थित नागद का रहने वाला है। वह शुक्रवार को पलामू-चतरा सीमा मुठभेड़ के बाद फरार हो गया था। मुठभेड़ के बाद पलामू पुलिस ने सीमावर्ती इलाके में सर्च अभियान चलाकर संतोष भुइयां को गिरफ्तार किया। संतोष भुइयां पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में 2021 में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल था। वह 2022 में चतरा के कुंदा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ हुए मुठभेड़ की घटना में शामिल था। उसपर पलामू चतरा सहित अन्य जिलों के थानों में कई मामले दर्ज हैं।

# स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी परिषद ने आयोजित किया मेहंदी प्रतियोगिता




**बेगूसराय, (हि.स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंझौल नगर इकाई के द्वारा शनिवार को नगर उपाध्यक्ष अनिता कुमारी के नेतृत्व में राजेश्वरी दीनानाथ परमेश्वरी बालिका प्लस-टू उच्च विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्राएं शामिल हुई। इस अवसर पर अभाविप के राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख कन्हैया कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद लगातार देश के कोने-कोने में पहुंचकर, खासकर शैक्षणिक कैंपस में जाकर छात्र-छात्राओं के बीच रचनात्मक कार्यक्रम चलाकर जागृति पैदा करने का काम कर रहा है। यह आने वाले दिनों में युवाओं के लिए अपने कला को निखारने में महती भूमिका के तौर पर देखा जा रहा है। मुख्य अतिथि संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन सिंह ने कहा कि आज पूरे दुनिया में यह छात्र संगठन अनुशासन को अग्रिम पंक्ति में रखते हुए छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ला रहा है। छात्राओं को खास करके कला के क्षेत्र में आगे जाने का एक सुंदर प्लेटफार्म विद्यार्थी परिषद तैयार करवा रहा है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ऐसा कार्यक्रम करके युवाओं के बीच सुंदर संदेश देने का काम कर रहे हैं। नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार गप्पू एवं अनिता कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सकारात्मक सोच के साथ विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से एक बेहतर प्लेटफार्म तैयार कर रहा है। यह कहीं ना कहीं सामाजिक जीवन का एक उत्कृष्ट संदेश है। विद्यार्थी परिषद छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस जैसा कार्यक्रम लगातार देश के सभी शैक्षणिक कैंपस में करते आ रहा है। फलस्वरुप छात्राओं में इस संगठन के प्रति रुझान देखा जा रहा है। शिक्षिका सविता कुमारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रियदर्शनी कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सभी प्रखंड में स्थापना दिवस पर लगातार सप्ताहिक कार्यक्रम कर रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं और छात्रों को संगठन से जोड़ा जा रहा है। मौके पर मनीष कुमार, शैलेश कुमार, चंदन कुमार, किरण कुमारी, निशु कुमारी, पल्लवी कुमारी, प्रियदर्शनी झा, ज्योति कुमारी एवं अंशु कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# 450 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस भागलपुर रेलवे स्टेशन



**भागलपुर, (हि.स.)।** भागलपुर रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर शनिवार को मालदा डिवीजन के जीएम एपी द्विवेदी और डीआरएम विकास कुमार चौबे भागलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय सांसद अजय मंडल के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के जीएम एपी द्विवेदी ने बताया कि गोड्डा से निरीक्षण करते हुए हम लोग भागलपुर स्टेशन पहुंचे हैं। यात्रियों की सुविधा और स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। रेलवे का विकास हमारा मुख्य मुद्दा है। अभी के व्यवस्था में और क्या बेहतर हो सकता है। उस पर हम लोग विशेष नजर बनाए हुए हैं। साफ-सफाई, शौचालय, पानी की व्यवस्था और स्टेशन के आगे के विस्तार जैसे बिंदुओं पर हम लोगों की नजर है। उन्होंने बताया कि स्टेशन के विस्तार का प्रोजेक्ट है। वह रेलवे बोर्ड के पास है। जैसे ही इसे स्वीकृति मिलेगी उस पर जोर शोर से कार्य प्रारंभ हो जाएगा। यह प्रोजेक्ट 450 करोड़ रूपए की लागत का है। भागलपुर स्टेशन मालदा डिवीजन का सबसे बड़ा स्टेशन है। यहां से ज्यादा संख्या में यात्री का आना जाना होता है। यहां के यात्रियों के लिए सरकार विशेष पहल कर रही है। उन्होंने बताया कि 450 करोड़ की लागत से बनने वाले नए भागलपुर स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। प्रवेश और निकासी अलग होंगे। यह स्टेशन अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। जहाँ 72 मीटर चौड़े एफओबी बनेंगे। जिसमें लोग आराम कर सकेंगे। जहाँ खाने-पीने की उचित व्यवस्था होगी। स्वचालित सीढ़ी की व्यवस्था रहेगी। लिफ्ट रहेगी। इसके लिए भागलपुर शहर वासियों को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। इसके बनने में कम से कम ढाई से तीन साल लगेंगे। निरीक्षण के बाद जीएम एपी द्विवेदी, डीआरएम विकास कुमार चौबे और सांसद अजय मंडल ने रेलवे अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए।

# जनता दरबार मे 6 में 2 मामले हुए निष्पादित



**किशनगंज, (हि.स.)।** सदर थाना सहित जिले के सभी थानों में शनिवार को जमीनी विवाद के निपटारे को लेकर जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार मे फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंच रहे थे। डीएम व एसपी के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को सभी थानों में जनता दरबार लगाया जाता है। अलग अलग थाना में लगाये गए जनता दरबार मे फरियादियों की भीड़ जुटी। दूर दराज के गांवों से भी लोग फरियाद लेकर पहुंचे थे। सदर थाने में लगाये गए जनता दरबार में कुल छह मामला सामने आया। जिसमें दो ही मामले का निष्पादन मौके पर किया गया। दूसरे पक्ष के नहीं पहुंचने के कारण चार मामला नहीं निपटाया गया। दूसरे पक्ष के नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई की अगली तिथि दी गई। सीओ समीर कुमार, अंचल निरीक्षक गंगा राम टुडू, सदर थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह की मौजूदगी मे लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। पूर्व में दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। डीएम श्रीकांत शास्त्री व एसपी डा० इनाम उल हक मेगनु के निर्देश पर जिले के सभी थानों में जनता दरबार लगाया जाता है। एसपी डा मेगनु ने कहा कि जमीनी विवाद से जुड़े मामलों में थानों में जनता दरबार लगाया जाता है। जिसमे सुलह के आधार पर थानों में लगने वाले जनता दरबार मे मामलों का निष्पादन किया जता है।

## संपादकीय

# अधिकार बनाम अधिकार

**सियासत** जिस चरागाह पर चलने लगी है, वहां हिमाचल के लिए बंजरपन तसदीक हो जाता है। प्रदेश का चरित्र इसी धूप छांव में सियासी सोच के कारण अपनी विवशताओं का खुलासा करता है, जबकि राज्य की चुनौतियों के सामने नए प्रयास, ऊर्जा और आपसी सहयोग की जरूरत है। हैरानी होती है कि जिन अधिकारों की पैमाइश हमारे नेता करते हैं, उनसे हमारे प्रदेश के आर्थिक अधिकार कहीं पंगु बनाए जा चुके हैं। ताजातरीन उदाहरण चंबा जिला से है जहां एक खेलकूद प्रतियोगिता के गले में बंधी घंटी बजाकर राजनीति अपने होने की सूचना दे रही है। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हिमगिरि में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता के सामने दो आईने टूटे और इस टूट-फूट में हिमाचल के सरोकार घायल हो गए। सत्ता बदल गई तो ऐसी प्रतियोगिताओं का स्पर्श भी बदल गया, लिहाजा जो महाशय उद्घाटन कर रहे थे, उन्हें कांग्रेसी वीआईपी माना गया और जिनको सियासी अधिकार नहीं मिला, वह भाजपाई विधायक इतने खिन्न हुए कि खेल प्रतियोगिता से कहीं बड़ी प्रतिस्पर्धा राजनीतिक हो गई। हम अंदाजा लगा सकते हैं कि वहां खिलाड़ियों का जोश, जज्बा और जुनून खेल के मैदान पर सियासत को देख रहा था। राजनीतिक अधिकारों की पैरवी में हिमाचल के नेताओं को यह अफसोस भी नहीं होता कि जिस पिच पर वे खेलते हैं, उसके लायक होने के लिए उन्हें कई जन्म लेने पड़ेंगे, लेकिन इस माहौल की दोषी जनता भी है। जब समाज अपने बीच के वरिष्ठ, अनुभवी, प्रतिष्ठित और अति योग्य लोगों के बजाय केवल राजनेताओं का दर्शन करने लगे या सरकारी दरबार में हाजिरी लगाते नागरिक समाज का स्वाभिमान गिरवी हो जाए, तो हम प्रदेश की अस्मिता कैसे जगा पाएंगे। इसका यह अर्थ भी है कि आम हिमाचली अपनी गैरत को गिरवी रख कर राजनेताओं के चरण चुंबक बन रहे हैं। इसी प्रदेश में देश के लिए कुर्बानियों का इतिहास लिखने वाले कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद हैं, लेकिन सरकारी समारोहों की रौनक में इनके लिए कोई स्थान नहीं मिलता। अब तो राष्ट्रीय और प्रादेशिक समारोहों में सत्ता पक्ष का लाव लश्कर और नेताओं के चमचे गुलकंद चाट रहे होते हैं। एक ओर इससे फिजूलखर्ची बढ़ रही है और दूसरी ओर सरकारी मशीनरी में राजनीतिक कॉडर बनता जा रहा है। उदाहरण के लिए कई सरकारी शिक्षण संस्थानों के मुखिया केवल ऐसे आयोजनों के मार्फत खुद को साधते हैं, नतीजतन हिमाचल के बीच एक ऐसा हिमाचल हमने विकसित कर लिया है जिसे केवल निजी और राजनीतिक स्वार्थों के लिए ही व्यवस्था का दोहन करना होता है। शिलान्यास, उद्घाटन या किसी समारोह के मुख्यातिथि के चयन का मकसद अगर सियासत की सीढियां बनी रहेंगी, तो अधिकारों की ऐसी बनियागिरी में बिकेंगे तो हिमाचल के ही अधिकार। आज राज्य के हर पक्ष और हर नागरिक की चिंता इस अधिकार को लेकर होनी चाहिए कि शानन विद्युत परियोजना हो या पंजाब पुनर्गठन में 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी को हासिल करने के लिए किस तरह दबाव बनाया जाए। वर्तमान राज्य सरकार अगर वाटर सेस जैसी परिकल्पना से वित्तीय संसाधन पैदा करना चाहती है, तो इस फैसले में विपक्ष का सहयोग अभिलषित है। ऐसे में शांता कुमार की 'हिमाचल अधिकार यात्रा' का जिक्र बड़े ही फख्र से होना चाहिए जिन्होंने दिल्ली मार्च के जरिए विद्युत परियोजनाओं से पहली बार मुफ्त की बिजली का अधिकार प्राप्त करने में आरंभिक सफलता हासिल की थी। तब बीबीएमबी से 15 फीसदी बिजली मिलने से भी एक रास्ता खुला था जो फिलहाल बंद है। ऐसे में शांता कुमार आज भी अगर सुक्खू सरकार के साथ हिमाचली अधिकारों के पक्ष में खड़ा होना चाहते हैं, तो उनकी पार्टी के सक्रिय नेताओं को भी इसका अनुसरण करना होगा। सरकारें आती-जाती रहेंगी और सियासी वर्चस्व भी बदलता रहेगा, लेकिन हिमाचली अस्मिता बरकरार रहेगी तो पीढियां आगे बढ़ेंगी। चंबा की खेलों का उद्घाटन करके शायद एक तरफ की राजनीति को सुकून मिल जाए, लेकिन वहीं अगर प्रदेश का कोई ओलंपिक खिलाड़ी बुलाया गया होता तो बच्चों में जीतने का एहसास भी खेल भावना से बढ़ जाता। चंबा में विधायक की हार-जीत का फैसला समर्थकों की नारेबाजी से शायद ही होगा, लेकिन शानन विद्युत परियोजना पर हिमाचली अधिकारों की जीत आत्मनिर्भर हिमाचल की रगों में संचार जरूर करेगी।

सत्ता बदल गई तो ऐसी प्रतियोगिताओं का स्पर्श भी बदल गया, लिहाजा जो महाशय उद्घाटन कर रहे थे, उन्हें कांग्रेसी वीआईपी माना गया और जिनको सियासी अधिकार नहीं मिला, वह भाजपाई विधायक इतने खिन्न हुए कि खेल प्रतियोगिता से कहीं बड़ी प्रतिस्पर्धा राजनीतिक हो गई। हम अंदाजा लगा सकते हैं कि वहां खिलाड़ियों का जोश, जज्बा और जुनून खेल के मैदान पर सियासत को देख रहा था। राजनीतिक अधिकारों की पैरवी में हिमाचल के नेताओं को यह अफसोस भी नहीं होता कि जिस पिच पर वे खेलते हैं, उसके लायक होने के लिए उन्हें कई जन्म लेने पड़ेंगे, लेकिन इस माहौल की दोषी जनता भी है। जब समाज अपने बीच के वरिष्ठ, अनुभवी, प्रतिष्ठित और अति योग्य लोगों के बजाय केवल राजनेताओं का दर्शन करने लगे या सरकारी दरबार में हाजिरी लगाते नागरिक समाज का स्वाभिमान गिरवी हो जाए, तो हम प्रदेश की अस्मिता कैसे जगा पाएंगे। इसका यह अर्थ भी है कि आम हिमाचली अपनी गैरत को गिरवी रख कर राजनेताओं के चरण चुंबक बन रहे हैं। इसी प्रदेश में देश के लिए कुर्बानियों का इतिहास लिखने वाले कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद हैं, लेकिन सरकारी समारोहों की रौनक में इनके लिए कोई स्थान नहीं मिलता। अब तो राष्ट्रीय और प्रादेशिक समारोहों में सत्ता पक्ष का लाव लश्कर और नेताओं के चमचे गुलकंद चाट रहे होते हैं। एक ओर इससे फिजूलखर्ची बढ़ रही है और दूसरी ओर सरकारी मशीनरी में राजनीतिक कॉडर बनता जा रहा है। उदाहरण के लिए कई सरकारी शिक्षण संस्थानों के मुखिया केवल ऐसे आयोजनों के मार्फत खुद को साधते है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सुपर सिटिजन की स्टेज में पहुंचने के बावजूद मजबूती से खड़े हैं

# अमेरिका और चीन के बीच तनाव से निवेशकों की भारत पर निगाहें

**ललित मोहन बंसल**

अमेरिका और चीन के बीच शीत युद्ध के कारण ट्रम्प प्रशासन ने चीन के आयातित माल पर कंट्रोल और टैरिफ में वृद्धि की थी, उसे बाइडन प्रशासन भी कम करने के मूड में नहीं है। इससे चीन के कल कारखाने बंद हो रहे हैं, बेरोजगारी चरम सीमा पर है और अमेरिकी निवेशकों की निगाहें भारत सहित पड़ोसी देशों पर लगी हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार बढ़ा है। इसमें भारत को पिछले वर्ष एक सौ अरब डालर की चपत लगी है तो अमेरिका ने चीन से आयात में कटौती कर उसे करीब ढाई सौ अरब डालर सालाना की चपत दे दी है। यूक्रेन युद्ध से चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोपीय इकॉनमी मंदी की चपेट में हैं। इस बीच भारत ही एकमात्र देश ऐसा है, जिसकी ग्रोथ बढ़ी है, मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने एक तटस्थ राष्ट्र के रूप में रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीद कर अरबों डालर की बचत की है, तो अपने गेहूं, चावल और अन्यान्य खाद्यान्न के निर्यात पर समय रहते प्रतिबंध लगा कर मंदी पर अंकुश लगाया है।

**चीन** ने घरेलू जरूरतों की पूर्ति के बावजूद अंतरराष्ट्रीय पर एक सुदृढ़ सप्लाई लाइन से वैश्विक मुद्रा अमेरिकी डालर में कमाई की है। आज वह सूई से लेकर ड्रोन और मिसाइल तक निर्यात करने की क्षमता रखता है। चीन के सम्मुख आज दिक्कत यह है कि कोविड की मार से विश्व इकॉनमी में शिथिलता आ गई है। रही सही कसर अमेरिका ने पूरी कर दी है। अमेरिका और चीन के बीच शीत युद्ध के कारण ट्रम्प प्रशासन ने चीन के आयातित माल पर कंट्रोल और टैरिफ में वृद्धि की थी, उसे बाइडन प्रशासन भी कम करने के मूड में नहीं है। इससे चीन के कल कारखाने बंद हो रहे हैं, बेरोजगारी चरम सीमा पर है और अमेरिकी निवेशकों की निगाहें भारत सहित पड़ोसी देशों पर लगी हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार बढ़ा है। इसमें भारत को पिछले वर्ष एक सौ अरब डालर की चपत लगी है तो अमेरिका ने चीन से आयात में कटौती कर उसे करीब ढाई सौ अरब डालर सालाना की चपत दे दी है। यूक्रेन युद्ध से चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोपीय इकॉनमी मंदी की चपेट में हैं। इस बीच भारत ही एकमात्र देश ऐसा है, जिसकी ग्रोथ बढ़ी है, मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने एक तटस्थ राष्ट्र के रूप में रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीद कर अरबों डालर की बचत की है, तो अपने गेहूं, चावल और अन्यान्य खाद्यान्न के निर्यात पर समय रहते प्रतिबंध लगा कर मंदी पर अंकुश लगाया है। इससे भारत डालर में बचत कर विश्व इकॉनमी में पांचवें पायदान पर आ गया है, तो मंदी से भी देश को राहत दिलाई है। यह सच है, रूसी सप्लाई लाइन में अड़चन से विश्व इकॉनमी को झटके लगे हैं। इससे चीन तिलमिलाया हुआ है। अमेरिका में अगले वर्ष नवम्बर में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सुपर सिटिजन की स्टेज में पहुंचने के बावजूद मजबूती से खड़े हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोबारा आमने-सामने होंगे। एक लिबरल और डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन ने स्टिक और कैरेट की नीति को तिलांजलि दी है। भारत से सम्बंध सुधारते हुए रक्षा साजो सामान के उत्पादन, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च स्तर की भागीदारी तथा द्विपक्षीय ट्रेड में नए आयाम स्थापित करने के लिए ढेरों द्विपक्षीय समझौते किए हैं। इससे अमेरिका और भारत के बीच सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। इससे चीन को ठेस पहुंची है। चीन की विस्तारवादी नीतियों, प्रशांत क्षेत्र में निर्बाध और मुक्त व्यापार तथा दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना के लड़ाकू और टोही



विमानों की मौजूदगी से सागरतटीय देशों फिलिपींस, जापान, आस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम आदि देशों में असुरक्षा की भावना उपजी है। अमेरिका ने भू-राजनैतिक दृष्टि से भारत से मित्रता का हाथ बढ़ाया है। अमेरिका के नेतृत्व में भारत, जापान और आस्ट्रेलिया चार देशों की नौ सेना "कवाड" के जरिए सागर तटीय क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई है। इस कवाड को लेकर चीन हताश-निराश है। चीन ने इस कवाड को एक मिनी नाटो के नाम से निंदा की है। अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड और निवेश सम्बन्धी रिश्तों के बाद चीन में हाशिये पर बैठे अमेरिकी उद्यमी सस्ते श्रम और बिजली पानी की दरकार में भारत पर निगाहें लगाए हुए हैं। एपल के बाद माइक्रोन, गुगुल सहित विमानिक के क्षेत्र में अमेरिकी कम्पनियों ने हाथ बढ़ाए हैं तो एलन मस्क ने अगले वर्ष तक टेस्ला कार निर्माण की सम्भावना जगाने का आश्वासन दिया है। एक ग्लोबल लीडर के रूप में ख्यात नरेन्द्र मोदी से अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। अमेरिकी मीडिया में कहा जा रहा है कि अमेरिकी कम्पनियां निवेश से पूर्व निश्चित तौर पर अगले वर्ष भारत में होने वाले चुनाव तक प्रतीक्षा करेंगी। इन्हें लगता है कि केंद्र में सत्तारूढ़ एक पार्टी की सरकार आती है, तो अमेरिकी निवेश को भारत के द्वार तक लाना सहज होगा। बाइडन का इस समय प्रशासन और पार्टी पर पूर्ण नियंत्रण है। इसके बावजूद उन्होंने अपने सहयोगी वाम मार्गी और मध्य मार्गियों के आग्रह पर चीन से तनाव में कमी के लिए पहले विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकेन और फिर वित्त मंत्री जेनेत एलन को बीजिंग भेजा है। इसे बाइडन के अनुभवी राजनेता के रूप चित्रित किया जा रहा है। इसे चुनाव पूर्व अमेरिका और चीन में तनाव में कमी लाने के लिए परस्पर बातचीत और राजनयिक वार्ता को जरूरी बताया जा रहा है। इन यात्राओं का चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग की 'ताइवानी सोच' पर कितना अंतर पड़ेगा, नहीं कुछ कहा जा सकता। इसके बावजूद एक वर्ग विशेष इन यात्राओं में सम्भावनाएं ही तलाश रहे हैं। असल में दोनों ही पक्षों की ओर से घाव इतने गहरे दिए गए हैं कि इन पर राजनयिक मरहम का जल्दी असर होता दिखाई नहीं पड़ता। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में शीर्षस्थ शी का लक्ष्य एकदम सीधा और सपाट है। वह 'वन चाइना पालिसी' के तहत ताइवान को मेनलैंड चाइना का एक हिस्सा मानते हैं। वह ताइवान के अंदरूनी मामलों में अमेरिका ही नहीं, दुनिया के किसी को हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देना चाहते। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की स्पीकर और तीसरे बड़े ओहदेदार के रूप में नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा और डेमोक्रेसी के नाम पर ताइवान को हथियारों का जखीरा देने के आश्वासन नाम से क्षुब्ध है। इधर अमेरिका भी ताइवान में जनता की चुनी हुई सरकार और डेमोक्रेसी के बचाव में साम दाम दंड भेद से पूरी तरह सजग हैं। ब्लिंकेन के दौरे का असर इतना ही पड़ा कि चीन के राजनयिक गलियारों में कुछ कुछ नमी देखी गई है। चतुर और अनुभवी ब्लिंकेन चीनी नेताओं पर अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे हैं और इसीलिए ब्लिंकन की शी से सौहार्द पूर्ण माहौल में पारस्परिक तनाव के मुद्दों पर उचस्तरीय बात हो सकी। फ्ड रिजर्व की पूर्व चेयरपर्सन जेनेट एलन प्रोफेशनल हैं। वह बातों को दाएं बाएं घुमाने की बजाए सीधे विषय पर बात करने में सिद्धस्त हैं। उन्होंने बीजिंग पहुंचते ही साफ-साफ शब्दों में कह दिया कि वह राष्ट्रहितों की कीमत पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कह दिया कि चीन से निष्कंटक निर्यात और आयातित माल पर अधिभार को हटाने अथवा उसमें कमी लाए जाने पर कोई समझौता नहीं होगा। इधर चीनी नेताओं की मानें तो फिर जेनेट के चीन दौरे का कोई माने नहीं है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर पिछले कुछ अरसे से तनाव व्याप्त है। इसके बावजूद चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि हो रही है। चीन ने भारतीय मंडी में इलेक्ट्रॉनिक, आर्गेनिक केमिकल, फार्मा, बिजली साजो सामान तथा खिलौने और वेशभूषा आदि में सस्ते से सस्ता सामान झोंक कर भारतीय उद्योग को क्षति पहुंचाई है। इसमें भारत सरकार को अमेरिकी सरकार की तर्ज पर आयात में नियंत्रण और चीन के माल पर अधिभार लगाना होगा। भारतीय उपभोक्ताओं को अतिरिक्त अधिभार से थोड़ी तकलीफ होगी, पर यह निर्णय देश हित में होगा। इससे बंद पड़े उद्योग शुरू होंगे, रोजगार में इजाफा होगा।

# विपक्ष को थमा दिया भ्रष्टाचार का मुद्दा

भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे अजित पवार और दूसरे विधायकों को महाराष्ट्र सरकार में शामिल करवा कर पक्षपात करने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का मौका विपक्षी दलों को दे दिया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि जिन पर कल तक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे, उन्हें सरकार में मंत्री बना लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही एनसीपी को नेचुरली करप्ट पार्टी कहा था, अब वही दल महाराष्ट्र की भाजपा सरकार में सत्ता में भागीदारी कर रहा है। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री बनाए अजित पवार को पीएम मोदी ने कॉआपरेटिव घोटाले का आरोपी बताया था। इसका जिक्र मोदी ने भोपाल में दिए गए भाषण में किया था। इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार आने पर अजित दादा चक्की पीसिंग एंड पीसिंग। अब वही पवार उपमुख्यमंत्री का पद पाकर फडणवीस के बराबर आ गए। पाला बदल कर आए छगन भुजबल महाराष्ट्र सदन घोटाले में जेल तक जा चुके हैं।

**भ्रष्टाचार** और करें तो छापा मारे, यह पंक्ति मौजूदा हालात में भाजपा पर काफी सटीक बैठती है। विपक्षी नेताओं पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई किसी से छिपी नहीं है। भ्रष्टाचार में संलिप्त कई नेता भाजपा में शामिल हुए और उनसे जुड़े मामलों पर ताला लग गया। विपक्षी पार्टियों की ओर से भी लगातार यह आरोप लगाए जाते रहे हैं कि भाजपा वाशिंग पाउडर की तरह है, उसमें जो भी जाता है उसके सारे दाग धुल जाते हैं। जिन पर घोटाले के कई बड़े आरोप हैं और उसके बावजूद जांच एजेंसियों की ओर से उन्हें क्लीन चिट मिली हुई है। महाराष्ट्र सरकार में अजित पवार समेत कई नेताओं के शामिल होने के बाद से बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे अजित पवार और दूसरे विधायकों को महाराष्ट्र सरकार में शामिल करवा कर पक्षपात करने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का मौका विपक्षी दलों को दे दिया। विपक्षी नेताओं का कहना है कि जिन पर कल तक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे, उन्हें सरकार में मंत्री बना लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही एनसीपी को नेचुरली करप्ट पार्टी कहा था, अब वही दल महाराष्ट्र की भाजपा सरकार में सत्ता में भागीदारी कर रहा है। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री बनाए अजित पवार को पीएम मोदी ने कॉआपरेटिव घोटाले का आरोपी बताया था। इसका जिक्र मोदी ने भोपाल में दिए गए भाषण में किया था। इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार आने पर अजित दादा चक्की पीसिंग एंड पीसिंग। अब वही पवार उपमुख्यमंत्री का पद पाकर फडणवीस के बराबर आ गए। पाला बदल कर आए छगन भुजबल महाराष्ट्र सदन घोटाले में जेल तक जा चुके हैं। इसी तरह हसन मुशरिफ और उनके तीन बेटों पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। मंत्री बनी अदिति तटकरे के पिता के खिलाफ एसीबी ने सिंचाई घोटाले में चार्जशीट फाइल कर रखी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने अंडरवल्र्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी इकबाल मिर्ची के मुंबई में एक प्लॉट पर बिल्डिंग बनवाई। ऐसे आरोप लगे कि इस बिल्डिंग में प्रफुल्ल पटेल का भी एक फ्लैट है। इस साल फरवरी में बिल्डिंग के चार फ्लोर को अटैच किया था। इसके अलावा एविएशन स्कैम में भी प्रफुल्ल पटेल जांच के दायरे में हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि जो भाजपा का दामन थाम लेता है, उसका दामन पाक साफ हो जाता है। विगत वर्षों में भाजपा में शामिल होने के बाद शुभेन्दु अधिकारी, हिमंत बिस्वा सरमा, मुकुल रॉय, नारायण राणे जैसे कई भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं के दाग धुल गए हैं। इस कवायद पर एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने तंज कसते हुए कहा कि दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने एनसीपी को भ्रष्टाचार के लिए टारगेट किया था, प्रधानमंत्री का शुक्रिया कि उनके सरकार में शामिल होने से वे सभी आरोपों से मुक्त हो गए हैं। 2014 के बाद से नरेंद्र मोदी सरकार लगातार विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। छापेमारी और समन खासकर तब तेज हो जाते हैं जब चुनाव नजदीक हो। लेकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं है क्योंकि अगर यह लड़ाई होती तो यह भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं को नहीं बख्शती। इस भ्रष्टाचार-विरोधी एजेंडे की चयनात्मक प्रकृति इसे एक जादू-टोना बना देती है। यह जादू-टोना मोदी सरकार द्वारा विवादास्पद राफेल सौदे की जांच कराने से इनकार करने, या जिस तरीके से उसने पांच साल के लिए लोकपाल नियुक्त करने में अपने पैर खींच लिए थे, उसके बिल्कुल विपरीत है। बीजेपी आती है, तो भ्रष्टाचार भागता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी के बाद भ्रष्टाचार फिर से राजनीति के केंद्र में आ गया है। आजादी के बाद से ही भारत में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा रहा है और सभी पार्टियां इसे खत्म करने का दावा करती रही हैं। बीजेपी भी इससे अछूती नहीं है। पिछले दिनों सीबीआई और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 14 दलों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया तो खुद प्रधानमंत्री मोदी इसके बचाव में उतर आए। हालांकि कोर्ट से विपक्षी दलों को निराशा हाथ लगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त नेता एक साथ एक मंच पर आ रहे हैं। कुछ दलों ने भ्रष्टाचारी बचाओ आंदोलन छेड़ा हुआ है, लेकिन एक्शन नहीं रुकेगा। प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बाद विपक्ष ने भी इस बार जोरदार पलटवार कर दिया। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने मंच पर वाशिंग मशीन लगाकर बीजेपी पर तंज कसा। ममता ने कहा कि बीजेपी वाशिंग मशीन है और दागियों को धुलकर सफेद कर देती है। ममता ने इसका लाइव डेमो भी दिखाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने भी ट्वीट कर मोदी सरकार पर निशाना साधा। खडग़े ने कहा कि विपक्ष के 95 फीसदी नेताओं पर ईडी और सीबीआई का केस दर्ज हुआ है, लेकिन जो नेता बीजेपी में शामिल हो जाते हैं उसका दाग धुल कर साफ कर दिया जाता है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि वे कहते हैं कि बीजेपी में आकर भ्रष्टाचार करो। गौरतलब है कि ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग को लेकर विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। पीएम मोदी को लिखे पत्र में विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार विपक्ष के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है, साथ ही बीजेपी नेताओं के खिलाफ जांच धीमी गति से चलती है। चिट्ठी में ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के कथित दुरुपयोग की निंदा की गई। विपक्ष ने केंद्रीय एजेंसियों की खराब होती छवि पर गहरी चिंता व्यक्त की। चाल, चरित्र और चेहरे के बदलाव का दावा करने वाली भाजपा ने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार के आरोपी एनसीपी के विधायकों को सरकार में शामिल करा कर कथनी और करनी के अंतर को मिटा दिया है। अब सवाल यही उठता है कि भाजपा किस मुंह से विपक्ष पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप लगाते हुए देश के लोगों को आगाह कर पाएगी। भाजपा कैसे कह पाएगी कि विपक्ष के गठबंधन की कवायद सत्ता पाने की आड़ में भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए है। यदि राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो भाजपा को महाराष्ट्र में आरोपी एनसीपी विधायकों को सरकार में शामिल कराने से कोई बहुत बड़ा राजनीतिक फायदा नहीं मिलने वाला, किन्तु इससे भाजपा का भ्रष्टाचार का अभियान जरूर भौंथरा हो गया, जिसे प्रमुख आधार बना कर भाजपा ने न सिर्फ केंद्र में, बल्कि कई प्रदेशों में सत्ता हासिल की है। भाजपा ने राह चलते ही विपक्षी दलों को उल्टे हमले का मुद्दा थमा दिया।

## देश दुनीया से

# महिला अधिकारों को जनसंख्या नियंत्रण जरूरी

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1989 से हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1990 में पहली बार वैश्विक स्तर पर 90 से अधिक देशों ने जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक करने के लिए इसे मनाया था। हर वर्ष की तरह इस बार भी एक महत्वपूर्ण थीम के साथ 'हाउ टू सेफगार्ड हेल्थ एंड राइट्स ऑफ वूमन एण्ड गल्र्स' विषय को ध्यान में रखते हुए विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है क्योंकि बढ़ती जनसंख्या का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव प्रकृति एवं महिलाओं पर ही पड़ता है। जनसंख्या में पहले पायदान पर विराजमान भारत जैसे देश में बढ़ती जनसंख्या के कारण आर्थिक व सामाजिक असमानता, बेरोजगारी और अपराध विशेषकर महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कारण माना जा सकता है। अभी हाल में ही संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या फंड द्वारा स्टेट ऑफ वल्र्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जनसंख्या लगभग 1.428 मिलियन हो गई है जिसका मुख्य कारण प्रजनन दर में कमी है जो मात्र 2.0 और मृत्यु दर में कमी, जो 1000 प्रति एक पर 7.4 रह गई है, जो वर्ष 1950 से 22.2 थी, हालांकि इसमें मुख्य बात यह है कि भारत जैसे विविधता पूर्ण देश में विभिन्न धर्म एवं विभिन्न जातियां हैं और जिस धर्म व जाति में शिक्षा की दर कम है, विशेषकर महिला वर्ग में, उसमें जनसंख्या वृद्धि अन्य के मुकाबले ज्यादा है। ऐसे में इस विशेष वर्ग में लिंग असमानता और गरीबी के कारण आबादी तो बढ़ ही रही है और उसके साथ अपराध, नशा व भिन्न जीवन स्तर में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। गौर करने वाली बात यह है कि भारत दुनिया का पहला ऐसा देश है जिसने 1952 में ही परिवार नियोजन को अपना लिया था। लेकिन परिवार नियोजन का मॉडल कानूनी तौर पर लागू नहीं किया गया। वहीं दूसरी तरफ वर्ष 1996 में हमारे देश में पॉपुलेशन का काहिरा मॉडल अपनाया गया है जिसके तहत छोटे परिवार का मॉडल किसी भी परिवार पर थोपा नहीं जा सकता बल्कि उनकी इच्छा से छोटा परिवार अपनाने पर बल दिया जाता है। लेकिन हमारे देश का अनुभव यह कहता है कि राजनैतिक, धार्मिक व सामाजिक नेताओं की इच्छा शक्ति की कमी के कारण बेलगाम होती जनसंख्या शिक्षित वर्ग के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा शिक्षित व अशिक्षित महिला वर्ग को भुगताना पड़ता है क्योंकि हमारे समाज में परिवार का मुखिया पुरुष ही होता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के मुताबिक 50 प्रतिशत गर्भ अनचाहे होते हैं जो परिवार के दबाव में जनसंख्या में तबदील हो जाते हैं। इस संदर्भ में जनसंख्या नियंत्रण का कानून बहुत जरूरी हो जाता है। हमारे देश में कानून बनने से ही काफी हद तक समस्याएं नियंत्रित की जा सकती हैं क्योंकि यहां समाज के विभिन्न वर्गों की इच्छाशक्ति स्वयं तक ही टिक जाती है। चाहे पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़े, चाहे संसाधन अगली पीढ़ी के लिए न बचे, चाहे गरीबी, कुपोषण व महामारियों से आसपास का कोई अपना ही मर जाए, लेकिन अपने धर्म व जाति की रफ्तार तेजी से बढऩी चाहिए, उसके लिए कानूनी तौर पर विवाह की आज्ञा दी ही गई है। हालांकि अन्य पहलू यह भी है कि संयुक्त राष्ट्र की ही रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में 15-64 वर्ष के बीच 68 प्रतिशत आबादी है जो युवा एवं कार्यशील है। इसलिए भारत दुनिया का सबसे युवा देश है एवं जनसंख्या में नम्बर वन होने के कारण यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल में स्थायी सदस्यता का दावा भी करता है। लेकिन जनसांख्यिकी लाभ को कैसे देश के विकास में लाया जाए, इसके लिए सरकार को दूरदर्शी मॉडल पर काम करना चाहिए।

चाहे पर्यावरण पर नकारात्मक असर पड़े, चाहे संसाधन अगली पीढ़ी के लिए न बचे, चाहे गरीबी, कुपोषण व महामारियों से आसपास का कोई अपना ही मर जाए, लेकिन अपने धर्म व जाति की रफ्तार तेजी से बढऩी चाहिए, उसके लिए कानूनी तौर पर विवाह की आज्ञा दी ही गई है। हालांकि अन्य पहलू यह भी है कि संयुक्त राष्ट्र की ही रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश में 15-64 वर्ष के बीच 68 प्रतिशत आबादी है जो युवा एवं कार्यशील है। इसलिए भारत दुनिया का सबसे युवा देश है एवं जनसंख्या में नम्बर वन होने के कारण यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल में स्थायी सदस्यता का दावा भी करता है।

## कुछ अलग

# चंद्रमा पर तीसरी छलांग

**भारत** अंतरिक्ष में एक और छलांग लगाने वाला है। चांद पर जाने का तीसरा मिशन चंद्रयान-3 आगामी 14 जुलाई को छोड़ा जाएगा। यदि इसरो का यह प्रयास सफल रहा, तो करीब 3.84 लाख किलोमीटर का फासला तय कर चंद्रमा के ऑर्बिट तक पहुंचने वाला पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह होगा। उस सफलता के बाद भारत अमरीका, रूस और चीन के संभ्रांत क्लब में चौथा देश होगा। आकलन है कि हमारे मिशन का विक्रम लैंडर 23-24 अगस्त तक चांद की सतह पर सुरक्षित उतर पाएगा। वह उपलब्धि ऐतिहासिक होगी और भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा। साइकिल और बैलगाड़ी से जो सफर शुरू किया गया था, वह आज वैश्विक श्रेणी का है और 400 से अधिक कंपनियां भारत में अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम कर रही हैं। अमरीका, चीन, जापान, ब्रिटेन के बाद भारत 5वां देश है, जहां अंतरिक्ष अनुसंधान और कारोबार का इतना विस्तार है। अब अमरीका ने हमारे साथ समझौता किया है कि उसका नासा हमारे इसरो के साथ साझा मिशन, कारोबार और अनुसंधान पर काम करेगा। भारत के संदर्भ में यह परिवर्तन और विस्तार वाकई क्रांतिकारी है। भारत ने अंतरिक्ष विकास यात्रा के दौरान लगातार उपेक्षाएं और आलोचनाएं झेली हैं। भारत सांपों का, गोबर और गंदे गांवों का देश है, यह छवि हम दशकों तक तोड़ नहीं पाए। आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के 140 से अधिक स्टार्टअप भारत में कार्यरत हैं, जबकि किसी दौर में मात्र एक स्टार्टअप देशभर में काम करता था। इसी प्रगति ने भारत को सुपर पॉवर देशों की जमात में खड़ा किया है। दुनिया में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ रुपए की है। इसमें भारत का योगदान करीब 58000 करोड़ रुपए का है। भारत ने एक दशक का लक्ष्य तय किया है कि वह 30000 उपग्रह लॉन्च करेगा। यह बहुत बड़ा लक्ष्य है। हमारे अंतरिक्ष संबंधी स्टार्टअप की विशेषता यह है कि उनका फोकस नवाचार पर है। वे अमरीका और यूरोप की ही लकीर नहीं पीटना चाहते, बल्कि उनके काबिल अंतरिक्ष इंजीनियर लगातार नए अनुसंधान कर रहे हैं। नतीजतन विश्व की सबसे बड़ी कंपनियों में होड़ मची है कि इन स्टार्टअप में ज्यादा से ज्यादा निवेश कौन करता है। इसरो ने अंतरिक्ष में छलांग लगाने के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं, लिहाजा 2014 के बाद 44 मिशन और 42 लॉन्च वाहन मिशन भारत के नाम दर्ज हैं। हालांकि चंद्रयान-2 मिशन चांद की सतह पर उतरने से कुछ पहले असफल हो गया था

## नागरिक बोध

# थोड़ा सा अंग्रेज होते तो...

**हमारे** एक पुराने मित्र बहुत दिनों बाद मिले। उन्होंने हैट लगाया हुआ था। हमने व्यंग्य में कहा आज तो अंग्रेज़ लग रहे हो। बोले, यार, आजकल गर्मी में सूरज सुबह ही आ धमकता है और मुझ जैसे गंजे को धूप ज़्यादा लगती है, इसलिए हैट बहुत काम आता है। वैसे दिल की बात कहूं तो थोड़ा सा अंग्रेज़ होना अच्छा लगता है मुझे, और ज़्यादा बढिया तो तब हो, जब थोड़ा ज़्यादा अंग्रेज़ जैसे हो जाएं। हमारा किया व्यंग्य धूप में पिघला दिया था मित्र ने। हमने पूछा थोड़ा ज़्यादा अंग्रेज़ कैसे, वह बोले, वैसे तो हमारे यहां आम आदमी का, कम अंग्रेज़ होना भी बहुत मुश्किल है। देखिए न, हम गलत नक्षत्रों में पैदा हुए, संकीर्ण माहौल में पता नहीं कितने ही आकार और प्रकार के संस्कारों में पले-बढ़े और जी रहे हैं। वास्तव में देखा जाए तो हम कल्पते रहते हैं कि अंग्रेजों की तरह मनपसंद करें, पहनें, कम पहनें या न पहनें, अनुशासन बनाए रखें, सब कुछ खाएं-पिएं, तरह तरह की वाइन, विह्स्की, बीयर का मज़ा लें, लेकिन ले नहीं सकते। बढ़ती उम्र में तो कपड़ों के रंग तक संभल संभल कर पहनने पड़ते हैं। मुझे लगा इनकी बात ठीक के काफी नज़दीक है। इतने साल बाद भी हम अंग्रेजों को कोसते रहते हैं कि अंग्रेज़ चले गए, अंग्रेज़ी छोड़ गए, लेकिन असलीयत में क्या हमारा काम अंग्रेज़ी के बिना चल सकता है। क्या हम स्कूलों में हिंदी को अंग्रेज़ी में घोलकर नहीं पढ़ा रहे। मित्र बोले, क्या सोच रहे हो, यही न कि अंग्रेजों ने हमारे ऊपर राज किया, यहां की दौलत, बहुमूल्य वस्तुएं ले गए। मैंने कहा, उन्होंने हमें जी भर कर लूटा तो मित्र बोले वो गोरे अंग्रेज़ चले गए, अब कौनसी कमी है, भूरे, काले, सफेदपोश स्थानीय 'अंग्रेज़' लूट ही तो रहे हैं। यह नए किस्म के जातीय, क्षेत्रीय, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक रंग के अंग्रेज़ ही तो हैं। हां इनका स्तर अंग्रेजों को छू भी नहीं सकता। जो इमारतें, पुल या रेल अंग्रेज़ बनाकर गए हैं इतने दशक बाद भी बढिया हालत में हैं। हमारे यहां तो बेचारे पुल, निर्माण के दौरान ही लूट लिए जाते हैं। उनकी बनाई पुरानी इमारतों में पानी संग्रहित करने का प्रावधान है, लेकिन हम पानी बचाने के प्रस्ताव सूखे में बहा देते हैं। हम थोड़ा सा अंग्रेज़ होते तो ऐसा न होता। सभी किस्म का खाना खाने में हिचकिचाहट न होती, अपनी पत्नी, बच्चों, पड़ोसी, यहां तक कि काम करने वालों को पूरा सम्मान देने की प्रवृत्ति होती। कपड़े पहनने के मामले में बचपन से खुलापन मिलता। कुछ भी खाना पीना बुरा न समझा जाता। यह करना, वह कहना, गलत न माना जाता। हमारे यहां तो ज़िंदगी असमंजस में बीत जाती है। अंग्रेजों जैसी सोच होती तो हर काम को उच्च स्तर का करते। अंग्रेज़ी बढिया आती और हिंदी सीखते तो हिंदी वालों से बेहतर सीखते और बोलते। अपने और देश के पुरातत्व को दिल और दिमाग दोनों से प्यार करते। मूर्तियों की नहीं, इनसान की कद्र करते। एक बार मिली ज़िंदगी का आनंद लेना सीख जाते, लेकिन यह सब तभी संभव रहता अगर ज्यादा सा अंग्रेज़ हो जाते। वह बात दीगर है कि उनकी कुछ अच्छी बातें अब भी सीख लें तो बात बन सकती है।



# पुतिन से बगावत करने वाले वैगनर चीफ के घर छापा : कटे सिर वाली तस्वीर, हथियार, करोडों रुपए और विग्स मिली

**सेंट पीटर्सबर्ग।**

रूस की बागी प्राइवेट आर्मी वैगनर ग्रुप के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन के घर और ऑफिस में रूसी सेना और खुफिया एजेंसी स्नस्क्रने छापा मारा है। वहां से बड़ी संख्या में डॉलर के बंडल्स और 600 मिलियन रूबल(54 करोड़ रुपए से ज्यादा), सोने के बार्स, कई विग्स, हथियारों का जखीरा, एक मगरमच्छ और एक तस्वीर मिली। इस तस्वीर में उन लोगों के कटे हुए सिर दिखाए गए थे जो प्रिगोजिन के दुश्मन थे। तस्वीरें रूसी अखबार ने जारी कीं। वैगनर आर्मी ने करीब 15 दिन पहले 23 जून को विद्रोह कर दिया था। इसके बाद 24 जून को समझौते के तहत वैगनर चीफ येवगेनी प्रिगोजिन को बेलारूस जाने का आदेश दिया गया था। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने 2 दिन पहले कहा था कि प्रिगोजिन वापस रूस लौट चुके हैं। हालांकि, अधिकारिक तौर पर प्रिगोजिन की लोकेशन की जानकारी नहीं मिली है।

**रूसी मीडिया का दावा- प्रिगोजिन के खिलाफ चल रही कार्रवाई** - रूसी मीडिया के मुताबिक प्रिगोजिन इन विग्स का इस्तेमाल अपना वेश बदलने के लिए करते थे। इसके अलावा स्नस्क्रको कई अलग-अलग देशों के पासपोर्ट भी मिले हैं। इससे बहले 5 जुलाई को रूस के स्टेट टीवी ने प्रिगोजिन के खिलाफ अभी भी कार्रवाई होने का दावा किया था। मीडिया हाउस ने कहा था कि रूस में वैगनर के विद्रोह को लेकर तेजी से जांच जारी है।

**23 जून को वैगनर ने किया था विद्रोह** - 23 जून को वैगनर ग्रुप ने रूस के खिलाफ विद्रोह की घोषणा की थी। वैगनर आर्मी यूक्रेन के कैंप छोड़कर रूसी सीमा में दाखिल हो गई थी। उसने रोस्तोव शहर और मिलिट्री हेडक्वार्टर पर कब्जा कर लिया था। प्रिगोजिन ने तब कहा था- हम मरने से नहीं डरते। उन्होंने दावा किया था वैगनर लड़ाकों ने रूसी सेना के कई हेलिकॉप्टर्स को मार गिराया था। प्रिगोजिन ने रूस के रक्षा मंत्री को रोस्तोव आकर उनसे मिलने के लिए कहा था।

**पुतिन ने प्रिगोजिन को गद्दार कहा था** - वैगनर की बगावत के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने देश की जनता को संबोधित किया था। उन्होंने वैगनर और प्रिगोजिन को गद्दार बताया था। पुतिन ने कहा था- वैगनर ने हमारी पीठ में छुरा घोंपा है। हमारे साथ विश्वासघात हुआ है। जो कोई भी विद्रोह करेगा उसे दंडित किया जाएगा। हालांकि, इसके 24 घंटे के अंदर ही प्रिगोजिन ने मॉस्को की ओर अपना कूच रोक दिया था। पुतिन और प्रिगोजिन के बीच बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको ने समझौता करवाया था।

**बेलारूस ने कराया था समझौता** - इस समझौते के तहत प्रिगोजिन को रूस छोड़कर बेलारूस जाने का आदेश दिया गया था। बदले में उसने वैगनर चीफ के खिलाफ कोई भी कार्रवाई न करने का वादा किया था। इसके बाद 27 जून को प्रिगोजिन बेलारूस पहुंच गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### गोपनीय दस्तावेजों के मसले पर ट्रंप के करीबी भी रहते थे चिंतित, पूर्व सहयोगी ने किया ये खुलासा




**वॉशिंगटन।** माइल्स टेलर की किताब की एक प्रति के हवाले से खबर दी है कि तत्कालीन अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ने संवाददाताओं से बात करते हुए गोपनीय सूचनाओं के संबंधन सावधानी नहीं बरती। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टजेन नीलसन के शीर्ष सहयोगी माइल्स टेलर ने उस घटना को याद किया जब अधिकारी ट्रंप के इस व्यवहार के बाद चिंतित थे। डोनाल्ड ट्रम्प के सहयोगियों का मानना था कि उन्हें राज्य के गोपनीय दस्तावेजों और संवेदनशील रिकॉर्ड के प्रति अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। माइल्स टेलर ने कहा कि उन्होंने प्रेस लीक को रोकने के लिए व्हाइट हाउस के सहयोगियों के फोन टैप करने में डोनाल्ड ट्रम्प की दिलचस्पी के बारे में सुना था। ट्रंप इस बात पर अपने सहयोगियों से नाराज थे। माइल्स टेलर ने 18 अक्टूबर 2018 की उस घटना का वर्णन किया है जब वह तत्कालीन डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन के साथ वेस्ट विंग में एक निजी बैठक में मौजूद थे। व्हाइट हाउस की तत्कालीन प्रेस सचिव सारा हकाबी सैंडर्स जॉन बोल्टन के कार्यालय में आईं और उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ओवल ऑफिस में दिए गए एक साक्षात्कार का वर्णन किया जहां उन्होंने तुर्की में सऊदी हत्यारों की ओर सेमारे गए पत्रकार जमाल खशोगी के बारे में पत्रकारों से बात की थी।

### यूक्रेन को क्लस्टर बम देगा अमेरिकाः फ्रांस-ब्रिटेन समेत 108 देशों में बैन; पाकिस्तान ने भारत पर लगाया था इनके इस्तेमाल का आरोप



**वॉशिंगटन।** रूस-यूक्रेन विवाद पर अमेरिका के राष्टीय सुरक्षा सलाहकार ने घोषणा करते हुए कहा कि अमेरिका सैन्य सहायता पैकेज के तौर पर यूक्रेन को क्लस्टर हथियार भेजेगा। हम संघर्ष की इस परिस्थिति पर यूक्रेन को असहाय नहीं छोड़ेंगे। हालांकि, क्लस्टर हथियारों पर 100 देशों ने प्रतिबंध लगाया है। विदेशी मीडिया के मुताबिक, बाइडन सरकार ने महीनों कर इस पर बहस की क्या अमेरिकी सहयोगियों सहित 100 देशों में प्रतिबंधित हथियार यूक्रेन को प्रदान किए जाएं। शुक्रवार को अमेरिकी राष्टीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि मैं नहीं कह रहा कि यह आसान है। यह एक कठिन निर्णय है। हमने कई पक्षों पर चर्चा की। इसके बाद इस रणनीति पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हम इस संघर्ष में यूक्रेन को असहाय नहीं छोड़ेंगे। रूस शुरू से ही यूक्रेन पर क्लस्टर हथियारों से हमला कर रहा है। यूक्रेन अपनी रक्षा के लिए क्लस्टर हथियारों के लिए अनुरोध कर रहा है। हम यूक्रेन को कम दामों में हथियार उपलब्ध कराएंगे। यूक्रेन इसका इस्तेमाल सिर्फ देश और नागरिकों की रक्षा के लिए करेगा। हालांकि, यूक्रेन अभी अपने हथियारों का इस्तेमाल यूं कर रहा है कि उसके नागरिकों का कम से कम नुकसान हो।

### नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने दिया इस्तीफा, प्रवासन नीति विवाद पर गिरी गठबंधन सरकार

**एम्सटर्डम ।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने गठबंधन सरकार में प्रवासन नीति पर सहमति न बनने के कारण इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रवासन नीति पर गठबंधन दलों के बीच मतभेदों के बाद डच सरकार गिर गई। बता दें कि शुक्रवार को रुटे की अध्यक्षता में हुई संकट वार्ता में चार सहयोगी दल सहमति नहीं बना सके। रुटे के नेतृत्व में गठबंधन सरकार का गठन डेढ़ साल पहले हुआ था, लेकिन पिछले कुछ समय से प्रवासन नीति पर सरकार में शामिल दलों के बीच मतभेद सामने आ रहा था। रुटे ने आपात कैबिनेट बैठक के बाद शुक्रवार शाम को मीडिया से बात करते हुए सरकार गिरने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वह शनिवार को किंग विलेम-अलेक्जेंडर को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। हालांकि, रुटे ने कहा कि नए सिरे से चुनाव होने तक सभी मंत्री कार्यवाहक कैबिनेट के रूप में अपना काम जारी रखेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रुटे की वीवीडी पार्टी पिछले साल शरणार्थी शिविरों को लेकर हुए विवाद के बाद शरण चाहने वालों के प्रवाह को सीमित करने की कोशिश कर रही थी। बता दें, नीदरलैंड में शरण चाहने वालों के आवेदन पिछले साल एक तिहाई से अधिक बढ़कर 47,000 से अधिक हो गए। इस साल की शुरुआत में सरकार ने कहा था कि 2023 में शरण चाहने वालों के लगभग 70,000 आवेदन आ सकते हैं।

# चीन की सेना विकसित कर रही दिमाग पर हमला करने वाले हथियार, क्या हैं ये और क्यों हैं खतरे की घंटी

**बीजिंग।**

**चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) और चीनी सेना अब एक नए तरह के जैविक हथियार विकसित कर रही हैं। इन हथियारों से पूरी दुनिया पर बड़ा खतरा पैदा होने का अनुमान है। रिपोर्ट की मानें तो चीनी सेना ने अब कुछ न्यूरोस्ट्राइक वेपन्स यानी सीधे दिमाग पर हमला करने वाले हथियार तैयार कर लिए हैं। इनसे स्तनधारियों के दिमाग पर न सिर्फ हमला किया जा सकेगा, बल्कि उनके दिमाग को नियंत्रित भी किया जा सकता है।**



इस बीच यह जानना जरूरी है कि आखिर यह न्यूरोस्ट्राइक वेपन्स हैं क्या इन्हें कितना खतरनाक माना जा सकता है क्या पहले इनका कभी इस्तेमाल हुआ है दिमाग पर हमला कर इन हथियारों से क्या-क्या हासिल किया जा सकता है

### क्या हैं न्यूरोस्ट्राइक वेपन्स

न्यूरोस्ट्राइक वेपन्स अपने नाम की तरह ही सीधे इंसान के न्यूरो यानी तंत्रिका पर हमला करने वाले हथियार हैं। यह ऐसे हथियार हैं, जिन्हें खासतौर पर युद्ध लड़ने वाले सैनिकों या जरूरत के हिसाब से आम लोगों के दिमाग पर हमला करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सीधी तरह किसी वस्तु द्वारा हमला न होकर एक ऊर्जा का हमला होता है। ऐसे हथियार माइक्रोवेव या ऊर्जा के जरिए दिमाग को नियंत्रित करने में भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

रिसर्च के मुताबिक, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी इन न्यूरोस्ट्राइक हथियारों को अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके साथी देशों को निशाना बनाने के लिए तैयार करवा रही है। चीन इन हथियारों के जरिए जंग के पारंपरिक तरीकों से उलट गैर-पारंपरिक क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश में जुटा है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी सेना इन हथियारों को राष्ट्रपति जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी की खास जैव हथियार पहल के तहत विकसित कर रही है।

### कैसे काम करते हैं न्यूरोस्ट्राइक वेपन्स

रिपोर्ट के मुताबिक, इस तरह के हथियार चीन की कूटनीतिक तैयारियों का अहम हिस्सा हैं। इसमें कहा गया है कि जब कोरोनावायरस महामारी के दौरान पूरी दुनिया में लॉकडाउन लगा था और सैन्य गतिविधियां काफी कम हो गई थीं, ठीक उसी दौरान चीन ने अपने इन हथियारों से दुनि का ध्यान हटाने के लिए दक्षिण चीन सागर, पूर्वी चीन सागर, ताइवान जलडमरूमध्य और भारत से लगी सीमा पर हलचल बढ़ाई थी।

कहा गया है कि इस दौरान चीन की सेना एक पूरी जनसंख्या को इन हथियारों के जरिए नियंत्रित करने के प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया था। इस दौरान लोगों के दिमाग को माइक्रोवेव्स या ऊर्जा के झटके के जरिए नुकसान पहुंचाने वाले हथियारों की भी एक शृंखला तैयार की गई। हालांकि, यह साफ नहीं है कि चीन ने अब तक इन हथियारों की टेस्टिंग की है या नहीं।

### क्या होगा अगर इस तरह के हथियार इस्तेमाल होते हैं

मौजूदा दौर में अमेरिका की ताकत कम होने के बावजूद चीन से काफी ज्यादा है। ऐसे में ताइवान या दक्षिण चीन सागर में किसी तरह का कदम उठाना चीन के लिए काफी मुश्किल है। खासकर पारंपरिक युद्ध की स्थिति में चीन को खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे में इन हथियारों को खास तौर पर युद्धक्षेत्र में बड़े हमलों के लिए तैयार किया गया है।

अगर इन हथियारों का इस्तेमाल होता है तो चीन न सिर्फ ताइवान पर कब्जा करने में कामयाब हो सकता है, बल्कि उसे बचाने की कोशिश करने वाले अमेरिका के कूटनीतिक विकल्पों को भी कमजोर कर सकता है। इतना ही नहीं इस पूरे क्षेत्र में चीन इन हथियारों के जरिए दूसरे देशों के लिए बड़ी मुश्किलें पैदा कर सकता है।

### अमेरिका भी जता है चीन की क्षमताओं पर शक

गौरतलब है कि अमेरिका के वाणिज्य मंत्रालय ने दिसंबर 2021 में चीन की एकेडमी ऑफ मिलिट्री मेडिकल साइंसेज और इससे जुड़े 11 संस्थानों-लोगों पर प्रतिबंध लगा दिए थे। मंत्रालय का कहना था कि यह संस्थान जैव-तकनीकी प्रक्रियाओं का इस्तेमाल कर रहे थे, ताकि दिमाग को नियंत्रित करने वाले हथियार तैयार किए जा सकें। कुछ अन्य रिपोर्ट्स में भी चीन की इस बढ़ती क्षमता की ओर इशारा किया जा चुका है।

# आईएमएफ की टीम इमरान खान से मिली, शहबाज के गठबंधन में बेचैनी




**इस्लामाबाद ।**

इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता हम्माद अजहर ने शुक्रवार देर रात यह सूचना सार्वजनिक की कि आईएमएफ की टीम लाहौर में इमरान खान के निवास पर गई। वहां आईएमएफ की टीम ने पूर्व प्रधानमंत्री को हाल में पाकिस्तान सरकार के साथ कर्ज की किस्तें जारी करने के लिए हुए स्टाफ लेवल समझौते की पूरी जानकारी दी। इस समझौते के तहत पाकिस्तान को कुल तीन बिलियन डॉलर का ऋण मिलना है। यह समझौता 29 जून को संपन्न हुआ था। लेकिन इस पर अमल आईएमएफ के बोर्ड की मंजूरी मिलने का बाद होगा। वैसे समझौता हो जाने से पाकिस्तान के आर्थिक हलकों में राहत महसूस की गई है। आईएमएफ टीम के साथ बातचीत में इमरान खान ने इस समझौते को अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। इससे यह संभावना मजबूत हो गई है कि आईएमएफ का बोर्ड कर्ज जारी करने को मंजूरी दे देगा। समझा जाता है कि आईएमएफ की टीम यह आश्वासन चाहती थी कि अगर अगले आम चुनाव के बाद पीटीआई सत्ता में आई, तो वह आईएमएफ के साथ शहबाज शरीफ सरकार के हुए समझौते का पालन करेगी। शुक्रवार को दिन में आईएमएफ की तरफ से कहा गया था कि उसकी टीम पाकिस्तान के सभी राजनीतिक दलों से संपर्क करेगी, ताकि स्टाफ लेवल करार के मुख्य उद्देश्यों पर उनकी सहमति हासिल की जा सके। इमरान खान के निवास पर हुई बातचीत में पीटीआई के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। उसके बाद पीटीआई की तरफ से हम्माद अजहर ने ट्विटर पर पार्टी का बयान जारी किया। इसमें कहा गया- 'हम आईएमएफ से हुए करार का स्वागत करते हैं, ताकि विदेशी वित्त की सहायता से देश में आर्थिक स्थिरता की रक्षा की जा सके।' लेकिन इसके साथ ही पीटीआई ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान में आर्थिक स्थिरता बरकरार रखने की अनिवार्य शर्त देश में राजनीतिक स्थिरता और कानून के राज के सिद्धांत पर पालन है। आईएमएफ की टीम शुक्रवार को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेताओं से मिली। वाणिज्य मंत्री और पीपीपी नेता नवीद कमर ने इस बारे में जानकारी दी। नवीद ने कहा- 'पीपीपी आईएमएफ से हुआ राष्ट्रीय हित में है और वह इसका समर्थन करती है।' इस बीच शहबाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज ने पीटीआई पर कड़ा हमला बोला है।

## तालिबान की मदद कर रही अमेरिका की खुफिया एजेंसीः अफगानिस्तान के पूर्व उप-राष्ट्रपति का दावा-सीआईए ने 2 रूसी हेलिकॉप्टर दिए, सीक्रेट मीटिंग्स भी की

**काबुल।**

मई 2021 में अमेरिका ने अचानक अफगानिस्तान में तालिबान से लड़ रही अपनी सेना को वापस बुला लिया था। अपने नागरिकों समेत उन लोगों को भी निकाला जिन्होंने तालिबान से लड़ने में अमेरिका की मदद की थी। अब अफगानिस्तान के ही पूर्व उप राष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह ने दावा किया है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए तालिबान के साथ बैठकें कर रही है। सीआईए ने उन्हें 2 रूसी एमआई -17 हेलिकॉप्टर भी दिए हैं। जो अभी काबुल एयरपोर्ट के पश्चिमी हिस्से में खड़े हैं। उन्होंने कहा- ये हेलिकॉप्टर तालिबान के कब्जे से पहले इस्तेमाल किए जाते थे और मेंटनेंस के लिए ले जाए गए थे। सीआईए ने अब इन्हें तालिबान को सौंप दिया है।

### रणनीतिक फायदे के लिए तालिबान का इस्तेमाल

अमरुल्लाह सालेह ने अमेरिका पर तालिबान से साथ सांठ-गांठ करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि अमेरिका ने दोहा डील के जरिए तालिबान को करोड़ों दिए हैं। इसके जरिए अमेरिका तालिबान का इस्तेमाल अपने रणनीतिक हितों के लिए करना चाहता है। पंजशीर घाटी में तालिबान की जीत के बाद



अमरुल्लाह सालेह ने अफगानिस्तान छोड़ दिया था। उन्होंने तालिबान से लड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। बाइडेन के जल्दबाजी में अफगानिस्तान ने सेना निकालने का सालेह ने विरोध भी किया था। फरवरी 2020 में अमेरिका और तालिबान के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को हटाने की प्रतिबद्धता जताई थी। तालिबान भी अमेरिकी सैनिकों पर हमले बंद करने को तैयार हुआ था। तब से अमेरिका और तालिबान के बीच इसी दोहा डील के जरिए बातचीत होती है। समझौते में यह भी तय हुआ था कि तालिबान अमेरिका या इसके सहयोगियों के विरूद्ध काम नहीं करेगा। सालेह के मुताबिक ये डील अमेरिका की एक साजिश है जिसके जरिए वो तालिबान का इस्तेमाल अपने हितों के लिए करना चाहता है।

# ईरान ने ओमान की खाड़ी में कॉमर्शियल जहाज जब्त किया : तेल की तस्करी की आशंका; यूएस नेवी का दावा- ईरानी हमले से बचाए 2 टैंकर

**तेहरान।**

ईरान ने गुरुवार को ओमान की खाड़ी में एक कॉमर्शियल जहाज पर कब्जा कर लिया। अमेरिका की नेवी के प्रवक्ता ने मुताबिक, जहाज के तस्करी में शामिल होने की आशंका है। उन्होंने बताया की नेवी ने पूरे घटनाक्रम को मॉनीटर करने के बाद कोई एक्शन नहीं लेने का फैसला किया।

ब्रिटेन की मैरीटाइम सिक्योरिटी कंपनी ने कहा कि उसे साऊदी अरब के दम्मम पोर्ट के पास एक तंजानिया झंडे वाले जहाज के जब्त होने की सूचना मिली थी। कंपनी ने बताया कि ईरान अक्सर ऐसे कॉमर्शियल जहाज पकड़ता रहता है जिसमें तेल की तस्करी की आशंका होती है।

### अमेरिकी डिस्ट्रॉयर मेकहॉल को देख ईरानी वेसल से रास्ता बदला

इससे पहले बुधवार को यूएस नेवी ने दावा किया था कि उसने ईरान को 2 कॉमर्शियल तेल के टैंकर रिचमंड वॉयेजर को जब्त करने से रोका। अमेरिकी नेवी ने बताया कि बाहमास के झंडे वाले 2 टैंकर गल्फ ऑफ ओमान से गुजर रहे थे। तभी ईरान की नेवी वेसल ने उस पर हमला कर दिया। यूएस नेवी ने बताया कि उसे रिचमंड वॉयेजर से एक डिस्ट्रेस कॉल मिली थी। इसके बाद उसने अपने



डिस्ट्रॉयर स्स्मेकहॉल को वहां भेजा, जिसे देखते ही ईरान का वेसल ने अपना रास्ता बदल दिया। वहीं ईरान के मुताबिक, उसे कोर्ट से टैंकर को जब्त करने के ऑर्डर मिले थे। ईरान ने दावा किया कि ओमान की खाड़ी में एक टैंकर उनके वेसल से टकरा गया था। इस वजह से वेसल में सवार 5 क्रू मेंबर्स घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें उसे जब्त करने का आदेश मिला था। अप्रैल में ईरान ने भारतीय क्रू मेंबर्स वाले टैंकर को जब्त किया था इससे पहले 27 अप्रैल को भी ईरान ने अमेरिका की तरफ जा रहे एक तेल टैंकर को ओमान की खाड़ी में जब्त कर लिया था। टैंकर पर मार्शल आइलैंड का झंडा लगा हुआ था। इस टैंकर में सवार 24 क्रू मेंबर्स भारतीय थे। मरीन ट्रैफिक डॉट कॉम ने बताया कि ये टैंकर कुवैत से अमेरिका के ह्यूस्टन जा रहा था। अमेरिका ने भी पकड़ा था तेल टैंकर स्वेज राजन ईरान की आर्मी ने कहा था कि उन्होंने टैंकर को जब्त किया, क्योंकि टैंकर इंटरनेशनल वॉटर में एक ईरानी नाव से टकरा गया था। इससे कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने मार्शल आइलैंड के एक तेल टैंकर स्वेज राजन को जब्त कर लिया था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, इस टैंकर की आखिरी लोकेशन अफ्रीका के साउथ में 22 अप्रैल को मिली थी, जिसके बाद से टैंकर लापता है। इससे पहले पिछले साल अप्रैल में भी अमेरिका ने रूसी झंडे वाले ईरान के एक तेल कार्गो को ग्रीस के पास पकड़ने की कोशिश की थी। ये देखते हुए ईरान ने मई में ग्रीस के 2 टैंकरों को जब्त कर लिया था। हालांकि, बाद में उन्होंने दोनों टैंकर छोड़ दिए थे। 2020 में अंतरराष्ट्रीय वॉटर में शुरू हुआ विवाद अमेरिका ने 2020 में भी वेनेजुएला जा रहे विदेशी जहाजों पर से ईरानी ईंधन के 4 कार्गो को जब्त कर लिया था। इसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने कुछ फॉरेन पार्टनर्स की मदद से ईंधन को 2 जहाजों पर ट्रांसफर किया और इन्हें अमेरिका पहुंचाया गया था। इसी के बाद से अंतरराष्ट्रीय वॉटर में अमेरिका और ईरान की तरफ से लगातार कॉमर्शियल जहाजों पर कार्रवाई की जाती रही है।

## ईरान में 2 आतंकियों को सार्वजनिक फांसी

# आईएसआईएस की मदद से शिया मस्जिद में किया था हमला; इस साल 354 लोगों को हुई फांसी

**शिराज।**

ईरान की शिया मस्जिद में पिछले साल अक्टूबर में हमला करने वाले 2 आतंकियों को शनिवार को सार्वजनिक फांसी दी गई। स्टेट मीडिया के मुताबिक, शिराज शहर में सुबह-सुबह फांसी दी गई। सुनवाई के दौरान आरोपियों ने कबूल किया था कि वो अफगानिस्तान में आतंकी संगठन आईएसआईएस के संपर्क में थे। उन्होंने शाह चेराग मस्जिद पर हमला करने में आतंकियों की मदद की थी। बताया कि दोनों आरोपियों का नाम मोहम्मद रमेज रशीदी और नईम हशेम घोटाली है। दोनों को ईरान के सुप्रीम कोर्ट ने 16 मार्च को फांसी की सजा सुनाई थी। बता दें कि पिछले साल 26 अक्टूबर को शिया मस्जिद पर हुए हमले में 13 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। आतंकी संगठन आईएसआईएस ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

### 3 आतंकियों ने किया था हमला, 1 की अस्पताल में मौत

मस्जिद में अटैक का फुटेज भी सामने आया था। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, 3 हथियारबंद आतंकियों ने मस्जिद में दाखिल होते से ही फायरिंग शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस दौरान 2 आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक वहां से भागने में कामयाब हो गया था। हालांकि, बाद में उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद इनमें से मुख्य आतंकी की अस्पताल में मौत हो गई थी।

### पिछले साल पुलिस अधिकारी के हत्यारे को दी गई थी सार्वजनिक फांसी



इससे पहले ईरान में 24 जुलाई 2022 को एक मुजरिम को सार्वजनिक तौर पर फांसी की सजा दी गई थी। ईरान ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए इमान सब्जीकार को घटनास्थल पर ही फांसी दी गई थी। 2020 के बाद ये पहला मामला था जब ईरान में किसी को सार्वजनिक फांसी दी गई थी। 2022 में कुल 582 लोगों को मिली सजा-ए-मौतईरान में साल 2023 में अभी तक 354 लोगों को फांसी दी जा चुकी है। पिछले साल की तुलना में इस साल फांसी की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ईरान ने साल 2022 में 582 लोगों को फांसी की सजा दी थी। वहीं, तब शुरुआती 6 महीनों में सिर्फ 261 लोगों को ही सजा-ए-मौत दी गई थी। फांसी की सजा में आई तेजी को ध्यान में रखते हुए नॉर्वे स्थित ईरान ह्यूमन राइट्स ने एक चेतावनी भी जारी की।

### महसा अमिनी की मौत के बाद बढ़ा आंकड़ा

ईरान में बढ़ती फांसी की सजाओं को महसा अमिनी की मौत से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले साल 16 सितंबर को 22 साल की महसा अमिनी की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। महसा को पुलिस ने हिजाब नहीं पहनने पर गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईरान में हिजाब के विरोध में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ महीने पहले आई ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट में दावा किया गया था ईरान लोगों को प्रदर्शनों में हिस्सा लेने से रोकने के लिए उनमें मौत की सजा का डर पैदा कर रहा है।

### नाबालिगों को मौत की सजा देने में टॉप पर है ईरान

नाबालिगों को मौत की सजा न देने के यूनाईटेड नेशन कंवेंशन को साइन करने के बावजूद ईरान उन टॉप देशों में शामिल है जहां नाबालिगों को फांसी की सजा दी जाती है। एम्नेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक ईरान में 9 साल की उम्र पार करने के बाद लड़कियों को मौत की सजा दी जा सकती है। लड़कों के लिए ये उम्र 15 है।

# जनता जानती है सीएम गहलोत के राहत के पिटारे की असलियत : मंत्री शेखावत

**जोधपुर ( हिंस )।** गहलोत सरकार की महंगाई राहत घोषणाओं पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने तंज कसा और कहा कि इस राहत के पिटारे की असलियत जनता सब समझ चुकी है। जनता की जेब से पैसे निकालकर उसे महंगाई राहत के नाम पर वापस लौटाने के नाटक से अब उसे बहकाया नहीं जा सकता। शनिवार को जिले के लोहावट और फलौदी इलाकों के दौरे के दौरान स्थानीय मीडियाकर्मियों से बातचीत में शेखावत ने कहा कि अन्य प्रदेशों की तुलना में राजस्थान में पेट्रोल दस रुपए ज्यादा महंगा है। इससे राज्य सरकार छह सौ करोड़ रुपए राजस्थान की जनता की जेब से हर माह अतिरिक्त निकाल रही है। साढ़े चार साल तक जनता से तीस हजार करोड़ रुपए लूटे जा चुके और अब आप पांच सौ रुपए गैस सिलेंडर के लिए देकर राहत देने का नाटक कर रहे हो। देश और प्रदेश की जनता इसे बहुत अच्छे से समझती है। किसानों को बिजली मुफ्त देने की घोषणा पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वसुंधरा राजे सरकार के समय से किसानों को दस हजार रुपए प्रति वर्ष की सब्सिडी कृषि कनेक्शनों में मिलती थी। इस सरकार ने वह सब्सिडी दो साल से बंद कर दी, यानी दो साल तक आपने किसान के हक का 20 हजार रुपए मार लिया। उसके बाद अब आप किसान को दो हजार यूनिट बिजली फ्री करने की बात कर रहे हो। अब तो वैसे ही बारिश शुरू हो चुकी है, इसलिए राजस्थान के 99 प्रतिशत किसानों को अभी बिजली की जरूरत नहीं है। यह सरकार मुश्किल से एक महीने की दो हजार रुपए की राहत देकर 20 हजार रुपए को बराबर करना चाहती है। राजस्थान का किसान इसे अच्छी तरीके से समझता है। वह बहकावे में नहीं आएगा। शेखावत ने प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रहे पेपर लीक प्रकरण में भी गहलोत सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि 19 पेपर लीक हो गए। आप 18 पेपर लीक तक कहते रहे कि इसमें न कोई अधिकारी शामिल है और न ही कोई कर्मचारी। अब 19वां पेपर लीक होने के बाद आप कह रहे हो कि हम इसके खिलाफ कठोर कानून बनाएंगे, लेकिन अब तक जो पेपर लीक हुए, उसमें युवाओं के नुकसान की भरपाई कौन करेगा? विधानसभा चुनाव में बहुमत के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अबकी बार राजस्थान की जनता गहलोत सरकार को सबक सिखाएगी। पेपर लीक, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण से परेशान जनता इसकी भरपाई करने वाली है। राजस्थान में भाजपा की सरकार ऐतिहासिक दो तिहाई बहुमत से बनने वाली है। यह बात भाजपा ही नहीं, कांग्रेस के नेता खुद ही विधानसभा में कह रहे हैं कि हम इस बार हमारे विधायक सिटी बस या ऑटो में बैठने जितने आएंगे। पायलट और गहलोत के बीच विवाद के मामले में शेखावत ने कहा कि दोनों में गहरे मनभेद हैं। अब एक होने का आपस में कितना ही दिखावा करें, कुछ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में मुख्यमंत्री का नाम तय करने का काम संसदीय बोर्ड करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व अध्यक्ष अमित शाह कई बार कह चुके कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव में हमारा चेहरा नरेन्द्र मोदी होंगे। दुनिया का सबसे लोकप्रिय चेहरा हमारे पास है। उन्होंने कहा कि मैं जिस विचारधारा से आता हूं, उसमें कौन व्यक्ति क्या काम करेगा? यह तय करने का काम संगठन करता है। मेरे मार्गदर्शक जैसा काम देंगे, वहीं पूरी ऊर्जा से काम करूंगा। किसी भी क्षेत्र में काम करें अंतत. हमारा काम भारत की माता की जयघोष है, जिसे पूरे श्रद्धा भाव से किया जाएगा। संजीवनी प्रकरण में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बार-बार लगाए जा रहे आरोपों के बारे में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मेरे ऊपर जितने भी आरोप अब तक लगाए गए, सब निराधार हैं। किसी भी कोर्ट ने मुझ पर कोई प्रसंज्ञान नहीं लिया, जबकि मैंने मानहानि का जो दावा किया था, उस पर कोर्ट ने प्रसंज्ञान लेकर मुख्यमंत्री को समन भेजा है।



## मंदिर में दर्शन कर सड़क किनारे खड़े थे, बस ने कुचला, तीन की मौत

**पाली ( हिंस )।** गुढ़ा एंदला थाना क्षेत्र के पेणावा और साकदड़ा के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवकों की मौत हो गई। जिनकी बॉडी पाली के बांगढ़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई गई है। पोस्टमार्टम के बाद बॉडी परिजनों को सौंपी जाएगी। गुढ़ा एंदला एसएचओ प्रेमप्रकाश ने बताया कि हादसा गुढ़ा एंदला थाना क्षेत्र के पेणावा और साकदड़ा के बीच शुक्रवार शाम को हुआ। हादसे में पाली जिले के पैरवा (गुढ़ा एंदला) निवासी 25 साल के जैताराम पुत्र वजाराम देवासी, जालोर जिले के मोहीवाड़ा (भाद्राजून) निवासी 18 साल के कानाराम पुत्र रूपाराम देवासी और पाली के डरी (गुढ़ा एंदला) निवासी 18 साल के अमरराम पुत्र मंगलाराम देवासी की मौत हो गई। तीनों ही पारिवारिक काम से एक साथ जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें मौत हो गई। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि दो बाइक पर चार जने सामाजिक समारोह में जा रहे थे। रास्ते में मंदिर के दर्शन के लिए रुके। इस दौरान तीनों मृतक दर्शन कर सड़क किनारे खड़े थे और एक युवक मंदिर से आ रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रही निजी बस ने तीनों को चपेट में लेकर कुचल दिया। जिससे उनकी मौत हो गई।

## नाराज अध्यापकों ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को भेजा नोटिस



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में नाराज अध्यापकों ने सरकार का विरोध करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस को नोटिस जारी करके सात दिन के भीतर जनता की अदालत में पेश होकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। यह पहला मौका है जब पंजाब में किसी हड़ताली संगठन ने सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को इस तरह का नोटिस जारी किया है। पंजाब के संगरूर जिले में 8736 अध्यापकों पर हुए लाठीचार्ज के बाद शिक्षकों का गुस्सा भड़क गया है। अध्यापकों ने यह नोटिस अपने लेटर हेड पर जारी किया है। इसमें मुख्य कार्यालय का पता ऊपर वाली मंजिल खुराना टंकी संगरूर का दिया गया है। यह वही स्थान है, जहां पर पुलिस ने मुख्यमंत्री के घर की तरफ जाते समय शिक्षकों पर लाठियां बरसाई गई थी। अध्यापकों ने अपने नोटिस में मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ऑप्शन भी दी है कि वह अपना जवाब सोशल मीडिया पर भी दे सकते हैं। नोटिस में लिखा है कि मुख्यमंत्री ने सिर्फ अध्यापकों का वेतन बढ़ाया है। सीएम ने जो घोषणाएं की हैं, वह सब पहले से उन पर लागू है। छुट्टियों के पैसे देने की घोषणा की गई, जो पहले ही लंबे समय से मिल रहे हैं। 58 साल तक रोजगार देने का बयान बेतुका है, क्योंकि आज तक उन्हें नौकरी से निकालने की बात किसी सरकार ने नहीं की।

## रोडवेज बस व क्रूजर की टक्कर आठ की मौत

**जींद ( हिंस )।** जींद से भिवानी जा रही यात्री बस की क्रूजर के साथ सीधी टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि करीब एक दर्जन घायल हो गए। घायलों को जींद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक अलग-अलग क्षेत्रों के रहने वाले थे। मृतकों में चार महिलाएं, तीन पुरूष व एक बच्चा शामिल है, जिनकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों तथा घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। बाद में डीएसपी रोहताश पुलिस बल के साथ नागरिक पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायलों का उपचार जारी है। जींद से भिवानी के लिए निकली रोडवेज बस और मुंढाल की तरफ से आ रही क्रूजर जीप की गांव बीबीपुर के निकट मंडल से आ रही आमने.सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग घायल हो गए। घटना का जैसे ही आसपास लोगों को पता चला तो सभी लोग अपने.अपने वाहनों के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी रोहतास तथा अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## लोक अदालत में रखे गए 50 केसों में से 37 केसों का हुआ निपटारा

**फरीदाबाद ( हिंस )।** जिला फरीदाबाद के सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चेयरमैन वाईएस राठौर के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में शनिवार को जिला अदालत सेक्टर-12 में भूमि अधिग्रहण से संबंधित लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजय शर्मा की एक बेंच बनाई गई। जिसमें 50 केस रखे गए। जिनमें से 37 केसों का निपटारा आपसी सहमति से लोक अदालत में किया गया। सुकीर्ति गोयल ने बताया ने बताया कि लोक अदालत में केस का फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती। वहीं कोर्ट फीस वापस हो जाती है तथा केस का फैसला हमेशा हमेशा के लिए हो जाता है। जिससे पैसे व समय की बचत होती है तथा आपस में प्यार भाव बना रहता है। बता दें हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ श्री अरुण पल्ली के दिशा निर्देशानुसार यह भूमि अधिग्रहण लोक अदालत का आयोजन किया गया।

## हिंदू धर्म नहीं छोड़ा तो पति ने तीन बच्चों के साथ पत्नी को ही छोड़ दिया!

**बांसवाड़ा ( हिंस )।** जनजाति जिले बांसवाड़ा में कुछ संस्थाओं द्वारा धर्म परिवर्तन कराने शिकायतें कई बार सुनने को मिलती है, लेकिन यह सब कागजों में ही दब कर रह गई है। लेकिन एक ऐसी विवाहिता महिला अब सामने आई है जिसने पुलिस अधीक्षक को बकायदा लिखित में शिकायत दी है कि उसका पति जबरन उसका धर्म परिवर्तन करना चाहता है। जब उसने इससे इनकार कर दिया तो उसके साथ मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया। बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ क्षेत्र के हदलुपाड़ा निवासी इजु अपने पिता सोहन के साथ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने पहुंची तब यह मामला सामने आया है। प्रार्थीया ईजू ने शिकायत में बताया कि उसने कमलेश नाम के युवक से हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। शादी के चार साल बीत जाने के बाद कमलेश के हाव भाव में अचानक बदलाव आया और वह कहने लगा कि तुम्हें इसाई बनना होगा। चर्च में पूजा करनी होगी तो ही मैं तुम्हें रखूंगा वरना मैं नहीं रखूंगा। पत्नी इजु ने धर्म परिवर्तन करने से मना कर दिया तो पति कमलेश ने अपने परिवार जनों के साथ मिलकर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। मारपीट के बाद अपने छोटे तीन बच्चों को लेकर पिता के पास पहुंच गई बाद में परिजनों ने वापस कमलेश को समझा-बुझाकर छोड़ा लेकिन कमलेश धर्म परिवर्तन करवाने पर अड़ा रहा। वह लगातार ईजू को मानसिक रूप से परेशान करता रहा। कमलेश ने कुछ लोगों के साथ मिलकर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया फिर भी इज्जु अपना हिंदू धर्म छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी। आखिर पति कमलेश ने अपनी पत्नी को घर



से मारपीट कर बेदखल कर दिया और बोला या तो ईसाई धर्म कबूल कर या फिर मेरे घर से बाहर निकल जा। महिला ने साफ तौर पर मना कर दिया कि मैं अपना धर्म नहीं बदलना चाहती तो पति ने उसे अपने घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ईजु अपने पिता सोहन के साथ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने के लिए पहुंची। इस दौरान पीड़िता ने बताया कि पहले भी उसके गांव में आदिवासी लोगों को पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाया गया है। अब मुझ पर दबाव डाल रहे हैं जब मैंने धर्म परिवर्तन करने से मना कर दिया तो मुझे घर से बाहर निकाल दिया है। फिलहाल मैं अपने पिता के यहां रह रही हूं। पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाने के लिए आई हूं क्योंकि पहले पाटन थाने में पुलिस को शिकायत दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो आखिर मजबूरन पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार के लिए आना पड़ा है।

## अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन संतों के साथ हिंसा बर्दाश्त नहीं : अभय जैन

**गुरुग्राम ( हिंस )।** कर्नाटक में जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज की हत्या के विरोध में जैन समाज गुरुग्राम के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन संतों के साथ हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी। जैन मुनियों पर हो रहे अत्याचार ठीक नहीं हैं। सरकारें इन घटनाओं पर रोक लगाने का काम करे। कानून व्यवस्था को बनाए रखना सरकारी तंत्र का पहला काम है। अभय जैन ने कहा कि बेलगावी जिले में आने वाले चिक्कोडी तालुका के हिरेकोड़ी गांव स्थित नंदी पर्वत आश्रम में आचार्य श्री कामकुमार नंदी जी महाराज पिछले 15 साल से रह रहे थे। गुरुवार को आचार्य काम कुमार नंदी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भीमप्पा उगारे ने पुलिस में उनके लापता होने की शिकायत दी गई। एक युवक को हिरासत में लेने से खुलासा हुआ कि जैन मुनि जी की हत्या कर दी गई है। ऐसा कृत्य मानवता के खिलाफ है। जो जैन संत दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाते हैं, उनके खिलाफ ऐसी हिंसा जैन समाज किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं करेगा। जैन संतों ने सदा समाज को सही मार्ग दिखाया है। नेकी, भलाई का रास्ता दिखाया है। जैन संत समाज के लिए



की बात कही और नैतिक शिक्षा देकर पीढ़ियों को सही मार्ग दिखाया है। ऐसे संतों के खिलाफ कुछ भी कहना और करना व्यक्ति की मानसिक विकृति ही कहा जा सकता है। सरकारें इस पर सख्त एक्शन लें।

## राहुल के समर्थन में कांग्रेस का मौन सत्याग्रह 12 को

**जयपुर ( हिंस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने और उनके साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 12 जुलाई को प्रात. 10 से सायं 5.30 बजे तक शहीद स्मारक, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा पर एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय *मौन सत्याग्रह* आयोजित किया जाएगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि *मौन सत्याग्रह* में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

## भाजपा से हर वर्ग दुखी, 2024 में हमारी सरकार बनेगी : कुमारी सैलजा



**यमुनानगर ( हिंस )।** केंद्र की सरकार हो या प्रदेश की आज जनता इनसे दुखी है। घर कैसे चल रहा है महिलाओं से पूछो। आज महंगाई का यह आलम है कि टमाटर की कीमत मंडी में 120 रुपए किलो बिक रहा है। आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी बड़ी है। 25 लाख से अधिक युवा बेरोजगार है। यह कहना था अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवम पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का जो शनिवार को यमुनानगर के ज्योति पैलेस में विधानसभा यमुनानगर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास रोजगार योजना की बात करे तो इनका पोर्टल ही नहीं चलता। इनके वरिष्ठ नेता कहते है पोर्टल बंद कर दो। उन्होंने कहा कि आज निजी सेक्टर में भी नौकरियां नहीं है। भाजपा की प्रदेश सरकार में सरपंचों को लाठियां मिली है और उनके अधिकार भी छीन लिए गए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को आज हर जगह रोष का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, आईडी और प्रॉपर्टी टैक्स के नाम ने जनता को उलझा कर लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा से जनता का हर वर्ग दुखी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किसान, बेरोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की आवाज लगातार उठा रहे है। उन्होंने कहा कि कल अहमदाबाद में उच्च न्यायालय का फैसला आया है। हम इसकी न्यायायिक लड़ाई आगे भी लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि अंबाला लोकसभा का उपचुनाव हो या नही, हमें तैयारी पूरी रखनी है। उन्होंने कहा कि 2024 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। जनता का रुझान साफ दिख रहा है।

## मोस्ट वांटेड हेरोइन सप्लायर बच्ची सहित चार महिला हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**सांबा ( हिंस )।** नशे के विरुद्ध पुलिस ने अपने अभियान को लगातार जारी रखा हुआ है। जिला पुलिस प्रमुख बेनाम तोष की अगुवाई में पुलिस टीम ने चार महिला हेरोइन आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार करके एक बड़ी सफलता हासिल की है जिसमें मोस्ट वांटेड महिला हेरोइन सप्लायर सलीमा कोड नाम बच्ची निवासी बलोल बाड़ी ब्राह्मणा भी शामिल है। महिला हेरोइन आपूर्तिकर्ताओं की पहचान सलीमा बीबी उर्फ बच्ची पत्नी मुराद अली उर्फ चूचू निवासी बलोले नाला बारी ब्राह्मणा जिला सांबा, गुन्ना बीबी पत्नी कागा गुज्जर निवासी सिधड़ा जिला जम्मू, फुल्लन बीबी पत्नी तेग अली निवासी चक बग्गियां विजयपुर जिला सांबा और सलीमा बीबी पत्नी मंशा निवासी रख बरोटियां विजयपुर जिला सांबा के रूप में हुई है। पुलिस ने सूचना के आधार पर नाका लगा रखा था। मोस्ट वांटेड हेरोइन सप्लायर अपने साथियों के साथ एक वाहन में कठुआ की ओर से सांबा की ओर जा



रही थी। प्रभारी पीपी सुपवाल पीएसआई दीपिका जलोत्रा के नेतृत्व में जिला एंटी एनडीपीएस टीम और पुलिस पोस्ट सुपवाल की एक संयुक्त पुलिस पार्टी ने नाके के दौरान इन्हें काबू किया। यात्री वाहनों के साथ-साथ निजी वाहनों की जांच की गई और चार संदिग्ध महिलाओं को रोका गया, जो बलोले की मोस्ट वांटेड हेरोइन सप्लायर *बच्ची* और तीन अन्य महिला तस्कर निकली जिनमें से दो राख के पास पुलिस पर हमले में भी शामिल थीं। जिन्हें संबंधित पुलिस को दिया गया। दो हेरोइन आपूर्तिकर्ताओं में बलोले नाला बारी ब्राह्मणा की सलीमा कोड नाम बच्ची और सिधडा जम्मू की गुन्ना को बारी ब्राह्मणा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो महिला हेरोइन तस्कर चक बग्गियां विजयपुर की फुल्लन और राख बरोटियां की सलीमा, जो हमले में भी शामिल थीं। राख बरोटियां के पास विजयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेनाम तोष ने कहा कि बारह महिला नार्को-आपूर्तिकर्ताओं सहित कुल अट्ठाईस (58) हेरोइन आपूर्तिकर्ताओं को सांबा पुलिस ने छह महीने में गिरफ्तार किया है और अन्य सभी हेरोइन तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कईयों को पीएसए के तहत जेल में भी बंद किया है।

## गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं का बखान कर रही भजन मंडलियां

**गुरुग्राम ( हिंस )।** सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की भजन मंडलियां गांव-गांव जाकर हरियाणवी लोक शैली में भजन एवं विकास गीतों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में रोचक ढंग से अवगत करा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की पिछले नौ वर्षों की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए गुरुग्राम जिला में एक माह का विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा के महा निदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा डीसी निशांत कुमार



यादव के मार्गदर्शन में गुरुग्राम जिला के पटौदी, फरुखनगर तथा सोहना खंड में 27 जून से 25 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोहना खण्ड के गांव नामत: अभयपुर, अलीपुर, बाइखेड़ा, चमनपुरा, चूहड़पुर, दौहला, घामड़ौज व घैंगोला में अब तक ज्ञान चंद एवं पार्टी द्वारा विकास गीतों के माध्यम से प्रचार किया जा चुका है। विशेष प्रचार अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों तक सरकार की नीतियों व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में व्यापक जानकारी दी जा रही है।

# राहुल गांधी ने सोनीपत में की धान की रोपाई

### हुड्डा के गृहक्षेत्र में दो घंटे ट्रैक्टर चलाकर तैयार किया खेत

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार की सुबह दिल्ली से शिमला जाते समय सोनीपत में रूके और करीब दो घंटे तक ट्रैक्टर चलाकर खेत तैयार किया। राहुल ने किसानों तथा खेतीहर मजदूरों से बातचीत करके धान की पैदा होने वाली किस्मों के बारे में भी जानकारी ली। यह दूसरा मौका है जब राहुल गांधी दिल्ली जाते समय हरियाणा में रूके हैं। इससे पहले वह करनाल से एक ट्रक में सवार होकर कुरूक्षेत्र व अंबाला होते हुए शिमला गए थे। राहुल गांधी शनिवार को अल सुबह दिल्ली से सड़क के रास्ते शिमला के लिए रवाना हुए। इसी दौरान सुबह पांच बजे सोनीपत पुलिस ने उन्हें सिंघु बार्डर से रिसीव किया। इसके बाद तय कार्यक्रम अनुसार राहुल गांधी सोनीपत से गोहाना पहुंचे। गोहाना जाते समय ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार करते हुए राहुल गांधी बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मदीना में पहुंचे। राहुल



गांधी का काफिला जिस खेत में रूका वह संजय नामक किसान का खेत था। यहां उन्होंने खेतों में काम कर रहे किसानों के साथ मुलाकात की। राहुल गांधी के इस दौरे के बारे में जिला प्रशासन तथा स्थानीय नेताओं को कोई सूचना नहीं थी। मदीना पहुंचते ही राहुल गांधी ने खेतों में जाकर किसानों से धान की किस्मों, इस क्षेत्र में होने वाली पैदावार तथा प्रति एकड़ झाड़ तथा पानी के बारे में जानकारी ली। इसके बाद राहुल गांधी ने खुद ट्रैक्टर का स्टेयरिंग संभाला और करीब दो घंटे तक खेतों में ट्रैक्टर चलाकर खेत तैयार किया। राहुल गांधी के गांव मदीना में आगमन को लेकर जैसे ही पुलिस को पता चला तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बरोदा विधानसभा से कांग्रेस विधायक इंदुराज को भी राहुल गांधी के दौरे की कोई खबर नहीं थी। जिसके चलते वह काफी देरी से मदीना पहुंचे लेकिन खेतों से बाहर खड़े होकर राहुल गांधी का इंतजार करते रहे और राहुल गांधी किसानों के साथ काम करने में जुटे रहे। हरियाणा पुलिस के सीआईडी विंग के अनुसार राहुल गांधी का पहले दिल्ली से वाया पानीपत होते हुए शिमला जाने का कार्यक्रम था लेकिन आज सुबह इसमें बदलाव करके वाया सोनीपत गोहाना किया गया।




# एचडीएफसी ने लोन की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की : बैंक से ऑटो, होम और पर्सनल लोन लेना हुआ महंगा, पुराने ग्राहकों की ईएमआई भी बढ़ेगी

**नई दिल्ली ।**
एचडीएफसी बैंक ने लोन की ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी है। इससे कार, होम, पर्सनल सहित सभी तरह के लोन की ईएमआई बढ़ गई हैं। वेबसाइट के अनुसार, नई दरें 7 जुलाई 2023 से प्रभावी हैं। बैंक ने अपने कुछ पीरियड के लोन पर मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट्स में 15 बेसिस पाइंट तक की बढ़ोतरी की है। एजसीएलआर तय करते समय कई फैक्ट्स को ध्यान में रखा जाता है, जिसमें डिपॉजिट रेट, रेपो रेट, ऑपरेटिंग कॉस्ट और कैश रिजर्व रेश्यो बनाए रखने की कॉस्ट शामिल होती है।

**एजसीएलआर के घटने या बढ़ने से ईएमआई पर पड़ता है असर** – रेपो रेट में बदलाव का असर एजसीएलआर पर पड़ता है और एजसीएलआर में बदलाव का असर लोन की ब्याज दर पर पड़ता है। इसके बढ़ने या घटने पर लोन लेने वाले कस्टमर की ईएमआई भी बढ़ती या घटती है। बैंक के इस फैसले के बाद अब होम, ऑटो और पर्सनल सहित सभी तरह का लोन लेने पर कस्टमर को ज्यादा ब्याज देना होगा, वहीं पुराने कस्टमर की ईएमआई भी बढ़ जाएगी।

**एचडीएफसी बैंक की नई एमसीएलआर** – बैंक का ओवरनाइट एजसीएलआर 15 बीपीएस बढ़ाकर 8.10प्रतिशत से 8.25प्रतिशत कर दिया गया है। एचडीएफसी बैंक का एक महीने का एजसीएलआर 10 बीपीएस बढ़कर 8.20प्रतिशत से 8.30प्रतिशत हो गया है। 3 महीने की एजसीएलआर भी पिछले 8.50प्रतिशत से 10 आधार अंक बढ़कर 8.60प्रतिशत पर है। 6 महीने की एजसीएलआर पहले के 8.85प्रतिशत से सिर्फ 5 बीपीएस बढ़कर 8.90प्रतिशत हुई है। हालांकि, एक साल से अधिक समय के लिए एजसीएलआर नहीं बदलेंगे। एक साल की एजसीएलआर 9.05प्रतिशत पर है।

**एक जुलाई को मर्ज हुए एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक** – हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन और एचडीएफसी बैंक 1 जुलाई को मर्ज हो गए हैं। एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक ने 4 अप्रैल 2022 को मर्जर की घोषणा की थी। मर्जर का मकसद एचडीएफसी बैंक की ज्यादा से ज्यादा ब्रांचेज में हाउसिंग लोन उपलब्ध कराना है।

एचडीएफसी के शेयर की डीलिस्टिंग 13 जुलाई से इफेक्टिव हो जाएगी। यानी इस तारीख से हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के शेयर स्टॉक एक्सचेंज से हट जाएंगे। संयुक्त कंपनी के शेयर 17 जुलाई से ट्रेड होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के प्रेसिडेंट अनंत महेश्वरी ने इस्तीफा दिया: 2016 में कंपनी से जुड़े थे, एवीएस इंडिया के पूर्व प्रमुख चंडोक ले सकते हैं उनकी जगह

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के प्रेसिडेंट (अध्यक्ष) अनंत महेश्वरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी के एक स्पोक्सपर्सन ने इसकी पुष्टि की है। महेश्वरी ने कंपनी के बाहर अपनी भूमिका निभाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट को छोड़ने का फैसला किया है।



माइक्रोसॉफ्ट के एक प्रवक्ता ने कहा, हम भारत में हमारे व्यवसाय और संस्कृति में उनके कई योगदानों के लिए अनंत को धन्यवाद देना चाहते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों में उनकी हर सफलता की कामना करते हैं। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया में टॉप लेवल के ऑफिसर्स के बीच फेरबदल के बीच माहेश्वरी ने इस्तीफा दिया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर इरीना घोष को भारत के मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर प्रमोट किया गया है। वहीं, मौजूदा मैनेजिंग डायरेक्टर शशि श्रीधरन को ऑर्गेनाइजेशन के अंदर एक और अधिक जरूरी जिम्मेदारी दी गई है। ऐसी अटकलें हैं कि एवीएस इंडिया के पूर्व प्रमुख पुनीत चंडोक भविष्य में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया में शामिल हो सकते हैं और वे माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के प्रमुख बन सकते हैं। इससे पहले महेश्वरी हनीवेल और मैकिन्से जैसी कंपनियों में कई सारी अहम जिम्मेदारियों को निभा चुके हैं। साल 2016 नें माहेश्वरी माइक्रोसॉफ्ट का हिस्सा बने थे। अनंत महेश्वरी बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के पूर्व छात्र हैं और इलेक्ट्रिकल और वे इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के एक्सपर्ट हैं। इसके अलावा अनंत महेश्वरी ने बिट्स, पिलानी से मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री भी हासिल की है। साथ ही माहेश्वरी आईआईएम अहमदाबाद जैसे बड़े बी स्कूल के छात्र भी रह चुके हैं।

### जेएलआर की सेल्स में 30प्रतिशत की ग्रोथ: टाटा मोटर्स ने ऑलटाइम हाई बनाया, कंपनी का शेयर 3.68प्रतिशत बढ़कर 622 पर बंद हुआ




नई दिल्ली। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 की पहली तिमाही में जगुआर लैंड रोवर की सेल्स में 30प्रतिशत की ग्रोथ देखी गई है, जिसका असर शुक्रवार (7 जुलाई) को टाटा मोटर्स के शेयर में देखा गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर टाटा मोटर्स के शेयर में 3.68प्रतिशत के साथ 22.10 रुपए की तेजी देखी गई है। दिन के कारोबार में शेयर ने 624.80 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाने के बाद 622.90 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। भारतीय कार मेकर टाटा मोटर्स की स्वामित्व वाली जगुआर-लैंड रोवर ने अप्रैल-जून तिमाही में थोक में 93,253 गाड़ियां बेचीं, जो पिछले साल इसी तिमाही की तुलना में 30प्रतिशत ज्यादा है। इसके साथ ही रिटेल बिक्री भी सालाना आधार पर 29प्रतिशत की ग्रोथ के साथ 101,994 हो गई है। मार्च तिमाही में टाटा मोटर्स को 5,407 करोड़ का मुनाफा हुआ था टाटा मोटर्स ने 12 मई को यानी चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के रिजल्ट्स अनाउंस किए थे।

### 2022-23 में 3,884 नई बैंक-ब्रांच खुलीं: डिजिटल सेवाओं के बढ़ते चलन के बावजूद बैंक जाना पसंद कर रहे लोग



नई दिल्ली। सरकार के मुताबिक नौ वर्षों में देश में डिजिटल ट्रांजैक्शन में 100 गुना बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, डिजिटल सेवाओं में बढ़ोतरी के बावजूद भारत में ब्रांच के माध्यम से बैंकों के कामकाज में कमी नहीं आई है, बल्कि बैंक लगातार ब्रांचों की संख्या बढ़ा रहे हैं। बैंकिंग प्लेटफार्म बैंक बाजार के आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 के दौरान देश में 3,884 बैंक ब्रांच बढ़ गईं। इसमें सरकारी, प्राइवेट बैंकों के अलावा ग्रामीण बैंकों और शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक शामिल हैं। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश में 1,54,758 बैंक ब्रांच थीं जो 2022-23 में बढ़कर 1,58,642 हो गईं। कई प्राइवेट बैंक देश के छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में अपनी पहुंच बढ़ा रहे हैं होमलोन या बड़े निवेश के मामले में लोग बैंकों की ब्रांच में व्यक्तिगत रूप से जाना पसंद करते हैं ।

# व्यापार सुविधा देने में दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत सबसे शानदार, 93.55 फीसदी रहा प्रभावशाली स्कोर

**नई दिल्ली ।**
व्यापार सुविधा प्रदान करने के मामले में भारत दक्षिण एशियाई क्षेत्र में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है। डिजिटल और सतत व्यापार सुविधा पर वैश्विक सर्वेक्षण के अनुसार भारत ने 2021 की तुलना में काफी सुधार किया है। एशिया प्रशांत के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

2023 के सर्वे में 140 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया है। 60 व्यापार सुविधा उपायों के मूल्यांकन के बाद भारत को 93.55 प्रतिशत के प्रभावशाली स्कोर के साथ सबसे आगे रखा गया है। 2021 में भारत का स्कोर 90.32 प्रतिशत था। 2023 के सर्वे में विभिन्न उप संकेतकों में भारत की असाधारण प्रगति को मान्यता दी गई है देश ने पारदर्शिता, औपचारिक ताएं, संस्थागत व्यवस्था व सहयोग और कागज रहित व्यापार के चार प्रमुख क्षेत्रों में 100 फीसदी का स्कोर हासिल किया।



### इन पहलों का प्रमाण है यह सफलता

सर्वे में हासिल उल्लेखनीय स्कोर असल में व्यापार प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, पारदर्शिता बढ़ाने और व्यापार की सुविधा के लिए भारत के अथक प्रयासों का प्रमाण हैं। इसमें सिंगल विंडो इंटरफेस (स्विफ्ट), प्री-अराइवल डेटा प्रोसेसिंग, ई-संचित, समन्वित सीमा प्रबंधन जैसी पहलों के माध्यम से हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया गया है।

### महिलाओं को कारोबार में बढ़ाने में भी भारत ने किया सुधार

भारत ने महिलाओं को कारोबार की सुविधा देने के क्षेत्र में भी पर्याप्त सुधार किया है। 2021 के 66.7 फीसदी के मुकाबले 2023 में भारत को इस श्रेणी में 77.8 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं। यह सरकार की लैंगिक समावेशिता और व्यापार क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### भारत का समग्र स्कोर कनाडा, फ्रांस, ब्रिटेन जर्मनी जैसे कई विकसित देशों से अधिक

वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए एक बयान में कहा, भारत का समग्र स्कोर कनाडा, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी आदि सहित कई विकसित देशों से अधिक रहा है। भारत के समग्र स्कोर में साल-दर-साल सुधार जारी रहा है, जो अगली पीढ़ी के व्यापार सुविधा उपायों को शुरू करके व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता का संकेत देता है।

### केंद्र के इन प्रयासों को दर्शाता है सर्वे

मंत्रालय ने कहा, सह सर्वेक्षण भारत में व्यापार करने में आसानी को बढ़ाने और देश में व्यापार सुविधाजनक माहौल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सीमा शुल्क विभाग की ओर से उठाए गए फेसलेस कस्टम्स, पेपरलेस कस्टम्स और संपर्क रहित कस्टम्स, ट्यूरेंट कस्टम्स जैसे व्यापार सुविधा उपायों के प्रभाव को दर्शाता है।

### केंद्रीय मंत्री बोले- देश में खुलेंगे एथेनॉल मिश्रित ईंधन बेचने वाले पेट्रोल पंप

**नई दिल्ली** । देशभर में अगले दो साल में पेट्रोल पंपों पर 20 फीसदी एथेनॉल मिश्रित ईंधन (ई-20) मिलने लगेंगे ।पहला ई-20 स्टेशन इस साल 8 फरवरी को शुरू हो गया है ।यह लक्षित समय अप्रैल से बहुत पहले था। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि 20 फीसदी एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन की खुदरा बिक्री के लिए 2025 तक पूरे देश में विशेष पेट्रोल पंप होंगे। ई-20 ईंधन में पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल का मिश्रण होता है। पुरी ने उद्योग संगठन इंडियन मर्चेंट चैंबर (आईएमसी) की सालाना आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा, अभी तक ई-20 स्टेशन की संख्या 600 के पार पहुंच चुकी है ।2025 तक पूरे देश में ऐसे पेट्रोल पंप होंगे। पुरी ने कहा, सरकार ने पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल मिलाने के लक्षित समय को 2030 से पांच साल घटाकर 2025 कर किया है। उन्होंने कहा, देश ने कच्चा तेल आयात का दायरा बढ़ाया है। 2006-07 में 27 देशों से आयात होता था, जो 2023 में बढ़कर 39 पहुंच गया। पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण 2013-14 में 1.53प्रतिशत से मार्च, 2023 में बढ़कर 11.5प्रतिशत पहुंच गया है ।मात्रा के हिसाब से एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल 2013-14 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर 2021-22 में 433.6 करोड़ लीटर हो गया है।

# गलत बिक्री और शुल्क के लिए ट्रस्टी जिम्मेदार, म्यूचुअल फंड कंपनियां बनाएं नियम



**नई दिल्ली ।**
म्यूचुअल फंड में मिस-सेलिंग, कर्मचारियों की ओर से बाजार के दुरुपयोग और अन्य गड़बड़ियों के लिए ट्रस्टी जिम्मेदार होंगे। सेबी ने कहा, म्यूचुअल फंड इसके लिए नियम बनाएं। आदेश एक जनवरी, 2024 से लागू होगा। सेबी ने आदेश में ग्राहकों के हितों की रक्षा को लेकर ट्रस्टियों की जवाबदेही बढ़ा दी है।

नियामक ने कहा, एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के बोर्ड एक यूनिट धारक सुरक्षा समिति का गठन करेंगे। ट्रस्टियों को सुनिश्चित करना होगा कि एएमसी को संपत्ति का आधार बढ़ाने के लिए गलत बिक्री से रोकने के लिए पर्याप्त प्रणालियां हैं। साथ ही, एएमसी के पास कर्मचारियों और संबंधित संस्थाओं द्वारा बाजार के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रणाली हो ।ट्रस्टी प्रणालीगत जांच के लिए जिम्मेदार होंगे, ताकि वितरकों की ओर से गलत बिक्री सहित धोखाधड़ी वाले लेनदेन को रोका जा सके। म्यूचुअल फंड को एएमसी की ली जाने वाली फीस और खर्चों की निष्पक्षता सुनिश्चित करनी होगी।

### जुलाई के 5 दिनों में 22,000 करोड़ का विदेशी निवेश

बाजार की तेजी के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश जारी है। इस माह के पहले पांच कारोबारी दिनों में इन्होंने घरेलू बाजार में 21,944 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। इसके साथ चालू वित्त वर्ष में कुल शुद्ध निवेश 1.24 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष में 2020-21 के 2.74 लाख करोड़ के निवेश का रिकॉर्ड टूट सकता है। अप्रैल में 11,631 करोड़, मई में 43,838 करोड़, जून में 47,148 करोड़ का निवेश हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जून को समाप्त सप्ताह में 1.85 अरब डॉलर बढ़कर 595.05 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे पिछले हफ्ते में भंडार 2.90 अरब डॉलर घटा था ।आरबीआईके शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 30 जून वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति बढ़कर 527.979 अरब डॉलर पहुंच गई ।हालांकि, सोने का भंडार 47.2 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 43.83 अरब डॉलर रह गया। एचडीएफसी बैंक ने चुनिंदा अवधि के कर्ज की ब्याज दरों में 0.15 फीसदी की वृद्धि की है। एचडीएफसी लि. के विलय के बाद बैंक ने पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है ।बैंक ने शुक्रवार को बताया कि तीन महीने की अवधि के कर्ज पर ब्याज दर 0.10 फीसदी और 6 माह की अवधि के लिए 0.05 फीसदी तक बढ़ा दी गई है।

# स्पाइसजेट को सुप्रीम कोर्ट का आदेश: पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन को देने होंगे 380 करोड़ रुपए, भुगतान के लिए अधिक मोहलत देने से इनकार

**नई दिल्ली।**
सुप्रीम कोर्ट ने स्पाइसजेट लिमिटेड को अपने पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन को 380 करोड़ रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पाइसजेट को भुगतान के लिए और समय देने से भी इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि ये बिजनेस कम्युनिटी में कमर्शियल एथिक्स को बनाए रखने का एकमात्र तरीका है। यह मामला 7 साल पुराना है और शेयर ट्रांसफर विवाद से जुड़ा है। 2018 के आर्बिट्रेशन अवॉर्ड के तहत मारन ने एयरलाइन कंपनी से 362.49 करोड़ रुपए लेने का दावा किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 फरवरी को स्पाइसजेट को इसके ब्याज के रूप में 75 करोड़ रुपए मारन को देने का आदेश दिया था।

### कोर्ट ने स्पाइसजेट की याचिका की खारिज

स्पाइसजेट ने भुगतान करने की अवधि को आगे बढ़ाने के लिए कोर्ट में याचिका लगाई थी। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए कहा कि कंपनी यह पैसा देना ही नहीं चाहती है, इसलिए इस तरह के अड़ंगे डाल रही है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 5 सितंबर को होगी।

### शेयर ट्रांसफर विवाद से जुड़ा है यह मामला




इससे पहले जून में दिल्ली हाई कोर्ट ने भी स्पाइसजेट से मारन को 380 करोड़ रुपए देने को कहा था। कोर्ट ने साथ ही कंपनी को चार हफ्ते के अंदर अपने सारे एसेट्स की जानकारी देने को भी कहा था। यह मामला स्पाइसजेट के चेयरमैन-मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह और मारन तथा उनकी कंपनी केएएल एयरवेज के बीच शेयर ट्रांसफर विवाद से जुड़ा है। फरवरी 2015 में मारन और एयरवेज ने स्पाइसजेट में अपनी पूरी 58.46प्रतिशत हिस्सेदारी सिंह को ट्रांसफर कर दी थी। साल 2017 में मारन एयरवेज ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका कहना था कि कंपनी के 18 करोड़ वारंट्स रिडीमेबल शेयर इक्विटी शेयरों के रूप में उन्हें ट्रांसफर किए जाने चाहिए थे, जो अब तक नहीं किया गया है।

# अब ट्विटर की ओर से लॉ फर्म को चुकाई गई मोटी फीस वापस लेने की तैयारी में मस्क, दायर किया मुकदमा

**नई दिल्ली ।**
एलन मस्क ने ट्विटर से मिली 90 मिलियन डॉलर की फीस में से अधिकांश वसूलने के लिए प्रतिष्ठित लॉ फर्म वाचटेल, लिप्टन, रोसेन एंड काट्ज पर मुकदमा दायर किया है। लॉ फर्म की ओर से यह फीस मस्क की ओर से 44 अरब डॉलर में माइक्रो ब्लॉगिंग साइट का अधिग्रहण करने के दौरान ली गई। ट्विटर का स्वामित्व रखने वाली मस्क की कंपनी एक्स कॉर्प की ओर से यह शिकायत बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में कैलिफोर्निया सुपीरियर कोर्ट में दर्ज की गई। मस्क ने वाचटेल पर आरोप लगाया कि लॉ फर्म ने 27 अक्टूबर 2022 को सोशल मीडिया कंपनी के अधिग्रहण से पहले उसके तत्कालीन अधिकारियों से भारी वसूली की, जो चाहते थे कि मस्क को रुकने करने के लिए मजबूर किया जाए। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति जो टेस्ला इंक और स्पेसएक्स भी चलाते हैं ने 90 मिलियन डॉलर के भुगतान को अनुचित कहा और बताया कि वाचटेल ने एक दूसरे डेलावेयर मुकदमे पर अपने कुछ महीनों के काम के लिए एक तिहाई से भी कम राशि का बिल दिया था। शिकायत में कहा गया है कि जब मस्क को चाबियां सौंपी जा रही थी वाचटेल ने कंपनी के पैसे से अपनी जेब भरने की प्रभावी योजना बनाई। मस्क ट्विटर की तत्कालीन मुख्य कानूनी अधिकारी विजया गड्डे के हस्ताक्षर से हुए एक समझौते के तहत वाचटेल की ओर से वसूले गए अतिरिक्त शुल्क को वापस लेना चाहते हैं। शिकायत में ट्विटर की तत्कालीन निदेशक मार्था लेन फॉक्स का भी जिक्र किया गया है जिन्होंने वकीलों को दी जाने वाली राशि की जानकारी होने हैरानी जताते हुए जनरल काउंसिल शॉन एडगेट को ईमेल में लिखा था, ओ माई फ्रीकिंग गॉड। इस मामले में वॉचटेल की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बता दें कि मस्क के ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद कंपनी कई विवादों में रही है। इनमें मकान मालिकों, विक्रेताओं और सलाहकारों की ओर से मस्क पर बिलों के भुगतान के मामले में सख्ती करने का आरोप लगाते हुए कई मुकदमे और मार्क जुकरबर्ग के मेटा प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ ट्विटर की मुकदमा करने की धमकी देना शामिल है।



## सिनेमाघर में सस्ती हो सकती हैं खाने-पीने की चीजें

# जीएसटी काउंसिल की मीटिंग 11 जुलाई को, कैंसर की दवाएं टैक्स फ्री होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।**
गुड्स एंड सर्विस टेक्स काउंसिल की 50वीं बैठक 11 जुलाई को होने वाली है। इसमें कई चीजों पर टैक्स की दरों में कटौती की जा सकती है। बैठक में काउंसिल से सिनेमाघरों में मिलने वाले फूड आइटम्स और ड्रिंक्स पर जीएसटी घटाने की उम्मीद है और कैंसर की दवा पर भी टैक्स छूट दी जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उम्मीद की जा रही है कि काउंसिल सिनेमाघरों में सर्व किए जाने वाले फूड आइटम्स और ड्रिंक्स पर मौजूदा समय में लगने वाले जीएसटी को 18प्रतिशत से घटाकर 5प्रतिशत कर सकती है।

इसके अलावा मूवी टिकिट के साथ ही पॉर्पकॉर्न और ड्रिंक्स जैसे फूड आइटम को कंबाइन करके बेचा जाए तो मूल प्रोडक्ट के हिसाब से टैक्स लगाने का सुझाव भी दिया गया है। सिनेमा घरों के मालिक इसे लेकर लंबे समय से मांग कर रहे हैं।

### कैंसर की दवा को जीएसटी फ्री करने की मांग

कैंसर की दवा डिनुटूक्सिमैब पर भी टैक्स छूट दिए जाने का एलान हो सकता है। फिटमेंट कमेटी का कहना कि, जिस दवा की कीमत 26 लाख हो और क्राउड फंडिंग से पैसा जुटाते हों उसे जीएसटी के दायरे से बाहर किया जाना चाहिए। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स इस पर सहमति जता चुके हैं। हालांकि गोवा ने इस पर 18प्रतिशत टैक्स रखने का सुझाव दिया है। इस दवाई पर अभी 12प्रतिशत जीएसटी लगता है।

### इन पर भी टैक्स कम करने का प्रपोजल



फिटमेंट कमेटी में केंद्र और अलग-अलग राज्यों के टैक्स ऑफिसर शामिल हैं। इस कमेटी जीएसटी काउंसिल को कई सिफारिशें दी हैं। खास मेडिकल जरूरतों और इलाज के लिए इम्पोर्ट होने वाले प्रोडक्ट और दवाओं को भी जीएसटी के दायरे से बाहर किया जा सकता है।

सेटेलाइट लॉन्चिंग सर्विस देने वाली प्राइवेट कंपनियों को जीएसटी के दायरे से बाहर किया जा सकता है और सेस 22प्रतिशत करने की मांग है।

मीटिंग में ये भी साफ किया जाएगा कि किसान जब कोऑपरेटिव सोसाइटी को कॉटन बेचते हैं, तो उस पर जीएसटी लगेगी या नहीं।

काउंसिल ऑनलाइन गैमिंग, घुड़ दौड़ और कसीनों पर भी 28प्रतिशत जीएसटी लगाने पर फैसला सुना सकती है। इसके साथ ही मल्टी यूटिलिटी व्हीकल, पापड़, फ्लेक्स फ्यूल पान मसाला और तंबाकू पर जीएसटी को लेकर भी क्लैरिटी दी जाएगी।

### जून में हुआ था 1.61 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

सरकार ने जून 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से 1.61 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें लगभग 12प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल जून 2022 में 1.44 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। वहीं, एक महीने पहले मई 2023 में ये 1.57 लाख करोड़ रुपए रहा था। वित्त मत्रांलय के अनुसार, इस जीएसटी कलेक्शन में सीजीएसटी के रूप में 31,013 करोड़ रुपए, एसजीएसटी से 38,292 करोड़ रुपए और आईजीएसटी के रूप में 80,292 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ है। आईजीएसटी की राशि में 39,035 करोड़ रुपए वस्तुओं के आयात पर लगने वाले टैक्स के रूप में वसूला गया है।

### फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में कैसा रहा जीएसटी कलेक्शन

पूरे फाइनेंशियल ईयर 2022-23 की बात की जाए तो इसमें टोटल 18.10 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। इसके आधार पर हर महीने जीएसटी कलेक्शन का औसत आंकड़ा 1.51 लाख करोड़ रुपए रहा था। वहीं, फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में जीएसटी का ग्रॉस रेवेन्यू, इससे पिछले फाइनेंशियल ईयर 2021-22 की तुलना में 22प्रतिशत ज्यादा रहा था।

### 6 साल पहले लागू हुआ था जीएसटी

जीएसटी एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे वैराइटी ऑफ प्रीवियस इनडायरेक्ट टैक्स (वैट), सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी और कई इनडायरेक्ट टैक्स को रिप्लेस करने के लिए 6 साल पहले 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था। जीएसटी में 5, 12, 18 और 28प्रतिशत के चार स्लैब हैं। हालांकि, गोल्ड और गोल्ड ज्वेलरी पर 3प्रतिशत टैक्स लगता है।

# योद्धा के प्रदर्शन की तारीख 3 महीने और बढ़ी

## -दर्शकों को करना होगा अभी और इंतजार




**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म निमार्ता करण जौहर की फिल्म योद्धा को एक बार फिर से आगे सरका दिया गया है। अब यह फिल्म दिसम्बर में दर्शकों के सामने आएगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पाटनी के साथ चचाओं में आई राशि खन्ना हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी। अब फिल्म इस साल 15 दिसंबर को रिलीज होगी। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा फिल्म के डायरेक्टर हैं। फिल्म को करण जौहर प्रोड्यूस कर रहे हैं।रिलीज डेट के बारे में बताते हुए धर्मा प्रोडक्शन ने कैप्शन में लिखा है- इस फ्रेंचाइजी की पहली एक्शन फिल्म योद्धा उड़ान भरने को तैयार है। डायरेक्टर सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा की ये फिल्म 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में दिशा पाटनी और राशी खन्ना लीड रोल में दिखेंगी।ये तीसरी बार है जब फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई है। इसके पहले फिल्म 11 नवंबर 2022 को रिलीज होनी थी। इसके बाद फिल्ममेकर्स ने फिल्म को जुलाई 2023 और फिर 15 सितंबर तक के लिए पोस्टपोन कर दिया। अब फिल्म 15 दिसंबर को रिलीज होगी। मीडिया से फिल्म के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ ने कहा था- एक आर्टिस्ट के तौर पर आप ऐसी फिल्मों में काम करना चाहते हैं जिन फिल्मों के जरिए आप ज्यादा से ज्यादा सीख सकें। मैं शुक्रगुजार हूं कि इस फिल्म ने मेरी पर्सनालिटी के बेहद अनछुए हिस्से को निखारा है। ऑडियंस और फैंस ने मुझे इतना प्यार दिया है कि मैं अपनी खुशी जाहिर नहीं कर सकता। मैं इंतजार कर रहा हूं कि जल्द से जल्द योद्धा उन तक पहुंच सके।इस फिल्म के अलावा जल्द ही सिद्धार्थ वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स के साथ ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। रोहित शेट्टी की इस सीरीज में सिद्धार्थ के सतह विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी लीड रोल में दिखेंगी। ये सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। बता दें कि करण जौहर इन दिनों अपने निर्देशन में बनी फिल्म को प्रमोट करने में लगे हुए हैं। 7 साल बाद निर्देशन में वापसी करने वाले करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ट्रेलर आज जारी किया गया है। ट्रेलर को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

# नाडियाडवाला बना रहे कार्तिक को लेकर एक और फिल्म

## -फिल्म का शीर्षक रखा है चंदू चैम्पियन



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म निमार्ता साजिद नाडियाडवाला कार्तिक आर्यन को लेकर एक और फिल्म बनाने जा रहे हैं जिसका शीर्षक उन्होंने चंदू चैम्पियन रखा है। इस फिल्म को कबीर खान निर्देशित करेंगे। फिल्म की कथा-पटकथा कबीर खान की ही है। कबीर खान इससे पहले साजिद नाडियाडवाला की स्पोर्ट्स फिल्म 83 को निर्देशित कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार चंदू चैंपियन टीम ने फिल्म की रिलीज के लिए बकर ईद 2024 को अपने लिए बुक कर लिया है। यह फिल्म आगामी वर्ष 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। और बजरंगी भाईजान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ ईद का पर्याय बन गए हैं। इस बार, वह बकर ईद सप्ताहांत पर अपनी अगली फिल्म लेकर आएंगे। ईद के मौके पर प्रदर्शित हुई ज्यादातर फिल्मों को सफलता हासिल होती है। हालांकि ईद सलमान खान के नाम से बुक रहती है लेकिन आगामी वर्ष सलमान खान इस मौके पर कोई फिल्म नहीं ला रहे हैं, जिसके चलते कई निमार्ता अपनी फिल्म को इस दिन प्रदर्शित करने की योजना बना रहे हैं। निर्माता अगले 6 महीनों में इस महाकाव्य स्पोर्ट्स ड्रामा की शूटिंग करेंगे और इसे जून 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार करेंगे। हालांकि फिल्म चीजों के दृष्टिकोण से एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, लेकिन इसमें कई तत्व हैं जिनके लिए अच्छे वीएफएक्स समय की आवश्यकता होती है, और इसलिए, कबीर पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए अच्छा समय रखेंगे। कबीर और साजिद दोनों को भरोसा है कि यह फिल्म उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगी। चंदू चैंपियन से सिर्फ अभी तक कार्तिक आर्यन का नाम घोषित हुआ है, अन्य सितारों को गुप्त रखा जा रहा है। सत्यप्रेम की कथा के बाद यह साजिद नाडियाडवाला की अगली थिएटर रिलीज है।

बताया जा रहा है कि चंदू चैम्पियन को कबीर खान पहले रणवीर सिंह के साथ बनाने की योजना बना रहे थे, लेकिन कुछ परिस्थितियों के चलते ऐसा नहीं हो सका। कहा जा रहा है कि यह फिल्म अपनी तरह की अनोखी स्पोर्ट्स ड्रामा है, जो मानवीय भावना का पहले जैसा जश्न मनाती है। फिल्म लंबे नाटकीय दृश्यों पर आधारित है और कहा जाता है कि यह कबीर की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है।

# भंसाली बनाएंगे सलमान के साथ इंशाअल्लाह!

## -वैचारिक मतभेदों के कारण पिछड़ गई थी यह फिल्म



**मुंबई (ईएमएस)।** अपनी अगली फिल्म के लिए बालीवुड एक्टर सलमान खान किसी ऐसी पटकथा की तलाश में हैं जो पहले कभी सिनेमाई परदे पर नजर नहीं आई हो। ऐसे में उन्हें अपने बिछुड़े हुए दोस्त निर्देशक संजय लीला भंसाली की याद आई है जो उन्हें लेकर 2019 में इंशाअल्लाह नामक फिल्म बनाने जा रहे थे। यह फिल्म 2020 ईद पर प्रदर्शित होने की सम्भावना व्यक्त की गई थी। फिल्म पर काम भी शुरू हुआ था लेकिन सलमान खान और संजय लीला भंसाली के मध्य वैचारिक मतभेदों ने तूल पकड़ लिया जिसके चलते यह फिल्म बंद हो गई। बताया जा रहा है कि सलमान खान ने संजय लीला भंसाली से सम्पर्क किया है। गौरतलब है कि वर्ष 1999 में सलमान खान आखिरी बार भंसाली के साथ हम दिल दे चुके सनम में नजर आए थे। एक रिपोर्ट की मानें तो इंशाअल्लाह के सेट पर हुए टकराव के बावजूद सलमान ने हाल ही में भंसाली से संपर्क किया है। सलमान के मुताबिक, इंशाअल्लाह एक शानदार लव स्टोरी थी। वो अपने करियर इस स्टेज पर ऐसी फ्रेश स्टोरी करना चाहते हैं। सलमान की पिछली फिल्म किसी का भाई किसी की जान फ्लॉप रही।

इसमें इंडस्ट्री के कई न्यूकमर एक्टर्स थे। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सलमान अब सही स्क्रिप्ट की तलाश कर रहे हैं। यह कोई एक्शन पैक्ड और ड्रामा ड्रिवेन फिल्म नहीं होगी। ना ही इससे सलमान किसी न्यूकमर को सपोर्ट करेंगे। अब वे किसी ऐसे जॉनर पर काम करने की इच्छा रखते हैं जो रेलेवेंट हो और उन्होंने पहले कभी ना किया हो। इससे पहले मार्च 2019 में सलमान ने एक ट्वीट के जरिए यह ऑफिशियली अनाउंस किया था कि वो भंसाली के साथ 20 साल बाद काम करने जा रहे हैं। बता दें कि बॉक्स आफिस पर लगातार दो असफल फिल्म दे चुके सलमान खान करियर के इस दौर में अब इस तरह की भूमिका में नजर आना चाहते हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं की हो।

# पप्पी लव के जरिए निक्की करेगी ओटीटी डेब्यू



एक्ट्रेस निक्की तंबोली फिल्म पप्पी लव के जरिए ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं पप्पी लव के लिए बेहद एक्साइटिड हूं क्योंकि यह ओटीटी स्पेस में मेरी पहली फिल्म है। मेरा पंजाबी एनआरआई किरदार कुछ ऐसा है, जिसे मैं पहली बार निभा रही हूं। इस पर फैंस और ऑडियंस के रिएक्शन का मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, किरदार में ढलने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी पड़ी। ओटीटी डेब्यू के लिए मैं हमेशा से सही रोल के ऑफर की तलाश में थी और मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन के नए फेज को शुरू करने का सही तरीका है। हरि संतोष द्वारा निर्देशित पप्पी लव में निक्की को एक्टर तनुज विरवानी के साथ लीड एक्ट्रेस के रूप में देखा जाएगा। बता दें कि निक्की तंबोली फिल्म में वह एक पंजाबी एनआरआई का किरदार निभा रही हैं।निक्की तंबोली बिग बॉस सीजन 14 और खतरों के खिलाड़ी में नजर आ चुकीं है।

# वाणी कपूर यूएस-यूके के टूर के लिए तैयार, भारत के लिए करेंगी परफॉर्म



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर दो ग्लोबल टूर की तैयारी कर रही हैं। वह यूएस और यूके के टूर पर जाएंगी। इस टूर में तीन हफ्ते की अमेरिकी ट्रिप और यूके में कॉन्सर्ट भी शामिल हैं। यदि परफार्म की बता है तो वह जहां वह ऋतिक रोशन के साथ परफॉर्म करेंगी। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन साल रहा है क्योंकि मैंने इस साल की शुरूआत में अपना पहला यूएसए दौरा किया था, अब मैं अपने को-स्टार ऋतिक रोशन के साथ यूके टूर कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं इंडियन आर्टिस्ट कम्युनिटी की प्राउड मेंबर हूं। मैं दुनिया के सामने भारत के लिए बेस्ट परफॉर्म करने की इच्छा रखती हूं। इसलिए, मैं हमेशा ग्लोबल टूर के लिए तैयार रहती हूं, जहां मैं अपनी पसंदीदा हिंदी फिल्मों और उनके म्यूजिक को ऑडियंस तक पहुंचा सकूं। बता दें कि वाणी कपूर एक्ट्रेस के अलावा डांसर भी हैं, उन्होंने घुंघरू, नशे सी चढ़ गई, उड़े, दिल बेफिक्रे जैसे अपने चार्ट-बस्टिंग सॉन्स के माध्यम से बॉलीवुड के बेस्ट डांसर्स में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। स्टेज पर परफॉर्म करने के अपने शौक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा अपनी फिल्मों के जरिए या स्टेज इवेंट्स के जरिए परफॉर्म करना और दर्शकों का मनोरंजन करना पसंद है। एक्ट्रेस-डांसर ने कहा कि वह भाग्यशाली रही हैं कि उन्हें अपने करियर में अच्छे गाने मिले। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके दुनिया भर में वायरल हिट उन्हें दर्शकों के साथ जल्दी जुड़ने में मदद करते हैं क्योंकि उनके कई गाने आमतौर पर भारतीय और दक्षिण एशिया में हिट हैं।

# तेलुगु फिल्म नानी-30 का पहला लुक जारी



अपकमिंग तेलुगु फिल्म नानी-30 का पहला लुक जारी किया गया, जिसमें एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर पारंपरिक दक्षिण भारतीय साड़ी में खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में पारंपरिक पर्पल कलर की साड़ी में दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस शांत समुद्र तट पर अपनी खिलखिलाती हंसी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। मृणाल के फर्स्ट लुक ने फैंस के दिलों में नानी-30 के लिए और उत्सुकता भर दी है। इस बीच मृणाल की तीसरी तेलुगु फिल्म, जो फिलहाल अनटाइटल है और जिसकी जल्द ही शूटिंग शुरू होगी, का हाल ही में मुहूर्त हुआ, जहां एक्ट्रेस को विजय देवराकोंडा के साथ देखा गया। एक्ट्रेस, जिन्हें वर्तमान में उनकी स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2 के लिए काफी पॉजिटिव रिएक्शन मिल रहे है, ने पहले दुलकर सलमान के साथ थियेट्रकल फिल्म सीता रामम के साथ तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरूआत की थी। उनके पास विजय देवराकोंडा के साथ भी एक प्रोजेक्ट है।

# मनोज को फैमिली मैन 3 की शूटिंग का इंतजार




प्राइम वीडियो सीरीज द फैमिली मैन के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने वाले अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में भाग लिया, जहां उनकी फिल्म गुलमोहर को पुरस्कृत किया गया। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्मों के बारे में बात की। अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा कि वह भी फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं और जल्द ही अपने प्रशंसकों को खुशखबरी देंगे। द फैमिली मैन 3 के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह भी शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। जल्द ही फैंस को खुशखबरी देंगे। इसके अलावा वेब सीरीज सूप नेटफ्लिक्स पर आएगी। लेकिन, इसकी रिलीज में अभी समय है। एक्टर की फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है ओटीटी से थिएटर में आने वाली पहली फिल्म बन गई है। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म को सभी से इतना प्यार मिला है, जिसकी हमने उम्मीद भी नहीं की थी। सिंगल थिएटर्स में भी फिल्म को शानदार रिव्यू मिले।

# थलाइवा की झलकियों के साथ फिल्म जेलर का एकल प्रोमो जारी




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म जेलर का एकल प्रोमो जारी हो गया है। इस फिल्म में नेल्सन दिलीपकुमार के साथ रजनीकांत की दमदार भूमिका रहेगी। हालांकि फिल्म जेलर ने उनके प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है! थलाइवा की कई झलकियों से लेकर कई प्रोमो तक, दक्षिण मेगास्टार फिल्म में अपने आंतरिक स्वैग को प्रदर्शित करते हुए दिखाई देंगे। काफी इंतजार के बाद, जेलर के पहले सिंगल प्रोमो का अनावरण खुद अनिरुद्ध रविचंदर और नेल्सन ने 3 जुलाई को किया। हालांकि रजनीकांत प्रशंसकों को जिस दिन का इंतजार था वह आखिरकार आ गया है! जेलर के निमार्ताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला सिंगल प्रोमो जारी किया है। कावला शीर्षक वाला प्रोमो अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा नेल्सन दिलीपकुमार के लिए अपना दरवाजा खोलने से शुरू होता है। वीडियो बाद में दर्शकों को प्रोमो के अंदर ले जाता है। देखकर ऐसा लग रहा है कि इसमें तमन्ना भाटिया अभिनय करेंगी। हालांकि इसका पूरा गाना 6 जुलाई को रिलीज होगा। बता दें कि फिल्म जेलर के निमार्ता सन पिक्चर्स ने ही इसे साझा किया है। नेल्सन निर्देशित जेलर में रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। नए वीडियो में थलाइवर, मोहनलाल और जैकी श्रॉफ का स्वैग भी देख सकते हैं। यहां गौरतलब है कि फिल्म जेलर 10 अगस्त 2023 को रिलीज होगी। जेलर नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा लिखित और निर्देशित एक पूर्ण एक्शन मनोरंजक फिल्म है। फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। जैकी श्रॉफ, राम्या कृष्णन, तमन्नाह और विनायकन सहायक कलाकारों का हिस्सा हैं। मोहनलाल, जो एक कैमियो भूमिका में दिखाई देते हैं, जेलर में अपने चरित्र के लिए रेट्रो हो गए। इसी तरह शिव राजकुमार भी फिल्म में कैमियो रोल निभाएंगे।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया ट्रेलर

आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ट्रेलर जारी किया गया। तीन मिनट से ज्यादा के ट्रेलर में रणवीर, आलिया, जया बच्चन, शबाना आजमी और धर्मेंद्र हैं। ट्रेलर में रणवीर पंजाबी और आलिया बंगाली परिवार से हैं। दोनों एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं, पर उन्हें लगता है कि परिवार उनकी शादी के लिए राजी नहीं होगा। ट्रेलर में, रणवीर-आलिया एक-दूसरे के लाइफस्टाइल और अपब्रिंगिंग को समझने के लिए परिवार बदलने का फैसला करते हैं। परिवार के साथ रहने पर इनको समझ आता है कि दोनों के परिवारों में काफी ड्रामा है और उनकी शादी होना बेहद मुश्किल है। ट्रेलर का अंत दो अलग-अलग राहों के साथ होता है। रणवीर को यह कहते हुए सुना जाता हैः हम कितनी भी कोशिश कर लें, हमारे बीच के फर्क खत्म नहीं होंगे। इस पर आलिया जवाब देती हैं, फर्क तो खत्म नहीं होगा, लेकिन ये रिश्ता खत्म हो चुका है रॉकी।

## सूडोकु नवताल- 6486

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6485 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्दजाल - 7233

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | क्रि | मी | न | ल | ज | ग | ल | ट |
| रा | वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ |
| चु | म | न | बा | दी | छ | मि | आ | ब | सौ | क |
| इं | नौ | ब | न | बा | वा | स | ल | ल | दा | क |
| डि | आ | यु | ल | य | चा | न | क्रो | न | ग | च |
| या | ल | ग | र | रा | ल | ली | ती | ण | र | र |
| द | सिं | पु | ग | ट्रे | न | गा | स | बा | व | दु |
| क | ह | रु | ई | द | ब | क | र | चो | श | हिं |
| रा | म | ष | ला | रा | म | स | या | औ | र | दु |
| बों | गॉ | ल | प | लि | खा | मो | शी | म | प | स्ता |
| बे | ड | क | र्क | या | क | र्त | य | दु | श्म | नी |

*शब्दजाल में मनीषा कोइराला की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

हिंदुस्तानी, बोंबे, मन, दुश्मनी, सौदागर, क्रिमीनल, यलगार, मिलन, युगपुरुष, खामोशी

### शब्दजाल - 7232 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | ग | र | द | शा | व | ता | र | र | क |
| दा | वि | ल | ग | श | जी | ग | द | इ | द | ली |
| द | स्ता | ना | ल | र | छ | ची | द | रा | स्त | क |
| री | ज | र | दो | थ | ज | न | ह | न | र | क |
| क | खु | द | भा | लू | लं | का | न | ग | ख्वा | क |
| जी | द | श | ल | य | ख | पू | ना | हि | न | को |
| ती | लो | क | ड़ी | ब | प | र | श | र | र | द |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | द | क | गो | लो | श | र्श |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | हे | लू | री | श | प | नी |
| तें | दु | आ | प | व | ज | र्त | ऐ | बें | हा | य |
| क | द | स्ता | वे | ज | ल | गा | य | द | प | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6186

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 6 | 4 |
| | 29 | | 37 | 2 | 31 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | | 6 | 2 | |
| | 29 | | 33 | | 37 | |
| | 1 | 2 | | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | | 30 | |
| 7 | 6 | | | 1 | 3 | 2 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6185 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# हांगझोउ गेम्स के लिए 10 सदस्यीय भारतीय टेबल टेनिस टीम घोषित, शरत–मनिका के पास पदक

**नई दिल्ली।**

अचंत शरत कमल और मनिका बत्रा सितंबर–अक्टूबर में होने वाले हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारत की 10 सदस्यीय टेबल टेनिस टीम की अगुवाई करेंगे जिसमें उनका लक्ष्य पिछले चरण के ऐतिहासिक प्रदर्शन की बराबरी करने का होगा। जकार्ता में पांच साल पहले पिछले एशियाई खेलों में भारतीय दल का टेबल टेनिस स्पर्धा में पदक जीतने का 60 साल का इंतजार खत्म हुआ था। टीम ने पुरुष और मिश्रित युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया था। शरत और मनिका ने पांच साल पहले इंडोनेशिया में जोड़ी बनाई थी और यादगार कांस्य पदक जीता था। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने कोरिया के प्योंगचांग में आगामी 26वीं एशियाई चैंपियनशिप और चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी शामिल हैं। कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप तीन से 10 सितंबर तक खेली जाएगी जबकि एशियाई खेल 24 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयोजित होंगे। शरत का यह अंतिम एशियाड होने की संभावना है, वह जी साथियान, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और मानुष शाह के दल की अगुआई करेंगे। वहीं मनिका युवा महिला टीम की जिम्मेदारी संभालेंगी जिसमें श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी, अयहिका मुखर्जी और दिया चिताले शामिल हैं। एशियाई खेलों में पुरुष एकल में शरत, साथियान और महिला एकल में मनिका और श्रीजा को शामिल किया है। शरत हांगझोउ में केवल पुरुष युगल और मनिका मिश्रित युगल में खेलेंगी जिसमें दोनों साथियान के साथ जोड़ी बनाएंगे। शरत और मनिका ने अन्य युगल स्पर्धाओं से हटने का फैसला किया जिससे चयनकर्ताओं को टीम चुनने में आसानी रही क्योंकि वे अच्छा प्रदर्शन कर रही जोड़ियों में बदलाव नहीं करना चाहते।

**टीम**

**पुरुष वर्ग :** अचंत शरत कमल, जी साथियान, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और मानुष शाह, रिजर्व : एएफआर स्नेहित, सानिल शेट्टी

**महिला वर्ग :** मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी, अयहिका मुखर्जी और दिया चिताले, रिजर्व : अर्चना कामत, रीथ रिष्या

**पुरुष युगल :** अचंत शरत कमल और जी साथियान, मानव ठक्कर और मानुष शाह

**महिला युगल :** सुतिर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी, श्रीजा अकुला और दिया चिताले

**मिश्रित युगल :** मनिका बत्रा और जी साथियान, श्रीजा अकुला और हरमीत देसाई।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ऐशेज सीरीज का तीसरा टेस्टः दूसरे दिन इंग्लैंड 237 रन पर ऑलआउट; दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया- 116/4, स्मिथ-लाबुशेन आउट




**लीड्स।** इंग्लैंड के लीड्स में एशेज सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 237 रन पर ऑलआउट हो गया। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना लिए। स्टीव स्मिथ 2 और मार्नस 33 रन बनाकर आउट हुए, दोनों को स्पिनर मोईन अली ने पवेलियन भेजा। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 263 रन बनाए थे। उनकी कुल बढ़त 142 रन की हो चुकी है। टीम के मिचेल मार्श (17) और ट्रेविस हेड (18) नॉटआउट रहे। दोनों तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी आगे बढ़ाएंगे। तीसरे दिन का खेल भारतीय समयानुसार दोपहर 3 : 30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड ने दूसरे दिन 68/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन टीम ने दिन की शुरुआत में ही 4 विकेट खो दिए। जॉनी बेयरस्टो 19 रन बनाकर मिचेल स्टार्क का शिकार हुए। बेन स्टोक्स एक एंड पर टिके रहे, लेकिन उनके सामने मोईन अली भी आउट हो गए। स्टोक्स ने 110 गेंद पर 80 रन बनाए, लेकिन लंच के ठीक पहले वह भी आउट हो गए। उन्हीं के साथ क्रिस वोक्स भी 10 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गए। लंच के बाद मार्क वुड ने 8 ही गेंदों पर 3 छक्के लगाकर 24 रन बना दिए। लेकिन स्टुअर्ट ब्रॉड 7 और ऑली रोबिनसन 5 रन ही बना सके और इंग्लैंड की पहली पारी 237 रन पर खत्म हो गई। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने 2 विकेट लिए थे। उन्होंने दूसरे दिन भी इंग्लिश बैटर्स को रन बनाने से रोका और 4 विकेट और निकाल लिए। उन्होंने पहली पारी 6 विकेट लेकर खत्म की। उनके अलावा मिचेल स्टार्क को 2 विकेट मिले। वहीं मिचेल मार्श और टॉड मर्फी को 1–1 सफलता मिली। दूसरे दिन ही ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। टीम का टॉप ऑर्डर लड़खड़ाया, स्टुअर्ट ब्रॉड ने डेविड वॉर्नर को टेस्ट करियर में 17वीं बार आउट किया।

### दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल...तीसरा दिनः चेतेश्वर पुजारा का शतक, वेस्ट ने सेंट्रल जोन पर 384 रन की बढ़त बनाई

**बेंगलुरु /अलूर।** दलीप ट्रॉफी में 2 सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहला नॉर्थ और साउथ जोन के बीच चल रहा है। वहीं, दूसरा मुकाबला सेंट्रल और वेस्ट जोन के बीच खेला जा रहा है। सेमीफाइनल के तीसरे दिन चेतेश्वर पुजारा ने शतक जड़ा। उनकी सेंचुरी के बाद वेस्ट जोन ने दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट पर 292 रन बना लिए। टीम की लीड 384 रन की हो चुकी है। अलुर में दूसरा सेमीफाइनल खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले नॉर्थ जोन की टीम दूसरी पारी में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। 215 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ जोन ने बगैर नुकसान के 21 रन बना लिए। के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीसरे दिन वेस्ट जोन ने 149/3 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। दूसरे दिन फिफ्टी लगा चुके चेतेश्वर पुजारा ने सेंचुरी लगाई। वह 278 बॉल पर 133 रन बनाकर आउट हुए।



### सिंधु-लक्ष्य कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचेः मेंस डबल्स में कृष्णा प्रसाद गरागा-विष्णुवर्धन गौड़ का सफर समाप्त

**मुंबई।** भारत के बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। सिंधु ने अपना क्वार्टर फाइनल में फैंग जी को 21–13, 21–7 से हराया। वहीं लक्ष्य सेन ने जूलियन करागी को 21–8, 17–21, 21–10 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पीवी सिंधु ने चीन की फैंग जी पर एकतरफा जीत दर्ज की। उन्होंने फैंग को 21–13, 21–7 से हराया। क्वार्टर फाइनल से पहले सिंधु को प्री-क्वार्टर फाइनल में वॉक-ओवर मिला था। उन्हें जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ मुकाबला नहीं खेलना पड़ा। सिंधु जहां सीधे गेम में जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन को जीतने के लिए मेहनत करनी पड़ गई। उन्होंने जर्मनी के जूलियन करागी के खिलाफ पहला गेम 21–8 से जीता। दूसरे गेम में उन्हें 17–21 से हार का सामना करना पड़ गया। लक्ष्य ने तीसरे गेम में वापसी की और 21–10 से गेम जीतकर मैच भी जीत लिया। सेमीफाइनल में लभ्य का सामना जापान के केंता निशिमोटो से होगा। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने ब्राजील के यगोर कोएल्हो को 21–15, 21–11 से हराया था।



## टीम इंडिया डोमिनिका पहुंची, 3 दिन बाद मुकाबला

# वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के लिए 13 प्लेयर्स चुने, 2 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल

**बारबाडोस/डोमिनिका।**

भारतीय क्रिकेट टीम बारबाडोस में 5 दिन तक प्रैक्टिस करने के बाद डोमिनिका पहुंच चुकी है। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सुबह प्लेयर्स के डोमिनिका पहुंचने के फोटोज शेयर किए। डोमिनिका के विंडसर पार्क में 12 जुलाई से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने इस मुकाबले के लिए 13 खिलाड़ियों के नाम जारी कर दिए हैं। वेस्टइंडीज टीम की कप्तानी क्रेग ब्रैथवेट ही करेंगे, टीम में 2 अनकैप्ड खिलाड़ी और 2 रिजर्व खिलाड़ी भी चुने गए।

**कोहली और किशन हंसी–मजाक करते दिखे** – बीसीसीआई ने शनिवार सुबह करीब 7 बजे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खिलाड़ियों की फोटोज पोस्ट कीं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड़, उप कप्तान अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल नजर आए। वहीं एक फोटो में ईशान किशन और विराट कोहली साथ बैठकर हंसी–मजाक करते दिखे।

**अश्विन–जडेजा भी एयरपोर्ट पर दिखे** – बीसीसीआई की पोस्ट में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, जयदेव उनादकट, मुकेश कुमार, शार्दूल ठाकुर, बैटर शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड, विकेटकीपर केएस भरत, बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और बॉलिंग कोच पारस म्हाबरे भी नजर आए। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा, जब हम डोमिनिका के लिए निकले। टीम इंडिया 3 जुलाई से बारबाडोस में प्रैक्टिस कर रही थी, यहां टीम ने प्रैक्टिस मैच भी खेला। अब टीम डोमिनिका पहुंच चुकी है, जहां 12 जुलाई को शाम 7 : 30 बजे से पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। फिर 20 जुलाई से त्रिनिदाद एंड टोबैगो में दूसरा टेस्ट होगा।

**वेस्टइंडीज टीम में 2 स्पिनर्स चुने गए** – भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज ने 13 प्लेयर्स की टीम चुनी। इनमें गेंदबाज कर्क मैकेंजी और बैटर एलिक एथानाजे के रूप में 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों को चुना गया, जिन्हें भारत के खिलाफ डेब्यू का मौका मिल सकता है। वहीं टीम में 2 स्पिनर्स रहकीम कॉर्नवॉल और जोमेल वारिकन को भी चुना गया। दोनों ने लंबे समय बाद टीम में वापसी की।



**टीम में 6 पेसर्स** – वेस्टइंडीज टीम में 6 पेसर्स और 5 बैटर्स चुने गए। पेसर्स में अल्जारी जोसेफ, केमार रोच, जेसन होल्डर, रेमन रीफर, शेनन गैब्रिएल और कर्क मैकेंजी शामिल हैं। वहीं बैटर्स में ब्रैथवेट के अलावा जर्मेन ब्लैकवुड, एथानाजे, तेजनारायण चंद्रपॉल और विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा शामिल हैं। टीम में होल्डर और कॉर्नवॉल के रूप में 2 ऑलराउंडर्स भी शामिल हैं।

**टेस्ट के बाद 3 वनडे और 5 टी–20** – 20 से 24 जुलाई तक दोनों टीमें दूसरा टेस्ट खेलेंगी। वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट की टीम जारी नहीं की है। टेस्ट के बाद से 27 जुलाई से 3 वनडे मैचों की सीरीज शुरू होगी। फिर 3 अगस्त से 13 अगस्त तक 5 टी–20 मैचों की सीरीज भी होगी, जिसके 2 मुकाबले अमेरिका के फ्लोरिडा में भी खेले जाएंगे।

**पहले टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम...**

क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (उपकप्तान), एलिक एथानाजे, तेजनारायाण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवॉल, जोशुआ डा सिल्वा (विकेटकीपर), शेनन गैब्रिएल, जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ, कर्क मैकेंजी, रेमन रीफर, केमार रोच और जोमेल वारिकन।

**ट्रेवलिंग रिजर्व:** टेविन इम्लाच और अकीम जॉर्डन

**भारत की टेस्ट टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे (उपकप्तान), ऋतुराज गायकवाड, यशस्वी जायसवाल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, ईशान किशन (विकेटकीपर) और नवदीप सैनी।

## अंबाती रायडू ने मेजर लीग क्रिकेट से नाम वापस लिया

# 5 दिन बाद शुरू होना है टूर्नामेंट ; मई में खेला था आखिरी आईपीएल मैच

**मुंबई।**

अंबाती रायडू अमेरिका के टी–20 मेजर लीग क्रिकेट से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने इसकी वजह निजी कारण बताया है। हालांकि, माना जा रहा है कि रायडू ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की एपेक्स काउंसिल में भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी लीग में भाग लेने से पहले रिटायरमेंट के बाद एक साल की कूलिंग पीरियड के प्रस्ताव आने के बाद लिया है। इस प्रस्ताव को सितंबर में बीसीसीआई के एजीएम में मंजूरी दी जाएगी। दरअसल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को यह चिंता सता रही है कि जिन खिलाड़ियों को आईपीएल या टीम इंडिया में मौका नहीं मिल पाएगा, वे यहां से संन्यास लेकर विदेशी लीग में खेलने जा सकते हैं। ऐसे में बीसीसीआई ने संन्यास के बाद एक साल की कूलिंग पीरियड रखने का प्रस्ताव रखा है। विदेशी लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने बोर्ड से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना पड़ता है। सितंबर में बीसीसीआई के इस प्रस्ताव को पारित हो जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को बीसीसीआई रिटायरमेंट के साल बाद ही एनओसी देगी। वर्तमान में भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग में इंटरनेशनल क्रिकेट, आईपीएल और बीसीसीआई की ओर से संचालित डोमेस्टिक क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद ही खेल सकते हैं। उन्मुक्त चंद ने 28 साल की उम्र में संन्यास लेकर विदेशी लीग में खेल रहे हैं भारत के पूर्व अंडर–19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के कप्तान उन्मुक्त चंद ने भारतीय टीम में मौका नहीं



मिलने पर साल 2021 में 28 साल की उम्र में ही संन्यास ले लिया था। वह मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बिग बैश लीग और बांग्लादेश प्रीमियर लीग में चैटोग्राम चैलेंजर्स की ओर से खेल रहे हैं। आईपीएल के 16वें सीजन के बाद रिटायरमेंट की थी रिटायरमेंट की घोषणा रायडू ने आईपीएल के 16वें सीजन में ट्रॉफी जीतने वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेले थे। अंबाती रायडू ने आईपीएल के 16वें सीजन में खेले 16 मैचों में 139.82 की स्ट्राइक रेट से 158 रन बनाए थे। उन्होंने फाइनल से पहले आईपीएल से संन्यास लेने की घोषणा की थी। उसके बाद उन्होंने एमएलसी की टेक्सास सुपर किंग्स टीम के साथ करार किया था। टेक्सास सुपर किंग्स आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स को संचालित करने वाली इंडिया सीमेंट्स की ही है। आईपीएल में चेन्नई से खेलने वाले कई खिलाड़ी टेक्सास की टीम में शामिल आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स से खेल चुके डेवोन कॉन्वे,मिचेल सैंटनर के अलावा चेन्नई के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ही टेक्सास सुपर किंग्स के कोच हैं। वहीं सीएसके बॉलिंग कोच डेवोन ब्रावो भी खिलाड़ी के तौर पर टेक्सास सुपर किंग्स से खेलते हुए नजर आएंगे।

# अपनी कहानी लिखना चाहते हैं नीरज चोपड़ाः बोलें- अभी वर्ल्ड चैंपियनशिप का गोल्ड बाकी; समय आने तक मैं इंटरव्यू देने की तरह लिखना भी सीख चुका होउंगा

**पानीपत।**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने अपनी कहानी लिखने की इच्छा जताई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नीरज चोपड़ा को इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उन्हें प्यार से भारत का गोल्डन बॉय कहा जाता है, जो एक तैयार शीर्षक की तरह है। वह अपनी कहानी लिखने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, एक वर्चुअल मीडिया इंटरेक्शन के दौरान नीरज ने कहा कि मुझे लगता है कि अभी मुझे और खेलना है और अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। अभी तो वर्ल्ड चैंपियनशिप का गोल्ड बचा हुआ है! अगले महीने बुडापेस्ट (हंगरी) में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पूरी ताकत से तैयारी कर रहे हैं। नीरज ने कहा कि वह वास्तव में किसी दिन भारत का गोल्डन बॉय बनने की अपनी यात्रा पर एक किताब लिखना चाहेंगे। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें क्या लगता है कि कितान लिखने के लिए कौन उपयुक्त होगा, तो उन्होंने जवाब दिया, हमारे देश में महान लेखक हैं जो संभवत: उनकी यात्रा के बारे में लिख सकते हैं। लेकिन, समय आने पर वह अपनी कहानी अपने शब्दों में साझा करना चाहेंगे। शायद तब तक वह लिखना सीख चुके होंगे। ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने इंटरव्यू में बोलना सीख लिया है।



### खुद को युवा एथलीटों के लिए बड़े भाई के रूप में देखता हूं

नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह खुद जूनियरों को उनके महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले फोन करते हैं और प्रेरित करते हैं। मैं खुद को युवा एथलीटों के लिए भैया (बड़े भाई) के रूप में देखता हूं। चाहे सीनियर हों या जूनियर, मैं सभी का सम्मान करता हूं। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जब मैं विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं से मिलता हूं और उनसे बात करता हूं तो मैं व्यक्तिगत रूप से प्रेरित होता हूं।

वे ऐसी पृष्ठभूमि से आते हैं जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। उनकी कहानियां बताने लायक हैं। उदाहरण के लिए, मैं विशेष रूप से (लंबे जम्पर) मुरली श्रीशंकर के करीब हूं। डायमंड लीग में पांचवें स्थान पर रहने के बाद, वह आसानी से मौसम को दोष दे सकता था या निराश महसूस कर सकता था। इसके बजाय, वह भविष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और अपने फॉर्म को बेहतर कर रहे हैं। यह मुझे आगे बढ़ने और अपने लिए व्यक्तिगत मील के पत्थर निर्धारित करने के लिए प्रेरित करता है।

# अगस्त तक ब्रॉडकॉस्ट राइट्स की डील करेगा बीसीसीआई : 2023–27 साइकल के राइट्स बिकेंगे, सचिव शाह बोले- जनवरी में अफगानिस्तान सीरीज

**मुंबई।**

अगस्त के आखिरी हफ्ते से पहले बीसीसीआई अपने मैचों के ब्रॉडकॉस्टिंग राइट्स की नीलामी करेगा। यह नीलामी 2023 से 2027 साइकल के लिए होगी। स्टार स्पोर्ट्स के साथ पिछली डील मार्च–2022 में समाप्त हो चुकी है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वे मुंबई स्थिति बीसीसीआई के हेड ऑफिस में आयोजित की एपेक्स काउंसिल मीटिंग के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे। शाह ने यह भी बताया कि भारत–अफगानिस्त सीरीज वर्ल्ड कप के आयोजन के चलते टल गई है और अब यह सीरीज अगले जनवरी महीने में होगी।

### एपेक्स काउंसिल की मीटिंग में चार बड़े फैसले लिए गए।

एशियन गेम्स में हिस्सा लेगी भारतीय टीम पहला फैसला एशियाड में भारतीय टीम की हिस्सेदारी को लेकर हुआ। 28 सितंबर से चीन के हांगझू शहर में होने जा रहे एशियन गेम्स में भारत पहली बाद मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम भेजेगा। मुश्ताक अली ट्रॉफी में इम्पैक्ट प्लेयर का नियम आईपीएल की तर्ज पर डोमेस्टिक टी–20 टूर्नामेंट सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इम्पैक्ट प्लेयर का नियम पूरी तरह लागू होगा। अगस्त में मीडिया एंड ब्रॉडकॉस्टिंग राइट्स की नीलामी बोर्ड सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने मैचों के मीडिया और ब्रॉडकॉस्टिंग राइट्स की नीलामी अगस्त के आखिरी सप्ताह में करेगा। अफगानिस्तान सीरीज को आगे बढ़ाया भारतीय बोर्ड ने वर्ल्ड कप के आयोजन को देखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज को आगे बढ़ाया है। यह सीरीज जनवरी–2024 में होगी। यह वर्ल्ड कप से पहले होनी थी। वर्ल्ड कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टी–20 मैच खेलेगा भारत वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगा। शाह ने बताया कि वर्ल्ड कप के बाद ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ 5 टी–20 की सीरीज भी खेलेगा। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि स्पोर्ट्स मैनेजमेंट फर्म ग्रांट थॉर्नटन ने वर्ल्ड कप की मेजबानी करने वाले 12 में से 10 स्टेडियम में मरम्मत के सुझाव भेजे है। 2010 ग्वांगझू, चीन और 2014 इंचियोन, साउथ कोरिया में हुए एशियाड में भी मेंस और विमेंस क्रिकेट के इवेंट हुए थे। 2010 में बांग्लादेश ने मेंस और पाकिस्तान ने विमेंस कैटेगरी में गोल्ड जीता था। वहीं, 2014 में श्रीलंका की पुरुष और पाकिस्तान की महिला टीम चैम्पियन बनी थी। 2010 एशियाड में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, चीन, हॉन्गकॉन्ग, मलेशिया, नेपाल और मालदीव की मेंस टीमें शामिल हुई थीं। जबकि पाकिस्तान, बांग्लादेश, जापान, चीन, नेपाल, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग और मलेशिया की टीमों ने महिला इवेंट में हिस्सा लिया था। विमेंस टीम दूसरी बार मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट में जाएगी बीसीसीआई मेंस टीम के साथ विमेंस क्रिकेट टीम को भी एशियन गेम्स में उतारेगी। भारतीय विमेंस टीम दूसरी बार मल्टीस्पोर्ट्स इवेंट में हिस्सा लेगी।



## एशियाड में रेसलर्स के पार्टिसिपेशन पर संकट

# ट्रायल-डेट तय नहीं, 23 जुलाई तक नाम भेजने हैं; आईओए ने तारीख बढ़ाने की मांग की

**मुंबई।**

भारत में रेसलर्स प्रोटेस्ट के बीच एशियन गेम्स टीम का पार्टिसिपेशन भी कन्फर्म नहीं हो पा रहा है। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री, एसएआई ओलिंपिक एसोसिएशन और रेसलिंग फेडरेशन तक को खिलाड़ियों के ट्रायल्स के बारे में कोई जानकारी नहीं है। एशियन गेम्स के लिए रेसलिंग की फाइनल एंट्री 23 जुलाई तक भेजी जानी है, लेकिन देश में अब तक रेसलर्स के ट्रायल ही नहीं हुए।

### दूसरी बार तारीख बढ़ाने की मांग कर रहा फेडरेशन

रिपोर्ट अनुसार, एशियन गेम्स के लिए 15 जुलाई तक टीम और खिलाड़ियों के नाम जारी करनेहैं। लेकि न रेसलिंग फेडरेशन ने अपनेखिलाड़ि यों के नाम भेजने के लिए 23 जुलाई तक की तारीख मांगी थी, जिसे एशियन ओलिंपिक कमेटी ने एक्सेप्ट कर लिया। लेकिन अब फेडरेशन 15 अगस्त तक तारीख बढ़ाने की मांग कर रहा है।

### ओलिंपिक काउंसिल ने जवाब नहीं दिया

इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने एशियन गेम्स के लिए रेसलर्स का नाम भेजने की डेट बढ़ाने की मांग ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया से की। आईओए ने बताया, अगर तारीखें बढ़ाई गईं तो रेसलिंग फेडरेशन 5 से 15 अगस्त तक ट्रायल्स कराएगा और खिलाड़ियों के नाम फाइनल कर देगा। आईओए की मांग पर ओसीए ने शुक्रवार रात तक भी लिखित जवाब नहीं दिया। एशियन कमेटी ने 23 जुलाई तक तारीख बढ़ाने की मांग पर भी आईओए को आश्वासन ही दिया है, इस बारे में भी फेडरेशन को लिखित जवाब नहीं मिला। आईओए अब 15 अगस्त तक तारीख बढ़ाने की मांग पर जवाब मिलने का इंतजार कर रहा है।



### ट्रायल की डेट अब तक तय नहीं

आईओए सेक्रेटरी और इंटरिम सीईओ कल्याण चौबे ने रेसलिंग फेडरेशन के मेंबर्स भूपेंदर सिंह बाजवा, 2 रेसलिंग एक्सपर्ट और नेशनल टीम के 2 कोच के साथ गुरुवार को रेसलिंग के भविष्य पर मीटिंग की। इसी मीटिंग में एशियन गेम्स में देश के प्रतिनिधित्व पर भी चर्चा हुई। लेकिन कमेटी एशियन गेम्स के लिए रेसलर्स की ट्रायल डेट पर कोई फैसला नहीं ले सकी। ओसीए से ऑफिशियल जवाब नहीं मिलने के चलते मीटिंग में ट्रायल डेट कन्फर्म नहीं हो सकी। इस कारण देश के कई पुरुष और महिला रेसलर्स का भविष्य अधर में लटका हुआ। खिलाड़ी एशियन गेम्स के लिए सालों से तैयारी कर रहे हैं।

### प्रदर्शन कर रहे रेसलर्स को टाइम देने के लिए बढ़ाना चाह रहे ट्रायल डेट

रिपोर्ट्स के अनुसार, रेसलिंग फेडरेशन इसलिए भी ट्रायल की तारीखें बढ़ाने की मांग कर रहा है, ताकि विरोध करने वाले खिलाड़ियों को तैयारी का समय मिल सके। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, संगीता फोगाट सत्यवर्त कादियन और जितेंद्र किन्हा बृजभूषण सिंह के खिलाफ 18 जनवरी से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। फेडरेशन चाह रहा है कि प्रोटेस्ट करने वाले रेसलर्स भी ट्रायल में पार्टिसिपेट करें और भारत के बेस्ट प्लेयर्स ही एशियन गेम्स में हिस्सा लें।

### पीटी उषा खुद मीटिंग करने बैंकॉक गईं

आईओए प्रेसिडेंट पीटी उषा और सेक्रेटरी कल्याण चौबे 8 जुलाई को एशियन ओलिंपिक कमेटी से मीटिंग करने के लिए बैंकॉक भी चले गए। उन्होंने भी रेसलिंग कमेटी के फाइनल नाम देने के लिए 15 अगस्त तक की तारीख मांगी, ताकी 10 अगस्त तक ट्रायल करा दिए जाएं। हालांकि उनकी मांग पर ओसीए ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है।

# पुरुषों के लिए फिट रहने के टिप्स



**फिटनेस** की परिभाषा पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग नहीं होती है। बल्कि शारीरिक फिटनेस शरीर और मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। नियमित एक्सरसाइज से न केवल मांसपेशियों में ताकत आती है बल्कि इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में विकास होता हैं, ढलती उम्र धीमी पड़ जाती है और कई अन्य तरह के रोगों से बचाव होता है। इसलिए पुरुषों को फिट रहने के लिए इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## आरामफरामोश न बनें

आधुनिक और आराम तलब जीवनशैली के कारण पुरूष 20 साल के बाद ही हृदयघात के खतरों की चपेट में आने लगते हैं। जो लोग आराम तलब जीवन जीते हैं, एक्सरसाइज करने से जी चुराते हैं और जंक व डिब्बा बंद आहार पर जीते हैं उनमें खराब कोलेस्ट्रोल या निम्न घनत्व वाले लिपोप्रोटीन का स्तर रक्त में हमेशा उच्च रहता है। अपने शरीर में एलडीएल के स्तर को कम करने के लिए नियमित एक्सरसाइज करके एचडीएल के स्तर को उंचा उठाया जा सकता है।

## रक्तचाप सामान्य रखें

जीवन में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण पैदा हुए निराशा और तनाव के कारण पुरूषों में उच्च रक्तचाप की बीमारी होना एक आम बात हो गई है। नियमित व्यायाम से रक्तचाप के स्तर को सामान्य रखने में मदद मिलती है और इस वजह से हृदयघात और हृदय रोगों के खतरे भी कम हो जाते हैं।

## बढ़ाएं ब्लड सर्कुलेशन

जब आप एक्सारसाइज करते हैं तब शरीर का ब्लड सर्कुलेशन तेज़ हो जाता है और शरीर में ब्लड की सप्लाई भी अधिक होने लगती है। रक्त धमनी शरीर में ब्लड की जरूरत के अनुसार फैलता और सिकुड़ता रहता है। लेकिन जब अदमी आराम तलबी का जीवन जीने लगता है कोई श्रम या एक्सरसाइज नहीं करता हैं तब उसके रक्त धमनी में कोलेस्ट्रोल जमा होने से रक्त धमनी सिकुड़ जाती है जो अंततः हृदय घात का कारण बनती है।

## अबीमारियों के खतरे कम करें

अस्वस्थ जीवनशैली और खानपान में अनियमितता के कारण वर्तमान में डायबिटीज, कैंसर, अर्थराइटिस, हृदय की बीमारियां, पेट की समस्याएं आदि बढ़ रही हैं। इन बीमारियों से बचाव की कोशिश कीजिए। इसके लिए रोज व्यायाम करें और नियमित जांच कराएं।

## वजन कम करें

वजन बढ़ने से कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं, इसलिए अपने वजन को नियंत्रण में रखें। वजन कम करने से दिल की बीमारियां नहीं होती हैं। इसलिए इसपर काबू पाने के लिए रोज व्यायाम करें और हेल्दी आहार का सेवन करें। पुरुष इन सामान्य सी बातों को ध्यान में रखकर न केवल फिट रह सकते हैं बल्कि बीमारियों से भी बच सकते हैं।



## स्क्रब करते समय इन बातों का ध्यान रखें

त्वचा को निखारने के लिए हम कई तरीके प्रयोग करते हैं, इसमें एक है स्क्रब। स्क्रब से चेहरे की डेड स्किन निकल जाती है, और नई त्वचा चेहरे पर आ जाती है। नियमित अंतराल पर स्क्रब करने से चेहरा साफ नजर आता है और दाग धब्बे भी गायब होने लगते हैं। स्क्रब बहुत जोर से तो बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए, इससे त्वचा डैमेज हो सकती है। जैसे हम नए कपड़े लेकर आते हैं और उसका ध्यान बहुत अच्छे से रखते हैं।



## धनिया की पत्तियों का सेवन है लाभकारी

धनिया और इसके पत्तों का सेवन कई मायनों में लाभकारी है। धनिया की हरी पत्तियों का लोग भोजन में कई प्रकार से उपयोग करते हैं। साथ ही, घरेलू उपचार के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। धनिया को ताजे छाछ में मिला कर पीने से बदहजमी, मितली, पेचिश और कोलाइटिस से राहत मिलती है। टायफायड होने की स्थिति में हरी धनिया के पत्तों का सेवन करने से लाभ मिलता है।



# विटमिन बी-12

## क्यों जरूरी है

अपनी ओर से हम हमेशा संतुलित और पौष्टिक आहार अपनाने की कोशिश करते हैं। फिर भी आज की अति व्यस्त जीवनशैली की वजह से हमारे खानपान में कोई न कोई ऐसी कमी रह ही जाती है, जिससे सेहत संबंधी कई समस्याएं हमें परेशान करने लगती हैं। वैसे तो सभी विटमिंस और माइक्रोन्यूट्रीएंट्स हमारी अच्छी सेहत के लिए जरूरी होते हैं, पर विटमिन बी-12 एक ऐसा तत्व है, जिसकी कमी सेहत के लिए बहुत ज्यादा नुकसानदेह साबित होती है।

### क्या काम है इसका

विटमिन बी-12 हमारी कोशिकाओं में पाए जाने वाले जीन डीएनए को बनाने और उनकी मरम्मत में सहायता करता है। यह ब्रेन, स्पाइनल कॉर्ड और नर्व्स के कुछ तत्वों की रचना में भी सहायक होता है। हमारी लाल रक्त कोशिशओं का निर्माण भी इसी से होता है। यह शरीर के सभी हिस्सों के लिए अलग-अलग तरह के प्रोटीन बनाने का भी काम करता है। यह ऐसा विटमिन है, जिसका अवशोषण हमारी आंतों में होता है। वहां लैक्टो बैसिलस मौजूद होते हैं, जो बी-12 के अवशोषण में सहायक होते हैं। फिर यह लिवर में जाकर स्टोर होता है। उसके बाद शरीर के जिन हिस्सों को इसकी जरूरत होती है, लिवर इसे वहां भेजने का काम करता जाता है।




### वेजिटेरियन

शाकाहारी लोगों को अपने खानपान का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। उनके पास विटमिन बी-12 हासिल करने के स्रोत सीमित संख्या में होते हैं, इसलिए उन्हें दूध, दही, पनीर, चीज, मक्खन, सोया मिल्क या टोफू का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। बी-12 मुख्यतः मिट्टी में पाया जाता है। इसलिए यह जमीन के भीतर उगने वाली सब्जियों जैसे-आलू, गाजर मूली, शलजम, चुकंदर आदि में भी आंशिक रूप से पाया जाता है। इसके अलावा 45 मल्टीग्रेन ब्रेड और वे प्रोटीन पाउडर भी इसके अच्छे स्रोत हैं। यदि एक किलोग्राम आटे में 100 ग्राम व प्रोटीन पाउडर मिला दिया जाए तो इससे व्यक्ति को विटमिन बी-12 का पोषण मिल जाता है।

### उपचार एवं बचाव

अगर इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो बिना देर किए सीरम विटमिन बी-12 की जांच करवानी चाहिए। अकसर लोग इसके लक्षणों को मामूली थकान या एनीमिया समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, पर ऐसा करना उचित नहीं है क्योंकि आगे चलकर यह समस्या गंभीर रूप धारण कर सकती है। शाकाहारी लोगों को अपने खानपान के प्रति विशेष रूप से सतर्क रहना चाहिए और उन्हें मिल्क प्रोडक्ट्स का सेवन भरपूर मात्रा में करना चाहिए। आम तौर पर



किसी स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में इसकी मात्रा 400-500 पिकोग्राम/मिली लीटर होनी चाहिए। अगर शरीर में इसकी मात्रा इससे कम हो जाए तो व्यक्ति को मिथाइल कोबालामिन नामक टैबलेट या इंजेक्शन दिया जाता है। दवा की मात्रा मर्ज की गंभीरता पर निर्भर करती है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। यह दवा आंतों में मौजूद लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया को सक्रिय करने का काम करती हैं। अगर सही समय पर इसकी पहचान कर ली जाए तो दवाओं और स्वस्थ खानपान से इस समस्या का समाधान हो जाता है।

### खानपान में विटमिन बी-12

अकसर यह सवाल उठता है कि हमें अपने खानपान में किन चीजों को शामिल करना चाहिए, ताकि शरीर में विटमिन बी-12 की कमी न हो। यहां वेजिटेरियन और नॉन वेजिटेरियन लोगों के लिए दी जा रही है, कुछ ऐसी चीजों की सूची, जिनमें विटमिन बी-12 पाया जाता है।

### नॉनवेज

नॉन-वेजटेरियन लोगों को अंडा, मछली, रेड मीट, चिकिन और सी फूड से विटमिन बी-12 भरपूर मात्रा में मिल जाता है, पर इनके ज्यादा सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ जाता है, जो नुकसानदेह साबित होता है। इसलिए नॉनवेज का सेवन सीमित और संतुलित मात्रा में करना चाहिए।

**नोट: हमें रोजाना औसतन 2.4 माइक्रोग्राम विटमिन बी-12 की जरूरत होती है, जो शाकाहारी लोगों को सामान्यत: 2 ग्लास दूध, 2 कटोरी दही, 100 ग्राम पनीर के अलावा खाने में 4-5 मल्टीग्रेन आटे से बनी रोटियां, 4-5 मल्टीग्रेन ब्रेड, ओट्स और बिस्किट के सेवन से मिल जाता है। नॉन-वेजटेरियन लोगों को नाश्ते में नियमित रूप से एक उबले अंडे के अलावा लंच और डिनर में चिकेन या फिश के दो पीसेज लेने चाहिए।**

### क्या है कमी की वजह

- आनुवंशिकता
- आंतों की कोई भी सर्जरी
- क्रोंज्स नामक आंतों की बीमारी, जिसकी वजह से आंतें विटमिन बी-12 का अवशोषण नहीं कर पातीं।
- अगर व्यक्ति को लंबे समय तक एनीमिया की समस्या रही हो तो उसमें भी विटमिन में बी-12 की कमी पाई जा सकती है। इसकी कमी से होने वाली समस्या को मेगालोब्लास्टिक एनीमिया कहा जाता है।
- अगर डायबिटीज की दवा मेटफॉर्मिन का लंबे समय तक सेवन किया जाए तो भी आंतों में मौजूद विटमिन बी-12 नष्ट हो जाता है।

### इसकी कमी को पहचानें कैसे

अगर शरीर में विटमिन बी-12 की कमी हो तो प्राय- ऐसे लक्षण देखने को मिलते हैं -

- हाथ-पैरों में झनझनाहट और जलन
- याद्दाश्त में कमी
- व्यवहार में अस्थिरता
- अनावश्यक थकान
- डिप्रेशन
- अगर शरीर में विटमिन बी-12 की बहुत ज्यादा कमी हो जाए तो इससे स्पाइनल कॉर्ड के नर्व्स नष्ट होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को पैरालिसिस तक हो सकता है।

# याद्दाश्त की रक्षा करेंगे ये वर्कआउट



**तेज** दिमाग के लिए बेहतर खानपान और एक्सरसाइज दोनों जरूरी होते हैं। दिमाग को स्वस्थ और जवां बनाए रखने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज करें। स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली धमनियों को लचीला बनाए रखने में मदद करती है। ध्यान, प्राणायाम और व्यायाम से तनाव दूर होता है और एकाग्रता बढ़ती है। चुस्त-दुरुस्त शरीर और तेज दिमाग के लिए बेहतर खानपान और एक्सरसाइज जरूरी होते हैं। यही नहीं, कुछ ताज़ा अध्ययनों से पता चला है कि डाइट में बदलाव लाकर, एक्सरसाइज व पजल खेलने से मनोभ्रंश (डिमेंशिया) से पीड़ित लोग स्वस्थ हो सकते हैं। तो चलिए आज हम कुछ ऐसे ही कुछ एक्सरसाइज के बारे में जानते हैं, जिनसे मेमोरी बेहतर बनती है।

**एरोबिक एक्सरसाइज करें :** दिमाग को स्वस्थ और जवां बनाए रखने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज करें। साइकोलॉजी के जानकारों के अनुसार एक्सरसाइज दिमाग को दुरस्त रखती है और याददाश्त को भी रिस्टोर कर सकती है। इससे दिमाग की रक्त आपूर्ती बढ़ती है और वहां ज्यादा पोषण और ऑक्सीजन पहुंच पाता है। एरोबिक्स फिटनेस को बढ़ाती है और अधिक उम्र के मनुष्यों में ब्रेन टिशू लॉस को कम करती है और दिमाग को भी तेज करती है।

**बेहतर याददाश्त के लिए स्वस्थ दिल :** एक अध्ययन के मुताबिक स्वस्थ दिल के लिए किया जाने वाला वर्कआउट, उम्र बढ़ने के साथ होने वाली याददाश्त हानि से भी बचाता है। अनुसंधानकताओं ने अ नुसंधान के दौरान पाया कि स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली धमनियों को लचीला बनाए रखने में मदद करती है। जिससे बाद के जीवन में संज्ञानात्मक क्षमताएं संरक्षित रहती हैं।

**क्या है दिल और दिमाग का संबंध :** दरअसल हमारे शरीर की धमनियां उम्र के साथ सख्त होती जाती हैं। अतः दिमाग तक रक्त पहुंचाने से पहले दिल तक जाने वाली महाधमनी तक रक्त पहुंचाने वाली नलिका भी कठोर होने लगती है। अनुसंधनकर्ता के अनुसार जिन वयस्कों की महाधमनियां बेहतर स्थिति में होती है और जो शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं अनका दिमाग और याददश्त भी बेहतर होते हैं। अध्ययन मुख्य रूप से इस बात की ओर इशारा करते हैं कि जितनी जल्दी लोग जीवनशैली में बदलाव लाएंगे, उन्हें बुढ़ापे में दिमाग से जुड़ी बीमारी डिमेंशिया होने की संभावना भी काफी हद तक कम होगी। डिमेंशिया से लाखों लोग बच सकते हैं बशर्ते कि वे प्रतिदिन शारीरिक रूप से सक्रिय रहें, और शरीर व दिमाग़ तरोताजा और हेल्दी बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में एक्सरसाइज करें।

**भ्रामरी प्राणायाम :** ध्यान, प्राणायाम और व्यायाम से तनाव दूर होता है, आत्मविश्वास बढ़ता है, एकाग्रता बढ़ती है और मस्तिष्को को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, रक्त और पोषक तत्व मिल जाते हैं। इन सबसे याददाश्त बढ़ती है। भ्रामरी प्राणायाम याददाश्त के लिए अच्छा होता है। इसे करने से ऐसे हार्मोस निकलते हैं जो मस्तिष्क को शांत करते हैं।

**उष्ट्रासन :** उष्ट्रासन का अभ्यास करने पर रीढ़ से होकर गुजरने वाली स्त्रायु कोशिकाओं में तनाव पैदा होता है जिससे उनमें खून का संचार बढ़ जाता है और याददाश्त बेहतर होने लगती है। रोज़ाना तीन मिनट तक लगातार उष्ट्रासन करने से काफी फायदा होता है।

# आपकी त्वचा के लिए अमृत है पानी



पानी न केवल आपके शरीर के सभी अंगों को सही प्रकार कार्य करने में मदद करता है, बल्कि साथ ही साथ यह आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है।

## हाईड्रेशन

पर्याप्त मात्रा में पानी पीना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इससे पाचन क्रिया अच्छी रहती है, संचार सुचारू रहता है और अन्य कई स्वास्थ्य परेशानियों से भी हमारा बचाव होता है। लेकिन, क्या आप इस बात से वाकिफ हैं कि पानी हमारी त्वचा के लिए भी जरूरी होता है। आपके लिए इससे जुड़े कुछ सवालों के जवाब लेकर आए हैं। हम आपको बताऐंगे कि कैसे अपने शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी रखा जाए, ताकि त्वचा सुंदर और स्वस्थ बनी रहे।

## सारा दिन कम होता है पानी

हमें दिन भर नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। आखिर हमारे शरीर से लगातार पानी कम होता रहता है। यहां एक बात जानना और जरूरी है कि हम जो भी पानी पीते हैं वह त्वचा तक पहुंचने से पहले हमारे शरीर के अन्य अंगों तक पहुंच जाता है। तो, ऐसे में त्वचा का बाहर से खयाल रखना भी जरूरी होता है।

## डिहाइड्रेशन है खतरनाक

अगर त्वचा में पानी की अधिक कमी हो जाए, तो इससे वह रूखी, सख्त और पपड़ीदार हो जाती है। रूखी त्वचा पर झुर्रियां और अन्य प्रकार के नुकसान होने की आशंका अधिक होती है। तो, अपनी त्वचा को किसी प्रकार के नुकसान से बचाने के लिए जरूरी है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

## त्वचा को भी चाहिए पानी

शरीर के अन्य अंगों की तरह हमारी त्वचा को भी पानी की जरूरत होती है। हमारी त्वचा पानी से बनी कोशिकाओं से निर्मित होती है। शरीर के अन्य अंगों की तरह, हमारी त्वचा को भी सही प्रकार से काम करने के लिए पानी की जरूरत होती है।



## मॉश्चराइजर

अपनी त्वचा में नमी का जरूरी स्तर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि रोज रात को मॉश्चराइजर लगाकर सोएं। इससे आपकी त्वचा को अच्छा पोषण मिलेगा। केमिकल उत्पादों के उपयोग से बचें। स्वस्थ त्वचा के लिए कुदरती उत्पादों का उपयोग करना बेहतर रहेगा।

## एक्सफोइलेट और हाइड्रेट

आपको अपनी त्वचा को सिर्फ हाइड्रेट करने की ही जरूरत नहीं होती, बल्कि उसका रुखापन भी दूर करने की जरूरत होती है। साथ ही साथ आपको मृत कोशिकाओं को हटाना भी होता है। आप अपनी त्वचा पर मॉश्चराइजर लगाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। इससे आपकी त्वचा का रूखापन और क्रेक कम हो सकते हैं। अपनी त्वचा को स्वस्थ बनाये रखने के लिए इस क्रिया को नियमित रूप से दोहराया जाना जरूरी है।

## पोषण दें

रोजाना खूब पानी पिएं। इससे आपकी त्वचा में पानी की कमी नहीं होगी। इसके साथ ही आपको अपने आहार में भी बदलाव करने की जरूरत है। इसके लिए आपको खूब फल और सब्जियां खाने की जरूरत है। इससे आपकी त्वचा को जरूरी पोषण मिलेगा। प्रोसेस्ड और तैलीय भोजन का सेवन न करें। यह आपकी त्वचा के लिए अच्छा नहीं है।

## रूखी त्वचा का रखें ख्याल

अपनी त्वचा के रूखे हिस्सों पर आपको अधिक मेहनत करने की जरूरत होती है। अगर आपको एहसास हो कि आपकी त्वचा रूखी और खुजली वाली हो गयी है, तो उस पर आइंटमेंट अथवा क्रीम जरूर लगाएं। इससे आपकी त्वचा का रूखापन दूर होगा। पानी की पर्याप्त मात्रा और त्वचा की सही देखभाल से आप अपनी त्वचा को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं।

# रेसिपी

## ओपन बीन बर्गर



### सामग्री

**टॉपिंग के लिए**: 3/4 कप बेक्ड बीन्स, 1 टेबल-स्पून पिघला हुआ मक्खन, 1/2 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1/2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 2 टेबल-स्पून टमॅटो कैचप, 3/4 कप पकाई हुई स्पैगेटी, नमक स्वादअनुसार, 2 बर्गर बन्स, पिघला हुआ मक्खन, **लगाने के लिए**: 4 टेबल-स्पून व्हाईट सॉस, 4 टेबल-स्पून कसा हुआ प्रोसेस्ड चीज़

### विधि

**टॉपिंग के लिए**: एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में मक्खन गरम करें, प्याज़ और हरी मिर्च डालकर, मध्यम आंच पर 1-2 मिनट तक भून लें। बेक्ड बीन्स् और टमेटो कैचप डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर 1 मिनट तक पका लें। स्पैगटी डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच में हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक पका लें। नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच में हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक पका लें। टॉपिंग को 4 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें। **आगे बढ़ने की विधी**: ब्रेड बन्स् को 2 तिरछे भाग में काट लें। प्रत्येक ब्रेड बन के बीच के भाग को निकाल लें और प्रत्येक आधे भाग पर थोड़ा पिघला हुआ मक्खन लगाऐं। ब्रेड के आधे टुकड़ो को चुपड़ी हुई बेकिंग ट्रे पर रखकर, पहले से गरम अवन में 200°c (400°f) के तापमान पर 10 मिनट तक बेक कर लें। बर्गर बन को टॉपिंग के एक भाग से भरकर, 1 टेबल-स्पून व्हाईट सॉस डालकर अंत में 1 टेबल-स्पून चीज़ छिड़के। विधी क्रमांक 4 को दोहराकर 3 और ओपन बर्गर बना लें। तुरंत परोसें।

## क्रिमी टमेटो स्पैगटी



### सामग्री

1/2 कप फ्रेश क्रीम, 1 कप हल्के उबले और कटे हुए टमाटर, 1/2 कप सन-ड्राईड टमेटोज, 7 से 8 किलो चैरी टमाटर, 3 कप पकाई हुई स्पैगटी, 1 टेबल-स्पून जैतून का तेल, 1 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ लहसुन, 1 टी-स्पून सूखी लाल मिर्च के फ्लैक्स, नमक स्वादअनुसार, 4 टेबल-स्पून कसा हुआ प्रोसेस्ड चीज़, ताजी पिसी काली मिर्च, स्वादअनुसार, **सजाने के लिए**: 2 टेबल-स्पून कसा हुआ प्रोसेस्ड चीज़, **परोसने के लिए**: गार्लिक ब्रेड

### विधि

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में जैतून का तेल गरम करें, लहसुन डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भुन लें। चिली फ्लैक्स, टमाटर और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए 3 से 4 मिनट तक पका लें। सन-ड्राईड टमेटोज़, चैरी टमाटर, चीज़, फ्रेश क्रीम, स्पैगटी और काली मिर्च पाउडर डालकर हल्के हाथों मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए, 2 मिनट के लिए पका लें। चीज़ से सजाकर गार्लिक ब्रेड के साथ तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**